GORAKHPUR POLICE

# सराहनीय कार्य दिनांक:-06-06-2024

# वकील को जान से मारने की धमकी, केस

**गोला(एसएनबी)।** स्थानीय पुलिस ने खिरकिटा दुबे गांव के एक युवक के विरुद्ध मारपीट व धमकी आदि की धाराओं में केस दर्ज किया है तथा गिरफ्तारी के लिए उसकी तलाश कर रही है। बीते रविवार को खिरकिटा रि गांव के अधिवक्ता अजय कुमार शर्मा ने तहरीर के माध्यम से बताया था कि मे गोरखपुर दिवानी कचहरी में प्रैक्टिस करते हैं,जिस वजह से रोज आते जाते हैं।बीते दशहरा पर्व के दौरान गांव के दूसरे टोले के कुछ लड़कों से कहासुनी हो गई थी।जिसकी वजह से उस टोले का सत्यम हमारे गांव के लोगों से रंजिश रखता है। वह आपराधिक छवि का व्यक्ति है उसके विरुद्ध अनेक मुकदमें दर्ज हैं तथा वह एक गैंग भी चलाता है जिसके सदस्यों के साथ मिलकर गांव वालों को मारता पीटता है।तथा शाम को गांजा व शराब पीकर आपराधिक घटनाओं को अंजाम देता है।उसे अंदेशा है कि मैं गांव वालों की पैरवी करता हूं।जिससे वह मुझसे रंजिश रखता है। सुबह वह प्राथमिक विद्यालय के पास मिल गया तथा गाली देते हुए जान से मारने की धमकी देते हुए दौड़ा लिया,वहां से भाग कर किसी तरह से जान बचाई।इस मामले में पुलिस ने धारा 504,506,352 के तहत केस दर्ज कर जांच शुरू कर दिया है।

# परिजनों को मिली चार चार लाख की मदद

**गोरखपुर (एसएनबी)।** विगत एक जून को चिलुआताल में नहाने गए तीन युवक क्रमशः आकाश पासवान पुत्र कोईल पासवान, प्रशांत तिवारी उर्फ राजू तथा प्रमोद साहनी पुत्र रमेश साहनी की मृत्यु पानी में डूबने के कारण हो गई।

■ नहाने के दौरान डूब गये थे किशोर

राज्य सरकार द्वारा पानी में डूबने से हुई मृत्यु को आपदा घोषित किया गया है। मुख्य चिकित्सा अधिकारी के माध्यम से कराए गए पोस्टमार्टम रिपोर्ट के आधार पर मृतक के वारिसानों को राज्य आपदा मोचक निधि की गाइडलाइन के अनुसार चार-चार लाख रुपये की अहेतुक सहायता वितरित की गई। मुख्यमंत्री के निर्देशानुसार मृतक प्रशांत तिवारी उर्फ राजू की माता श्रीमती बिंदु देवी को चार लाख, मृतक प्रमोद साहनी के पिता रमेश साहनी को 4 लाख तथा मृतक आकाश पासवान की माता श्रीमती सीता देवी को 4 लाख की अहैतुक सहायता प्रदान किया गया। अहैतुक सहायता का प्रमाण पत्र मुख्यमंत्री के निर्देश पर पुराना गोरखपुर के पार्षद पवन त्रिपाठी के द्वारा मृतक के परिजनों को दिया गया तथा परिजनों से संवेदना व्यक्त की गई।

# जमीन का पट्टा कराने के नाम पर राजस्व निरीक्षक ने ले लिए 20 हजार रुपये

जासं, हरपुर-वुदहट : थाना क्षेत्र के जिगीना निवासी संतोष कुमार से जमीन का पट्टा कराने के नाम पर राजस्व निरीक्षक समेत दो लोगों ने 20 हजार रुपये ले लिए। उपजिलाधिकारी सहजनवां के निर्देश पर आरोपित जांच करने गया था। पट्टा नहीं होने पर पीड़ित ने रुपये मांगे तो आरोपितों ने धमकी व गाली देते हुए भगा दिया। कोर्ट के आदेश पर बुधवार को हरपुर-बुदहट पुलिस ने सहजनवां तहसील के राजस्व निरीक्षक मकसूद अली, रामनगर सूरस निवासी सच्चिदानंद उर्फ गोलू राय के विरुद्ध केस दर्ज किया।

जिगीना के संतोष ने कोर्ट में बताया कि 20 नवंबर 2020 को उसने पुश्तैनी खपरैल का घर गिरने के बाद उसे बनवा रहा था। इस दौरान लेखपाल नासिर हुसैन ने थाने पर फोन कर काम बंद करवा दिया। इसके बाद उन्होंने उपजिलाधिकारी सहजनवां से मिलकर बताया। इस पर उपजिलाधिकारी ने राजस्व निरीक्षक मकसूद अली को जांच के लिए भेजा। मौके पर जाने के बाद राजस्व निरीक्षक ने बताया कि यह मकान नवीन परती में बन रहा है। इसका पट्टा करवा लो। इसके बाद मकसूद व गोलू राय ने पट्टा करने के नाम पर 20 हजार रुपये लिए, लेकिन काम नहीं किया।

# मोहल्ले में खुल रही शराब की दुकान, विरोध में उतरीं महिलाएं



शराब की दुकान खुलने के विरोध में प्रदर्शन करती महिलाएं • जागरण

जागरण संवाददाता, गोरखपुर : मोहल्ले में देसी शराब की दुकान खुलने से वार्ड नंबर 18 के लोग आक्रोशित हैं। दुकान को दूसरी जगह शिफ्ट करने की मांग को लेकर बुधवार की दोपहर में महिलाओं ने प्रदर्शन किया।

दोपहर में नीना थापा स्कूल के पास सैकड़ों महिलाएं सड़क पर उतरकर नारेबाजी करने लगीं। आबकारी विभाग होश में आओ जिला प्रशासन मुर्दाबाद के नारे लगा रहीं महिलाओं के समर्थन में आसपास के लोग भी खड़े हो गए। उनका कहना था कि मोहल्ले में शराब की दुकान खुलने के बाद विरोध शुरू हुआ तो बताया गया कि कुछ दिन में निर्णय हो जाएगा, लेकिन अधिकारियों ने संज्ञान नहीं लिया। जहां पर शराब की दुकान खोली जा रही है उसके आसपास स्कूल व कालेज हैं। जिला आबकारी अधिकारी महेंद्रनाथ सिंह ने बताया कि मामले की जानकारी है। आबादी व स्कूल से दूर दुकान खोलने का निर्देश अनुज्ञापी को दिया गया है।

# पीड़ित परिवारों को दी आर्थिक सहायता

गोरखपुर : चिलुआताल में एक जून को नहाने गए तीन युवकों आकाश पासवान, प्रशांत तिवारी, प्रमोद साहनी की डूबने से मृत्यु पर जिला प्रशासन की ओर से बुधवार को पीड़ित परिवारों को चार-चार लाख रुपये की आर्थिक सहायता दी गई। पोस्टमार्टम के आधार पर मृतक के वारिसानों को राज्य आपदा मोचक निधि गाइडलाइन के अनुसार यह अहेतुक सहायता वितरित की गई। -विज्ञप्ति

# फर्जीवाड़ा और धमकी देने का केस दर्ज

गोरखपुर। गोरखनाथ क्षेत्र के रामपुर नया गांव निवासी सोहन विश्वकर्मा ने बताया कि पिता की मौत के बाद 51 एयर जमीन उनके और पांच भाईयों के नाम 2023 में दर्ज हो गई। आरोप है कि राजेंद्र नगर निवासी शशिभूषण शुक्ला व चन्द्रमणि त्रिपाठी ने इस जमीन को फर्जी ढंग से अपने नाम से बैनामा लिखवा करवा लिया है। आरोप है कि दो जुलाई 2023 को आरोपियों ने धमकी दी कि जमीन से कब्जा छोड़ दो वरना हत्या करवा देंगे। कोर्ट के आदेश पर पुलिस ने फर्जीवाड़ा करने और धमकी देने का केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

# कोतवाली थाने की बैरक को बनाएंगे धरोहर, रकम जारी

शिवम सिंह

- परमहंस योगानंद का जन्म इसी बैरक में हुआ था, शुरु हुई पहल
- पर्यटन विभाग ने पुलिस को पत्र भेज मांगी 460 वर्गमीटर जमीन

गोरखपुर। दुनिया में क्रिया योग को बढ़ावा देने वाले परमहंस योगानंद की जन्मस्थली के रूप में कोतवाली थाने की बैरक को विरासत बनाने की तैयारी है। पर्यटन विभाग ने पुलिस को पत्र भेजकर बैरक की भूमि मांगा है, ताकि वहां पर निर्माण काम शुरू कराया जा सके। निर्माण के लिए शासन से धन भी आ गया है और पर्यटन विभाग भवन हैंडओवर होने के इंतजार में है। हालांकि, पुलिस भी इसे खुद के लिए महत्वपूर्ण बताते हुए 1906 से ही काबिज होने की दलील दे रही है।

परमहंस योगानंद का जन्म शहर के कोतवाली क्षेत्र के मुफ्तीपुर में पांच जनवरी 1893 को हुआ था। यहीं पर उनके पिता भगवती चरण घोष सपरिवार किराए के मकान में रहते थे। पर्यटन विभाग बैरक को ही वह मकान बता रहा है, जिसमें योगानंद का जन्म हुआ। धरोहर के रूप में इसे विकसित करने के लिए योजना तैयार कराने के साथ ही बजट का आवंटन भी हो चुका है। इन सबके बीच में पत्राचार कर भवन की मांग की गई है। पुलिस विभाग इसे खुद के लिए महत्वपूर्ण बताकर बचाने की कोशिश में भी लगा है। एसएसपी डॉ. गौरव ग्रोवर ने बताया कि पर्यटन विभाग की ओर से पत्र आया है। बैरक के बारे में जानकारी लेकर पत्र का जवाब भेजा जाएगा।



कोतवाली थाने में पुलिस बैरक। यहीं हुआ था परमहंस योगानंद का जन्म।

## पिता की कंपनी के नाम पर पड़ा घोष कंपनी नाम

योगानंद के पिता ने ही उस समय सरकारी कार्यों में आपूर्ति व ठेके के संबंध में कुछ बंगालियों के साथ मिलकर घोष कंपनी बनवाई थी और उसी नाम से आज भी गोरखपुर में घोष कंपनी चौराहा मशहूर है। परमहंस योगानंद के जीवन के प्रथम आठ वर्ष यहीं व्यतीत हुए। उनके पिता रेलवे के प्रथम जनरल मैनेजर होने के साथ ही पीडब्ल्यूडी व कई विभागों के मुखिया भी थे।

## क्रिया योग के जनक हैं योगानंद

क्रिया योग को ईश्वर से साक्षात्कार का प्रभावी तरीका मानने वाले योगानंद ने भारतीय योग दर्शन के प्रसार के लिए अमेरिका में 'सेल्फ रियलाइजेशन फेलोशिप' का गठन किया और बाद में भारत में योगदा सत्संग सोसाइटी बनाई। ऑटोबायोग्राफी ऑफ योगी (हिंदी में योगी कथामृत) उनकी सबसे ज्यादा पढ़ी जाने वाली किताब है, जिसका अनुवाद कई भाषाओं में हुआ।

# खनन माफिया पर रंगदारी का आरोप सीएम से शिकायत

गोरखपुर। खनन कराने के बदले खनन माफिया पर रंगदारी मांगने का आरोप लगा है। आरोप है कि एक लाख रुपये महीने देने का दबाव बनाया जा रहा है। पीड़ित ने सीएम पोर्टल पर शिकायत दर्ज कराई है। जिसके बाद एसपी नार्थ ने जांच का निर्देश दिया है। इसके पहले गीडा की ओर से भी औद्योगिक क्षेत्र में अवैध खनन को लेकर पत्र भेजा गया था, जिसकी जांच चल रही है।

गीडा के बड़गहन निवासी सुग्रीव यादव ने सीएम को प्रार्थना पत्र भेजकर शिकायत की है। मिट्टी का पट्टे का काम डीएम व खनन विभाग के अधिकारियों के अनुमोदन से मिला है। इसके बाद वह मिट्टी के पट्टे का कार्य सुचारू रूप से कर रहा है। 16 मई की रात में लगभग 11 बजे आकर गाली देने लगा।

# परिजनों को चार-चार लाख का मुआवजा

गोरखपुर। चिलुआताल इलाके में नहाने के दौरान तीन दोस्तों की मौत हो गई थी। सीएम के निर्देश पर परिजनों को चार-चार लाख रुपये की आर्थिक मदद दी गई है। एक जून को चिलुआताल में नहाने गए आकाश पासवान पुत्र कोईल पासवान, प्रशांत तिवारी उर्फ राजू पुत्र कृपा तिवारी तथा प्रमोद साहनी पुत्र रमेश साहनी की डूबने से मौत हो गई थी। सीएमओ के माध्यम से कराए गए पोस्टमार्टम रिपोर्ट के आधार पर मृतक के परिजनों को राज्य आपदा मोचक निधि गाइड लाइन के अनुसार चार-चार लाख रुपये दिए गए। मृतक प्रशांत के पिता रमेश साहनी व आकाश पासवान की माता सीता देवी को चार-चार लाख रुपये का चेक दिया गया। इस दौरान पार्षद पवन त्रिपाठी भी मौजूद रहे।

# DEORIA POLICE

# सराहनीय कार्य दिनांक:- 06-06-2024

S

# धारदार हथियार से हमला, 10 नामजद समेत 30 पर केस

**तरकुलवा(एसएनबी)।** स्थानीय थाना क्षेत्र के परासखाड़ गांव में मंगलवार की शाम में पेड़ की डाली काटने को लेकर दो पक्षों में विवाद के बाद जमकर मारपीट हो गई। दोनों तरफ से धारदार हथियार से हमला हुआ। इसमें दोनों ओर के नौ लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। सूचना पर पुलिस ने घायलों को तरकुलवा सीएचसी भेजवाया। जहां कुछ की हालत गंभीर देख डाक्टरों ने महर्षि देवरहा बाबा मेडिकल कालेज देवरिया रेफर कर दिया। उधर पुलिस ने देर रात में दोनों तरफ के कुल 10 नामजद समेत 30 लोगों के खिलाफ बलवा, मारपीट, जानमाल की धमकी सहित कई गंभीर धाराओं में केस दर्ज कर कार्रवाई में जुट गई है।

## परासखाड़ गांव में पेड़ की डाली काटने पर हुआ विवाद

रामपुर कारखाना थाना क्षेत्र के नौतन हथियागढ़ गांव निवासी श्रीराम यादव की थाना क्षेत्र के परासखाड़ गांव में नेवासा की जमीन है। उनका पड़ोस के श्रीकांत यादव से काफी दिनों से जमीनी विवाद चलता है। मंगलवार की शाम में श्रीराम यादव अपने खेत के किनारे पेड़ की डालियों की छंटाई करवा रहे थे। इस बीच बगलगीर श्रीकांत यादव से उनका विवाद हो गया। दोनों ओर से जमकर मारपीट शुरु हो गई और धारदार हथियार से हमला होने लगा। जिसमें कई लोगों को गंभीर चोटें आईं। इस मामले में पुलिस ने एक पक्ष के परमेश्वर यादव की तहरीर पर विजय प्रताप यादव, दशरथ यादव, ष्णमोहन यादव, अरुण यादव अंकुश यादव व श्रीकांत यादव के खिलाफ धारा 147, 148, 323, 324, 504 के तहत मुकदमा दर्ज किया है। वहीं दूसरे पक्ष के श्रीकांत यादव की तहरीर पर श्रीराम यादव, प्रेम यादव, परमेश्वर यादव, छोटेलाल व 20 अज्ञात लोगों के खिलाफ धारा 147, 148, 149, 323, 324, 504 व 506 के तहत मुकदमा दर्ज किया है।

थाना प्रभारी संतोष कुमार सिंह ने बताया कि दस नामजद लोगों समेत 30 लोगों पर केस दर्ज कर गिरफ्तारी के लिए दबिश दी जा रहीं है।

# डीजे बजाने को लेकर मारपीट, केस दर्ज

**रुद्रपुर (एसएनबी)।** स्थानीय तहसील क्षेत्र के ग्राम बौरडीह निवासी विकास भारती पुत्र रामभरोसा भारती ने रुद्रपुर कोतवाली पुलिस को दिये तहरीर में कहा कि 2 जून को अपना डीजे लेकर ग्राम गाजीपुर भैंसही में गया था। रात 10 बजे के करीब डीजे पर अश्लील गीत बजाने की बात को लेकर ग्राम गाजीपुर भैंसही निवासी आधा दर्जन लोगों ने गाली देते हुए लाठी डण्डा से मारपीट कर घायल कर दिया। विरोध करने पर जानमाल की धमकी देते हुए भाग निकले। इस मामले में पुलिस ने पप्पू ऊर्फ विपिन पुत्र जयराम, मनोज पुत्र रामजीत, रामानन्द पुत्र जयनाथ, अखिलेश पुत्र महेन्द्र निवासी गाजीपुर भैंसही के खिलाफ मारपीट की धारा 323, 504, 506 के तहत मुकदमा दर्ज किया है।

# जीत का जश्न मनाने जा रहे समर्थकों को पुलिस ने रोका

**लार(एसएनबी)।** प्रशासन के आदेशानुसार जीत के परिणाम के बाद किसी भी



तरह का जुलूस निकालने पर मनाही है। बुधवार को लार के पिपरा चौराहे से जीत के जश्न का जुलूस निकालने की तैयारी चल रही थी। इसकी भनक पुलिस को लगते ही पुलिस ने नियमों का हवाला देते हुए जुलूस निकालने से मना कर दिया। जिससे कुछ कार्यकर्ताओ में निराशा छा गई और उन्हें अपने घर वापस लौटना पड़ा। प्रशासन ने किसी भी तरह के जुलूस आदि निकालने पर फिलहाल पाबन्दी जारी की है। इसी के मद्देनजर पुलिस ने जुलूस आदि नहीं निकालने दिया।

# नाबालिग को अगवा करने का आरोपी हुआ गिरफ्तार

महुआडीह, हिन्दुस्तान संवाद। थाना क्षेत्र के एक गांव से एक सप्ताह पहले पड़ोसी जिले के रामकोला निवासी एक युवक नाबालिग लड़की को बहला फुसलाकर कर भगा ले गया। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू किया।

महुआडीह थाना क्षेत्र के एक गांव निवासी किशोरी की मां ने मंगलवार को महुआडीह पुलिस को तहरीर दिया कि कुशीनगर जिले के रामकोला निवासी एक युवक की रिश्तेदारी महुआडीह क्षेत्र में है, जिसके चलते वह गांव में आता रहता है। एक सप्ताह पहले उसकी नाबालिग बेटी को बहला फुसलाकर कर घर से भगा ले गया। इस बात की जानकारी अगले दिन उन्हें हुई। काफी खोजबीन के बाद भी बेटी का कहीं पता नहीं चला। बुधवार को महुआडीह पुलिस युवक को दूसरे जिले से गिरफ्तार कर लिया। वहीं लिखा पढ़ी के बाद किशोरी को उसके परिजनों को सौंप दिया गया। पुलिस युवक के खिलाफ धारा संख्या 363, 366 के तहत केस दर्ज कर लिया। उसकी पहचान कुशीनगर जिले के रामकोला थाना क्षेत्र के मोहम्मद नबी हसन पुत्र नसीर निवासी देवरिया बाबू जोलहा पट्टी के रूप में हुई।

## नाबालिग को अगवा करने का केस

देवरिया।सदर कोतवाली क्षेत्र के एक गांव निवासी महिला ने तहरीर दिया कि 3 जून की रात साढ़े आठ बजे उनकी 13 वर्षीय बेटी को एक युवक जबरन लेकर फरार हो गया है। बभनी में किराये के मकान में रहने वाले लड़के के माता-पिता से पूछने पर वह हीलाहवाली करते हैं। पुलिस ने बभनी निवासी सूरज वर्मा के खिलाफ अगवा करने का केस दर्ज किया है।

## लड़की को अगवा करने पर पुलिस ने दर्ज किया केस

देवरिया। सदर कोतवाली क्षेत्र के एक गांव निवासी दो सगी बहने एक प्रशिक्षण केन्द्र में पढ़ती थी। 13 मई को दोनों बहने सेंटर में पढ़ने गयी, इस दौरान बड़ी बेटी ने अपने पिता को फोन कर बताया कि छोटी बहनें बस्ता रखकर घर जा रही है, लेकिन वह शाम तक नहीं पहुंची। काफी खोजबीन के बाद भी उसका पता नहीं चला। बाद में जानकारी हुआ कि गांव का ही एक लड़का लड़की से फोन पर बातें करता था और उसी दिन से वह भी गायब है। पुलिस ने कुलदीप कुमार नामक युवक के खिलाफ केस दर्ज किया है।

# ठोकर मारने वाले चालक पर मुकदमा

देवरिया। सदर कोतवाली पुलिस ने ठोकर मारकर बच्ची को गंभीर रूप से घायल करने वाले बोलरों के खिलाफ केस दर्ज किया है। शहर के डीएम आवास तिराहा निवासी मनोज यादव ने पुलिस को तहरीर दिया कि तीन जून की शाम को ठेले से फेरी लगा घर लौट रहा था। इस दौरान तेज गति से आ रही एक बोलेरो ने ठोकर मार दिया। इसमें उनकी बेटी गुंजा गंभीर रूप से घायल हो गयी। उसे पहले मेडिकल कालेज की इमरजेंसी में भर्ती कराया गया, जहां हालत गंभीर देख डाक्टर ने बीआरडी मेडिकल कालेज रेफर कर दिया।

# पौधारोपण कर पर्यावरण संरक्षण पर जोर

## विश्व पर्यावरण दिवस पर विविध कार्यक्रम, निकाली गई रैली, जगह-जगह लगाए पौधे



बीएसए परिसर में पौधारोपण करतीं बीएसए शालिनी श्रीवास्तव ● सौ.विभाग



शहर के न्यू कालोनी में पर्यावरण के प्रति जागरूकता रैली निकालतीं छात्र- छात्राएं व वन विभाग के लोग ● जागरण

जागरण संवाददाता, देवरिया: विश्व पर्यावरण दिवस के उपलक्ष्य में बुधवार को विविध कार्यक्रम आयोजित किए गए। रैली निकालकर लोगों को पर्यावरण के प्रति जागरूक किया गया। प्लास्टिक का प्रयोग बंद करने की अपील की गई। पर्यावरण बचाने के लिए शपथ भी दिलाई गई।

शहर के गुरुकुल मिशन स्कूल के बच्चों ने रैली निकाली। संस्था अध्यक्ष बी तिवारी ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। आसपास के गांवों में जाकर लोगों को पर्यावरण के प्रति जागरूक किया। कहा कि वर्तमान समय में बढ़ते प्रदूषण व लोगों के स्वास्थ्य की रक्षा सिर्फ पर्यावरण को शुद्ध व संरक्षित कर ही किया जा सकता है। आम, पीपल, नीम, पाकड़, बरगद आदि के पौधे बांटे गए। प्रधानाचार्य संतोष मिश्र रमेश त्रिपाठी, सुशील तिवारी, संतोष दिक्षित आदि मौजूद रहे।

बीएसए कार्यालय परिसर में बीएसए शालिनी श्रीवास्तव ने पौधारोपण किया। उन्होंने पौधे रोपने के साथ ही पर्यावरण बचाने पर जोर दिया। इस मौके पर जयशंकर श्रीवास्तव, अंकित मिश्र, महेंद्र मिश्र, संतोष पांडेय आदि मौजूद रहे।

शहर के न्यू कालोनी स्थित पंडित दीनदयाल उपाध्याय पार्क में वन विभाग की तरफ भूमि पुनर्स्थापन, मरुस्थलीकरण और सूखा समुत्थानशक्ति विषय पर गोष्ठी का आयोजन किया। संत विनोबा डिग्री कालेज व आइ कैट के छात्र-छात्राओं ने प्रतिभाग किया। डीएफओ आर जगदीश ने हरी झंडी दिखाकर जागरूकता रैली की शुरुआत की, जो न्यू कालोनी, छोटा पार्क व जलकल रोड होते हुए पुनः पार्क मे आकर समाप्त हुई।

एसडीओ अनुपम मौर्य ने कहा कि कागज व प्लास्टिक का कम उपयोग कर पर्यावरण को संरक्षित कर सकते हैं। उन्होंने संकल्प दिलाते हुए कहा कि प्लास्टिक का प्रयोग बंद करना होगा। पेड़ों को कटने से बचाना होगा। छात्र-छात्राओं में पौधे वितरित किए गए। इस मौके पर उपप्रभागीय निदेशक देवेन्द्र सिंह यादव, अर्चना फाउंडेशन के ट्रस्टी हिमांशु सिंह, वन क्षेत्राधिकारी अनुपम मौर्य, डा.कृष्ण मुरारी गुप्ता आदि मौजूद रहे।युवक मंगल दल व स्वामी विवेकानंद युवा वेलफेयर सोसाइटी बरनई बैतालपुर के तत्वावधान में पौधारोपण किया गया। इस मौके पर अध्यक्ष विकास यादव, अजीत यादव, नकुल राजभर आदि मौजूद रहे। डायट परिसर में गोष्ठी का आयोजन किया गया। प्राचार्य अनिल कुमार ने प्रकृति का संरक्षण चुनौती बना है। इस मौके पर आदर्श सिंह, डा.परशुराम, डा.जितेंद्र, डा.सतीश मिश्र, अखिलेश राय आदि मौजूद रहे।

सोनूघाट संवाददाता के अनुसार, परसिया अजमेर में बाबा ब्रह्म स्थान परिसर में आंवला, आम, सागौन, नीम, पीपल, पाकड़ आदि के पौधे लगाए गए। गड़ेर, बारीपुर मंदिर, बैरोना, सोनूघाट में भी पौधे लगाए गए। मंदिर के पं. आपुतोष दुबे, पं.सुदामा मिश्रा, अवधेश दुबे, वीरबहादुर शर्मा आदि मौजूद रहे। एलपीएम कालेज आफ फार्मेसी पुरनाछापर में विश्व पर्यावरण दिवस पर जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

पर्यावरण को बचाने के लिए अपने आसपास पौधे लगाएं: बरहज: नगर के मोहन सिंह पार्क में बुधवार को विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर नगर पालिका अध्यक्ष श्वेता जायसवाल ने फलदार पौधे लगाए। उन्होंने कहा कि वातावरण को शुद्ध रखने के लिए हम सभी को पौधे अवश्य लगाने चाहिए। जिससे प्राकृतिक संतुलन बना रहे। इस मौके पर अधिशासी अधिकारी अनुपमा प्रताप, रमेश तिवारी अंजान व रामेश्वर यादव आदि मौजूद रहे।ने बताया कि आज के समय में लोग दिन प्रतिदिन कमजोर होते जा रहे हैं ।इसका मुख्य कारण है कि हम प्रकृति के अनुकूल काम कर रहे हैं। बीआरडीबीडी पीजी कालेज परिसर में प्राचार्य प्रो. शंभूनाथ तिवारी ने पौधे लगाए। इस मौके पर रविंद्र मिश्र, पवन यादव व मनोष श्रीवास्तव मौजूद रहे। लवरछी में सभासद अभिषेक सिंह व वन दारोगा ओमकार द्विवेदी ने पीपल, पाकड़ व बरगद के पौधे लगाए। इस मौके पर शंभू प्रसाद कुशवाहा आदि मौजूद रहे।

## पर्यावरण को संरक्षित करने को हर कोई आए आगे

जासं, देवरिया: शहर के राजकीय इंटर कालेज में भाजपा कार्यकर्ताओं द्वारा बुधवार को विश्व पर्यावरण दिवस पर कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें अमरूद, पाकड़, महोगनी के 11 पौधे लगाए गए। नगर पालिका अध्यक्ष अलका सिंह ने कहा कि पौधारोपण से पर्यावरण संतुलित होगा और वातावरण स्वच्छ होगा।पृथ्वी पर जीवन के लिए पौध आवश्यक है, पेड़ से हमें आक्सीजन के साथ-साथ खाद्य सामग्री देते हैं। पर्यावरण को संरक्षित करने के लिए सभी को आगे आना होगा और पौध लगाना होगा। भाजपा किसान मोर्चा के जिलाध्यक्ष पवन कुमार मिश्र ने कहा कि पौधारोपण अत्यंत पुनीत कार्य है, सभी के सहयोग से उत्तर प्रदेश हरा-भरा हो रहा है, पौधारोपण से आने वाले समय मे प्रकृति की रक्षा होगी और जन-जीवन व्यवस्थित होगा।प्रधानाचार्य प्रदीप कुमार शर्मा ने पौधरोपण कार्यक्रम मे उपस्थित लोगों के प्रति आभार प्रकट किया। अम्बिकेश पाण्डेय, सोनू, मनीष सिंह,



राजकीय इंटर कालेज में पौधारोपण करती नगर पालिका अध्यक्ष अलका सिंह, बगल मे प्रधानाचार्य प्रदीप शर्मा ● जागरण

रमेश सिंह, विश्राम प्रसाद, धीरेंद्र कुमार, परशुराम शर्मा, वर्षा चौरसिया, खुशबू मिश्रा, विजय शंकर कुशवाहा, रामदास मिश्रा, नवीन सिंह, धनुषधारी मणि, मयंकेश्वर मौजूद रहे। 49 बटालियन एनसीसी की तरफ से भी पौधारोपण किया गया।कमान अधिकारी ले.कर्नल एके सिंह एवं प्रशासनिक अधिकारी ले.कर्नल टीबी थापा के निर्देश पर एसएसबीएल इंटर कालेज, महाराजा अग्रसेन इंटर कालेज, देवरिया भरोसा घर इंटर कालेज, एसएएआइसी गनियारी, बाहर सिंह श्रीनेत इंटर कालेज, सतासी इंटर कालेज, जगत नादरायण ब्रह्मदेव इंटर कालेज में भी पौधारोपण किया गया। दीवानी कचहरी परिसर में भी अधिवक्ताओं ने पर्यावरण संरक्षण का संकल्प लिया।अधिवक्ता मनोज मिश्र ने पौधों का वितरण किया। बार एसोसिएशन के पूर्व अध्यक्ष सुभाष चन्द राव ने कहा कि पर्यावरण का संकट गहराता जा रहा है।पेड़ों की कटाई बेतहाशा हो रही है।पौधे लगाए तो जाते है, लेकिन उनकी सुरक्षा नहीं हो पाती, इसपर विचार करने की आवश्यकता है। अब हर परिवार के सदस्यों को चाहिए कि एक-एक पौधे लगाएं। श्रीराम तिवारी, रामजी चौहान, राजेन्द्र जायसवाल, रवि प्रकाश कुशवाहा, प्रेम प्रकाश श्रीवास्तव आदि मौजूद रहे।

# चार के विरुद्ध मुकदमा दर्ज

जासं,तरकुलवा: क्षेत्र के महुआपाटन की रहने वाली रुबी खातून ने पुलिस को तहरीर दी है। आरोप लगाया है कि उनकी बकरी गायब कर दी गई थी ।जब वह पूछताछ करने गई तो उनके साथ कुछ लोगों ने मारपीट की ।इस मामले में पुलिस ने फरा आलम, रउफालम, सजरी तथा अफसाना के विरुद्ध मुकदमा दर्ज किया है।

# डीजे की आवाज कम करने को लेकर मारपीट, केस दर्ज

जासं,रुद्रपुर: क्षेत्र के गाजीपुर भैसंही में डीजे की आवाज धीरे करने को लेकर हुए मारपीट के मामले में पुलिस ने चार लोगों के विरुद्ध मुकदमा दर्ज किया है। रुद्रपुर के बौरडीह के विकास भारती का आरोप है कि मैं गाजीपुर भैंसही गांव में डीजे बजाने गया था। इसी दौरान तेज आवाज की बात को लेकर मारपीट कर घायल कर दिया। पुलिस ने गाजीपुर भैसंही गांव के पप्पू उर्फ विपिन, मनोज , रामानंद और अखिलेश के विरुद्ध मारपीट का मुकदमा दर्ज किया है।

# KUSHINAGAR POLICE

5

# सराहनीय कार्य दिनांक:- 06-06-2024

# दुष्कर्म के आरोपी को किया गिरफ्तार

कुशीनगर। जटहां बाजार पुलिस ने अपहरण व दुष्कर्म से सम्बन्धित वांछित अभियुक्त बालेश्वर कुशवाहा निवासी भरटोली कटाई भरपुरवा थाना जटहां बाजार को गिरफ्तार कर लिया। गिरफ्तार करने वाली टीम में दरोगा प्रेमनारायण सिंह व सिपाही संदीप यादव शामिल रहे।

# चार स्थानों पर वृहद कार्यक्रम, किया पौधरोपण

**पडरौना, निज संवाददाता।** विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर बुधवार को पर्यावरण के प्रति आम लोगों को जोड़ने के लिए वन विभाग के तत्वावधान में जनपद के चार प्रमुख स्थानों पर वृहद कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। इस दौरान जनपद में पौधरोपण कर लोगों को पौधरोपण समेत पर्यावरण संरक्षण का संकल्प दिलाया गया। आगामी जुलाई महीने में आयोजित पौधरोपण सप्ताह के तहत वर्षाकाल-2024 पौधरोपण के लिए जनपद का लक्ष्य 37,80,012 है, जिसमें वन विभाग का 1076152 पौधा एवं अन्य विभाग के लिए 2703860 पौधरोपण का लक्ष्य निर्धारित है।

जिला विधिक सेवा प्राधिकरण कुशीनगर के तत्वावधान में जनपद न्यायाधीश/अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण कुशीनगर की अध्यक्षता में पौधरोपण व जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर सुनील कुमार यादव, ज्योत्सना सिंह, शैलेन्द्र मणि त्रिपाठी, विजय कुमार वर्मा, शान्तनु तंवर, अजीत कुमार मिश्र के अलावा स्थायी लोक अदालत की सदस्य गीता त्रिपाठी, डॉ. दीपाली सिन्हा, महामंत्री अभयानन्द दीक्षित, नीरज तिवारी, केके मिश्र, आशीष पाण्डेय, शरद पाण्डेय, विन्ध्यवासिनी प्रकाश त्रिपाठी, विवेकानन्द मिश्र, अखिलेश तिवारी, मुकेश चन्द्र पाण्डेय, दीपक शुक्ल, अजय पाण्डेय, अरविन्द मणि त्रिपाठी, शिवदेव सागर, संजय, राजकुमार वर्मा, प्रदीप झा, विजय कुमार मिश्र, अमरनाथ यादव, रविन्द्र नाथ, मारकण्डेय यादव, प्रभागीय वनाधिकारी वरुण सिंह आदि उपस्थित रहे। विश्व पर्यावरण दिवस पर बीएसए कार्यालय परिसर में जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी डॉ. रामजियावन मौर्य ने पौधरोपण किया। जिला व्यायाम शिक्षक अनिल मिश्र, जिला स्काउट मास्टर नीरज बंका आदि उपस्थित रहे।



जिला एवं सत्र न्यायालय परिसर में पौधरोपण करते जिला जज, । • हिन्दुस्तान

कसया तहसील के बेलवा रामजस और बेलवा दुर्गा राय में सामाजिक कार्यकर्ता शालिग्राम त्रिवेदी ने पीपल, बेल, आम, गूलर, पाकड़ आदि पौधों का रोपण किया गया। गिरजा शंकर गुप्ता, महंत राम आधार दास, चुन्नू द्विवेदी, शिवम, सुधांशु, विभूति दुबे, कृष्ण मुरारी शर्मा, धीरज गुप्ता आदि उपस्थित रहे।

गीता इंटरनेशनल पब्लिक स्कूल में प्रधानाचार्या डॉली टीके, बॉर्डर सिक्योरिटी फोर्स के एसआई रामवीर सिंह तथा अन्य बॉर्डर सिक्योरिटी फोर्स के जवानों ने पौधरोपण किया। बॉर्डर सिक्योरिटी फोर्स के एसआई रामवीर सिंह एवं अन्य जवानों ने विद्यालय परिसर में पौध रोपण किया और आने वाले दिनों में विश्व को दूषित होने से बचने का शपथ ली। गोस्वामी तुलसी दास इंटरमीडिएट कॉलेज पडरौना में पौधरोपण पर वृहद कार्यक्रम हुआ।

हाटा रेंज के एएनवीडी सीनियर सेकेण्ड्री स्कूल मोतीपाकड़ में स्वच्छता कार्यक्रम व पौधरोपण के साथ संगोष्ठी का आयोजन किया गया। शिक्षक-शिक्षिकाओं, बच्चों व बुजुर्गों द्वारा मौलश्री, आम, बकैन व अमरूद्ध के पौधों का रोपण किया गया। कसया रेंज के दीवानी न्यायालय कसया में संजय कुमार न्यायिक मजिस्ट्रेट कसया, मयंक प्रकाश सीनियर सिविल डिवीजन कसया, अंशुमान सिविल जज आंतरिक प्रथम, शशि किरण आदि ने पौधरोपण किया। तमकुही रेंज के सरस्वती ज्ञान मंदिर इंटरमीडिएट कॉलेज सेवरही में पौधरोपण किया गया।

# पॉक्सो एक्ट के आरोपी की जमानत याचिका निरस्त

अदालत से

**पडरौना।** नाबालिग लड़की को शादी का झांसा देकर बहला फुसलाकर भगाने के मामले में आरोपी की जमानत याचिका कोर्ट ने बुधवार को निरस्त कर दी।

हाटा कोतवाली क्षेत्र के एक गांव निवासी व्यक्ति ने बीते 16 फरवरी को पुलिस तो तहरीर देकर बताया कि था कि एक युवक उनकी 16 वर्षीय बेटी को शादी का झांसा देकर भगा ले गया है। तहरीर के आधार पर पुलिस ने केस दर्ज कर किशोरी के साथ आरोपी को गिरफ्तार किया। किशोरी के बयान के आधार पर आरोपी के खिलाफ पाक्सो एक्ट में केस दर्ज किया।

इस मामले में आरोपी ने अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश/ विशेष न्यायालय पाक्सो मोहम्मद राशिद के यहां जमानत याचिका प्रस्तुत की। न्यायालय ने अपराध की गंभीरता को देखते हुए आरोपी की याचिका निरस्त कर दी। संवाद



बिजली न आने से विरोध प्रदर्शन करते ग्रामीण।

# बिजली समस्या को लेकर सड़क जाम कर प्रदर्शन

जटहा बाजार, हिन्दुस्तान संवाद। विकास खंड विशुनपुरा क्षेत्र के गांव हिरनही के ग्रामीणों ने बुधवार को बिजली समस्या को लेकर गांव के समीप मेन सड़क को जाम कर विरोध प्रदर्शन किया। ग्रामीणों ने बिजली विभाग के प्रति जमकर नारेबाजी की।

जानकारी होने पर मौके पर पहुंचे एसडीओ ने ग्रामीणों से वार्ता कर चौबीस घण्टे के अन्दर सप्लाई बहाल कराने का आश्वासन देकर जाम समाप्त कराया। दोपहर में गांव के चौराहे पर जटहा-मंसाछापर मेन रोड को जाम कर विरोध प्रदर्शन कर ग्रामीणों ने बिजली विभाग के खिलाफ लापरवाही का आरोप लगाते हुये जमकर नारेबाजी की। ग्रामीणों का कहना है कि पिछले गुरुवार की रात में आई तेज आंधी व तूफ़ान में जर्जर तार व पोल टूट कर गिर गये और एक सप्ताह से सप्लाई बाधित है, जिसके वजह से बिजली संबंधित सभी उपकरण अनुउपयोगी हो गये हैं। आरो मशीन नहीं चलने के वजह से छोटे नल का पानी ग्रामीणों को पीना पड़ रहा है। इससे जलजनित रोगों के फैलने का खतरा बना हुआ है। रात में मोमबत्ती के सहारे भोजन महिलाएं बनाती हैं। भीषण गर्मी में पुरुष तो दिन में बाग बगीचे में शरण लेकर जीवन यापन कर रहे हैं, लेकिन महिलाओं को घर में गर्मी से उबलना पड़ रहा है। इसकी शिकायत जरार उपकेंद्र पर कई बार किया गया, लेकिन कोई सुनवाई नहीं हुई तो सांसद व विधायक से किया गया, लेकिन कोई सुनवाई नहीं हुई।

इससे नाराज ग्रामीणों ने पिछले सोमवार को विरोध प्रदर्शन कर चेतावनी दिया था कि मंगलवार तक सप्लाई बहाल नहीं हुई तो रोड जाम किया जायेगा। सड़क जाम की सूचना मिलते ही एसडीओ शुभम आग्रहरि ने ग्रामीणों से वार्ता कर चौबीस घण्टे के अन्दर सप्लाई बहाल कराने का आश्वासन देकर लोगों को शांत कराया। इस दौरान राजेश मद्धेशिया उर्फ राजू भाई, मनोज जयसवाल, नन्दकिशोर प्रजापति, द्वारिका यादव, हरिलाल प्रजापति, उमेश मिश्रा, प्रभु शाह, राजेश कुशवाहा, बिक्कू तिवारी, सुशील प्रजापति, राहुल मद्धेशिया, राजेश गोंड, शैलेश चौबे, मनन मिश्रा, मुन्ना तिवारी, सोनु सिंह, इन्द्रजीत गोंड, विशाल कुशवाहा, सिकन्दर प्रजापति, महंत गोंड आदि ग्रामीण उपस्थित रहे।



बिजली आपूर्ति शुरू कराने की मांग को लेकर सड़क जाम करते ग्रामीण।

# एक सप्ताह से बिजली सप्लाई ठप होने से ग्रामीणों में गुस्सा

**नेबुआ नौरंगिया, हिन्दुस्तान संवाद।** आंधी से प्रभावित हुई बिजली सप्लाई एक सप्ताह के बाद भी बहाल न होने से गर्मी से परेशान ग्रामीणों ने बुधवार को सड़क जाम कर प्रदर्शन किया। खैरटिया चौराहे पर ग्रामीणों ने दो घंटे तक नौरंगिया-कप्तानगंज मार्ग जाम रखा। एसडीओ के दो घंटे में बिजली सप्लाई चालू कराने के आश्वासन पर ग्रामीणों ने प्रदर्शन समाप्त किया।

विद्युत उप केन्द्र कोटवा से टेढ़ी, खैरटिया, शितलापुर, कलवारीपट्टी, चरिघरवा, सौरहा खुर्द, जगदेवा, राजमन छपरा, दोकरी गांव में बिजली सप्लाई होती है। बीते सप्ताह के गुरुवार को आंधी पानी से विद्युत पोल व तार टूट गये थे। उसके बाद से ही इन गांवो में बिजली सप्लाई बंद हो गई थी। एक सप्ताह होने के बाद विद्युत सप्लाई शुरु नहीं होने से ग्रामीणों विद्युत विभाग से बिजली सप्लाई ठीक करने की बात कही। लेकिन विभाग द्वारा एक से दो दिन के अंदर सप्लाई चालू करने का आश्वासन दिया गया। पूरे एक सप्ताह बीतने के बाद भी आपूर्ति नहीं होने से नाराज ग्रामीणों ने बुधवार को खैरटिया नहर पुल पर पहुंच नौरंगिया-कप्तानगंज और पडरौना-झूलनीपुर मार्ग को जाम कर दिया। ग्रामीणों का आरोप था कि एक सप्ताह होने के बाद भी विभाग बार बार सिर्फ आश्वासन दे रहा है। उमस भरी गर्मी में लोगों का बुरा हाल है, बिजली नहीं होने से मोबाईल से लेकर सभी विद्युत उपकरण बंद हो गये हैं। ग्रामीण विद्युत विभाग के खिलाफ नारेबाजी करते हुए सड़क पर बैठ गये। नाराज ग्रामीण विद्युत विभाग के अफसरों को मौके पर बुलाने की मांग पर अड़े थे। ग्रामीणों के साथ सड़क जाम कर बैठे खैरटिया के प्रधान प्रतिनिधि जाकिर अंसारी और ब्राह्मण महासभा के जिलाध्यक्ष महेन्द्र पाण्डेय ने नाराजगी जताते हुए बिजली सप्लाई चालू नहीं होने तक सड़क जाम रहने की चेतावनी दी। सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस सड़क जाम समाप्त करने की मान-मनौव्वल करती रही, लेकिन लोग अपनी मांग पर कायम थे। विधायक विवेकानंद पाण्डेय व एसडीओ रूपेश कुशवाहा ने दूरभाष पर दो घंटे के अंदर बिजली सप्लाई बहाल कराने का आश्वासन दिया तब जाकर ग्रामीणों ने सड़क जाम समाप्त किया।

# 13 गो-तस्करों पर लगा गैंगस्टर

जागरण संवाददाता, पडरौना (कुशीनगर): पुलिस द्वारा गो-तस्करों पर लगातार शिकंजा कसा जा रहा है। इन तस्करों की आर्थिक रूप से कमर तोड़ने के लिए बुधवार को तुर्कपट्टी पुलिस ने 13 के विरुद्ध गैंगस्टर की कार्रवाई की। पुलिस अब इनके द्वारा अपराध से अर्जित संपत्ति को जब्त करने की कार्रवाई करेगी। जिन पर गैंगस्टर लगा है उनमें लंबे समय से पश्चिमी उप्र से बिहार में अलग-अलग जगहों पर गोवंश की खेप ले जाने वाले जुल्फिकार, वारिस व कासिम अख्तर शामिल हैं।

तुर्कपट्टी थाने में चालू वर्ष में गो-तस्करी के एक दर्जन मुकदमे पंजीकृत हैं। इनमें 40 से अधिक आरोपित हैं। अधिकांश के विरुद्ध पुलिस गैंगस्टर की कार्रवाई कर चुकी है। शेष गो-तस्करों पर शिकंजा कसते हुए अब गैंगस्टर की कार्रवाई की गई है। ताकि गो-तस्करों में भय का माहौल बने और इनकी संपत्ति का जब्तीकरण किया जा सके। कार्रवाई की जद में आए गो-तस्करों की संपत्ति का आंकलन कर पुलिस आवश्यक रिपोर्ट तैयार कर रही।

जिनके विरुद्ध कार्रवाई हुई उनमें जुल्फिकार निवासी मकान नंबर 20 देलही दरवाजा थाना कोतवाली, वारिस निवासी देलही दरवाजा थाना कोतवाली, कासिम अख्तर निवासी दीपासराय थाना नजासा, जिला संभल, गुलफाम मलिक निवासी अहमदनगर थाना लिसाड़ी गेट, मेरठ, मुनीब प्रसाद, राकेश महतो निवासी पगरा पड़री थाना पटहेरवा,मुन्ना यादव ,शारदा यादव निवासी राजपुर खास थाना सेवरही कुशीनगर, मुन्ना अंसारी निवासी डोमटा कोठी थाना तरयासुजान, साकिर अंसारी निवासी नेहरूआ कला थाना कटया, सुनील शाह निवासी अहिरौली दुबौली थाना गोपालपुर जिला गोपालगंज बिहार, बाला यादव निवासी लालागढ़ थाना जोगापट्टी जिला पश्चिमी चंपारण बिहार,पिंटू उर्फ अभिषेक जायसवाल निवासी कोन्हवलिया भरत राय थाना तरकुलवा जिला देवरिया शामिल हैं। एसपी धवल जायसवाल ने बताया कि तुर्कपट्टी पुलिस की ओर से 13 गो-तस्करों के विरुद्ध गैंगस्टर की कार्रवाई की गई है। गो-तस्करी में लिप्त माफिया व तस्करों की आर्थिक रूप से कमर तोड़ने की कार्रवाई आगे भी चलती रहेगी।

# पौधरोपण कर लिया सुरक्षा का संकल्प

## जगह-जगह आयोजित किए गए कार्यक्रम, पर्यावरण संतुलन के लिए अधिकाधिक रोपें पौधे



जिला न्यायालय परिसर में पौधारोपण करते जिला जज अशोक कुमार सिंह बाएं • जागरण



म्यांमार बुद्ध मंदिर परिसर में पौध लगाने के पूर्व पूजा करते भंते एवी ज्ञानेश्वर • जागरण

जागरण संवाददाता,पडरौना: विश्व पर्यावरण दिवस पर बुधवार को जिले भर में पौधरोपण कर लोगों ने धरती को हरा-भरा बनाने का संकल्प लिया। जिला एवं सत्र न्यायालय में जिला जज अशोक कुमार सिंह व पुलिस लाइन में सीओ सदर अभिषेक प्रताप अजेय ने पौधरोपण किया।

सुबह नौ बजे न्यायालय परिसर में जिला जज, अपर जिला जज शैलेंद्र मणि त्रिपाठी ने पौधारोपण कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। कहा कि पौधरोपण सभी का सामाजिक दायित्व है। अपर जिला जज ने कहा कि तेजी से हो रहे पेड़ों की कटान ने मानव जीवन के समक्ष गंभीर खतरा उत्पन्न कर दिया है। जिला पंचायत संसाधन केंद्र में बीएसए डा. रामजियावन मौर्य

### विश्व पर्यावरण दिवस

ने पौधरोपण किया। वन विभाग के अनुसार अभियान के पहले दिन जनपद में पांच हजार पौधे रोपे गए। जनपद में 41 लाख 19 हजार 516 पौधे रोपे जाने का लक्ष्य है।

कुशीनगर के म्यांमार बुद्ध मंदिर परिसर में वानिकी प्रभाग रेंज कसया द्वारा पौधरोपण किया गया। कुशीनगर भिक्षु संघ के अध्यक्ष एवी ज्ञानेश्वर ने रोपण के पूर्व पौधे की पूजा की। क्षेत्रीय वन अधिकारी जयंत सिंह राणा व कर्मचारी मौजूद रहे। कुशीनगर के करूणा सागर पार्क में नगरपालिका परिषद, वन विभाग व रोटरी क्लब के संयुक्त तत्वावधान में पौधरोपण कार्यक्रम संपन्न हुआ। 50 पौधे रोपित किए गए। संरक्षण के लिए ट्री गार्ड भी लगाया गया। लोगों को एक-एक पौधा लगाने की शपथ दिलाई गई। नपा अध्यक्ष प्रतिनिधि राकेश जायसवाल क्षेत्रीय वनाधिकारी, इओ शैलेंद्र मिश्र, अध्यक्ष वाहिद अली, सचिव अजय सिंह आदि उपस्थित रहे। गोपालगढ़ स्थित ब्राइट चिल्ड्रेन एकेडमी में संगोष्ठी का आयोजन हुआ। शिक्षक व छात्रों में पौधे वितरित किए गए। डायरेक्टर जेपी श्रीवास्तव, अंजु श्रीवास्तव आदि उपस्थित रहे।

नयी दिशा पर्यावरण सेवा संस्थान द्वारा हाटा के रामबर चरगहां में बने मनरेगा पार्क में पौधरोपण किया गया। बुद्ध पीजी कालेज के पूर्व प्राचार्य डा. डीएस तिवारी, ब्लाक प्रमुख प्रतिनिधि सुधीर राव आदि उपस्थित रहे। जंगल घोरठ स्थित पारस नाथ महाविद्यालय परिसर में पर्यावरण संरक्षण पर गोष्ठी का आयोजन किया गया। परिसर में 18 पौधे रोपे गए। हाटा नगर पालिका परिषद के मोती पाकड़ स्थित एएनवीडी सीनियर सेकेंडरी स्कूल में हाटा वन रेंज द्वारा पौधरोपण कार्यक्रम एवं गोष्ठी का आयोजन किया गया। अहिरौली के ग्राम पंचायत भलुही में पौध व जल संरक्षण का संकल्प दिलाया गया। सेवरही के एसजीएम इंटरमीडिएट कालेज में वन रेंज तमकुहीराज के तत्वाधान में पौधरोपण किया गया। इंडियन डेंटल एसोसिएशन के तत्वावधान में गोस्वामी तुलसी दास इंटरमीडिएट कालेज में पौधरोपण कार्यक्रम आयोजित हुआ।

# 13 लोगों पर की गैंगस्टर की कार्रवाई

**पडरौना।** पशु तस्करी और वाहन चोरी गिरोह में शामिल 13 सदस्यों के खिलाफ तुर्कपट्टी पुलिस ने गैंगस्टर की कार्रवाई की है। चुनाव बाद फिर की गई गैंगस्टर की कार्रवाई से पशु तस्करी आदि आपराधिक गतिविधियों में शामिल लोगों में खलबली मची हुई है।

एसपी धवल जायसवाल ने बताया कि तुर्कपट्टी पुलिस ने पशु तस्करी में शामिल जुल्फीकार, वारिस निवासी देहली थाना कोतवाली जिला संभल, कासिम अख्तर निवासी दीपासराय थाना नजासा जिला संभल, गुलफाम मलिक निवासी अहमदनगर थाना लिसाड़ी गेट जिला मेरठ, मुनीब प्रसाद व राकेश महतो निवासी पगरा पड़री थाना पटहेरवा कुशीनगर, मुन्ना अंसारी निवासी दोमाठ कोठी थाना तरयासुजान कुशीनगर, साकिर अंसारी निवासी नेहरूआ कला थाना कटेया गोपालगंज बिहार, सुनील शाह निवासी अहिरौली दुबौली थाना गोपालगंज बिहार के खिलाफ गैंगस्टर की कार्रवाई की गई है।

इसके अलावा वाहन चोरी में शामिल मुन्ना यादव व शारदा यादव निवासी राजपुर खास थाना सेवरही कुशीनगर, बाला यादव निवासी लालागढ़ थाना जोगापट्टी पश्चिम चंपारण बिहार व पिंटू उर्फ अभिषेक जायसवाल निवासी कोन्हवलिया भरत राय थाना तरकुलवा जिला देवरिया के खिलाफ गैंगस्टर के तहत कार्रवाई की गई है। संवाद

# पुलिस ने चिता से उठाया महिला का शव

**पकड़ियार बाजार।** नेबुआ नौरंगिया थाना क्षेत्र के नौगावां में बुधवार को संदिग्ध परिस्थितियों में विवाहिता की मौत हो गई। घर वाले अंतिम संस्कार करने के लिए शव लेकर चले गए। सूचना पर पहुंची पुलिस ने चिता से शव कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। नौगावां गांव निवासी व्यास सिंह की पत्नी का संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई।

## दाह संस्कार की तैयारी में थे परिजन

मौत के बाद परिवार के लोग शव का अंतिम संस्कार की तैयारी कर रहे थे। किसी व्यक्ति ने मामले की सूचना पुलिस को दे दी। जानकारी होने पर पहुंची पुलिस ने चिता को से उठवाकर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

गांव वालों की माने तो गृह कलह की वजह से घटना हुई है । मायके वालों की शिकायत पर पुलिस मामले की जांच में जुट हुई है। इंस्पेक्टर हर्षवर्धन सिंह ने बताया कि शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। मामले की जांच की जा रही है। संवाद

# MAHARAJ GANJ POLICE

# सराहनीय कार्य दिनांक:- 06-06-2024

# पुलिस के सामने धमकी का वीडियो वायरल




- मतदान के दिन चेयरमैन और पूर्व चेयरमैन के पुत्रों के बीच हुआ था विवाद
- पुलिस मौके से आरोपित युवकों को गिरफ्तार कर थाने लेकर आई थी

निचलौल, हिन्दुस्तान संवाद। निचलौल थाना परिसर का एक वीडियो तेजी से सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। वायरल वीडियो में पुलिस अफसर के सामने ही एक युवक द्वारा खुलेआम धमकी दी जा रही है। थाने के इस वीडियो को एक युवक और उसका साथी सोशल मीडिया पर वायरल कर रहा है। इसको लेकर तरह तरह की चर्चा हो रही है। हालांकि हिन्दुस्तान इस वायरल वीडियो की सत्यता की पुष्टि नहीं करता है।

वायरल वीडियो में दिख रहें दोनों युवक पूर्व चेयरमैन के पुत्र हैं, जो मतदान के दिन मौजूदा चेयरमैन के पुत्र के साथ मारपीट के आरोपी हैं। इसके बाद पुलिस मौके से आरोपी युवकों को गिरफ्तार कर थाने लेकर आई थी। इसके बाद पूर्व चेयरमैन थाने पहुंच कर मामले में पुलिस अधिकारी से वार्ता कर रहे थे कि अचानक थाना परिसर से चीखते चिल्लाते निकले उनके पुत्र ने हंगामा किया। एक पुत्र ने खुलेआम कहना शुरू किया कि वह यहां से नहीं जाएगा। भले ही बंद कर दीजिए। उत्तेजना में वह एक लाश गिराने तक की धमकी दे देता है। हालांकि पुलिस ने विवाद के दिन दोनों पक्षों को शांतिभंग में पाबंद कर दिया था। सीओ अनुज कुमार सिंह ने बताया कि वायरल वीडियो के बारे में जानकारी नहीं है। वीडियो में कही जा रही बात के सवाल पर उन्होंने बताया कि थाना परिसर में आने वाले लोग क्या-क्या कहते हैं? इसे कहां तक सुना जाएगा।

# युवक पर लगाया मारपीट का आरोप, केस दर्ज

भिटौली। थाना क्षेत्र के बलुआ निवासिनी तहीरुन निशा ने गांव के ही युवक पर बाल पकड़ कर घसीटने एवं मारने पीटने का आरोप लगाया है। महिला ने शिकायत पत्र में लिखा है कि मैं अपने दरवाजे पर बैठी थी की पुरानी रंजिश को लेकर युवक गाली देते हुए जा रहा था। जब मैंने उसे गाली देने से मना किया तो वह और उग्र हो गया और मारने पीटने लगा। परिजनों ने किसी तरह से बीच-बचाव किया। थानाध्यक्ष पंकज गुप्ता ने बताया कि आरोपी सलमान खान पर केस दर्ज कर लिया गया है। संवाद

# 60 बोतल बियर के साथ एक गिरफ्तार

ठूठीबारी/बरगदवां। अमहवां बाजार में बियर बेचते समय पुलिस ने एक व्यक्ति को पकड़ कर चालान कर दिया गया। बरगदवां थाना क्षेत्र के अमहवां बाजार में मुखबिर की सूचना पर टीम ने ग्राम बेलहिया शराब की दुकान के सामने साइकिल का पंचर बनाने की दुकान में बियर रखकर बेचते समय पकड़ लिया। जांच के दौरान दो पेटी में 48 केन व तीसरे पेटी में 12 केन 60 बोतल बियर बरामद हुआ। पकड़े गए व्यक्ति की पहचान बरगदवां थाना क्षेत्र के बेलहियां निवासी हरिचन्द्र के रूप में हुई। संवाद

# घर से जेवर लेकर किशोरी हुई फरार, मुकदमा दर्ज

ौतनवा, हिन्दुस्तान संवाद। नौतनवा ाना क्षेत्र के एक गांव निवासी व्यक्ति ी शिकायत पर पुलिस ने अज्ञात के ारुद्ध किशोरी को बहला फुसलाकर हीं भगा ले जाने का मामला दर्ज किया ।किशोरी घर के अलमारी में रखे कुछ ेवर और कपड़े लेकर अचानक घर ा गायब होने का बाद परिजन खोजबीन ं जुटे। लेकिन कोई जानकारी नहीं होने र मामला पुलिस थाने पहुंचा।

मामले में पीड़ित ने शिकायती पत्र 5 जरिए कहा है कि बीते 4 जून को उसकी पुत्री घर के अलमारी में रखा कुछ जेवर व कपड़ों के साथ अचानक घर से गायब हुई है। काफी खोजबीन के बाद उसका कुछ पता नहीं चल सका है। परिजनों को आशंका है कि कहीं उसके साथ कोई अप्रिय घटना ना घटित हो जाए। थानाध्यक्ष मनोज कुमार राय का कहना है कि पीड़ित की शिकायत पर अज्ञात के विरुद्ध संबंधित धारा में मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। मामले की जांच पड़ताल कर जल्द ही किशोरी को बरामद कर लिया जाएगा।

# तीसरे दिन नहर में उतराया मिला अधेड़ का शव

**पुलिस ने पोस्टमार्टम के लिए भेजा शव**

**सिंदुरिया।** तीन दिन पूर्व देवरिया शाखा गंडक नहर में गिरे सिंदुरिया थाना क्षेत्र के बसंतपुर खुर्द निवासी अधेड़ का शव बुधवार की सुबह पड़वनिया फाटक के पास नहर में उतराता मिला। पुलिस ने शव को नहर से बाहर निकालकर जांच में जुट गई है।

बसंतपुर खुर्द निवासी सुकई (55) सोमवार को बसंतपुर खुर्द गांव के पश्चिम स्थित देवरिया शाखा नहर में शाम चार बजे अचानक गिर गए। ग्रामीणों ने घटना को देख शोर मचाया, लेकिन तब तक वह गहरे पानी में डूब गए। घटना की सूचना ग्रामीणों ने स्थानीय पुलिस को दी। मौके पर पहुंची पुलिस व एसडीआरएफ की टीम ने दो दिनों तक नहर में सुकई की तलाश की, लेकिन उनका कही पता नहीं चल सका। बुधवार की सुबह गांव के कुछ युवक नहर की तरफ टहलने गए थे। तभी लोगों की नजर नहर में उतराते हुए एक शव पर पड़ी। युवकों के शोर मचाने पर आसपास गांव के लोग जुट गए। किसी ने इसकी सूचना सिंदुरिया पुलिस को दे दी।

मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को पानी से बाहर निकलवाया। थानाध्यक्ष अजित सिंह ने बताया कि शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। संवाद



सुकई की मौत के बाद रोते-बिलखते परिजन। संवाद

# चौकी के पास से नेपाली शराब की खेप बरामद, युवक पकड़ा

संवाद न्यूज एजेंसी

**निचलौल।** थाना क्षेत्र के भारत-नेपाल सरहद से सटे शीतलापुर पुलिस चौकी के पास से एसएसबी और आबकारी की संयुक्त टीम ने मंगलवार रात में मुखबिर की सूचना पर नेपाली शराब की खेप बरामद कर ली। मौके से एक बाइक और एक युवक को भी गिरफ्तार कर लिया।

टीम बरामद नेपाली शराब की खेप को जब्त कर आगे की कार्रवाई में जुट गई है। पुलिस चौकी के जिम्मेदार पुलिस कर्मियों को भनक भी नहीं लग सकी।

आबकारी निरीक्षक वैभव कुमार यादव ने कहा की उन्हें मंगलवार रात को मुखबिर से सूचना मिली की एक युवक नेपाल से बाइक की मदद से नेपाली शराब की खेप लेकर भारत आने वाला है। सूचना के बाद उन्होंने सरहद पर तैनात सुरक्षा एजेंसियों को सूचना देते हुए शीतलापुर पुलिस चौकी के पास पगडंडी सड़क पर घेराबंदी कर ली। इसी बीच नेपाल की ओर से बाइक पर बोरी में सामान लेकर आते एक युवक दिखाई दिया।

उसे रोककर तलाशी ली तो बाइक पर लदी बोरे से 120 बोतल नेपाली शराब बरामद हुई। उसके बाद टीम ने युवक को भी गिरफ्तार कर लिया। पूछताछ में गिरफ्तार युवक ने अपना नाम धीरज उर्फ धीरू निवासी रेंगहिया बताया। उसके विरुद्ध संबंधित धाराओं में कार्रवाई की जा रही है।



**शराब के साथ पकड़ा गया आरोपी।** स्रोत-एसएसबी

## एसएसबी और आबकारी की टीम ने की कारवाई

# पुलिस के सामने लाश गिराने की धमकी वीडियो वायरल

**महराजगंज।** निचलौल थाना परिसर का एक वीडियो इन दिनों तेजी से सोशल मीडिया में वायरल हो रहा है। वायरल हो रहे वीडियो में सीओ निचलौल के सामने एक युवक की ओर से खुलेआम एक लाश गिराने की बात कही जा रही है। इतना ही नहीं थाने की उक्त वीडियो को युवक और उसके साथी सोशल मीडिया पर खूब वायरल कर रहे हैं।

बताया जा रहा है वायरल वीडियो में दिख रहे दोनों युवक निचलौल नगर पंचायत के पूर्व चेयरमैन एवं कांग्रेस नेता के लड़के हैं, जो मतदान के दिन भाजपा के वर्तमान नगर पंचायत अध्यक्ष शिवनाथ मद्धेशिया के लड़के एवं भाजपा नेता सुनील मद्धेशिया के साथ मारपीट हुई थी। इसके बाद पुलिस दोनों युवकों को गिरफ्तार कर थाने लाई थी। दसके बाद पूर्व चेयरमैन थाने पहुंच कर मामले में सीओ से वार्ता कर रहे थे।

एक वीडियो वायरल हो रहा है इसमें सीओ से बातचीत करने के दौरान खुलेआम एक लाश गिराने और बिना लाश गिराए यहां से न जाने की बात कहते दिख रहें। युवकों की ओर से की जा रहीं आपत्तिजनक बातों को लेकर जिले भर में तरह-तरह की चर्चाएं बनी हुई हैं।

सीओ निचलौल अनुज कुमार सिंह का कहना है कि वायरल वीडियो के बारे में उन्हें जानकारी नहीं है। वीडियो में कही जा रही बात के सवाल पर कहा कि हर रोज थाना परिसर में कई तरह के लोग आते हैं। कोई भी गुस्से में क्या कह रहा है। उससे कोई बात नहीं है। संवाद

BASTI POLICE

# सराहनीय कार्य दिनांक:- 06-06-2024

# शादी का झांसा देकर किशोरी से दुष्कर्म

**बभनान(एसएनबी)।** पैकोलिया थाना क्षेत्र के एक गांव में किशोरी के साथ शादी का झांसा देकर दुष्कर्म करने का मामला सामने आया है। पीड़िता ने पैकोलिया पुलिस को तहरीर दिया मगर कार्रवाई नही हुई। पीडिता ने पुलिस अधीक्षक को शिकायती पत्र दिया देकर कार्रवाई की मांग किया है। पीड़िता ने बताया है कि उसके गांव का ही राम कदम्ब वर्मा पुत्र रामप्रसाद लगभग तीन वर्ष से उसके साथ शारीरिक सम्बंध बनाता रहा। बालिग होने पर उसने राम कदम्ब से शादी करने को कहा तो वह इन्कार करने लगा। शारीरिक सम्बंध के दौरान आरोपित ने वीडियो बना लिया था और अब वह वीडियों को वायरल करने की धमकी दे रहा है। इसी बीच अजय पुत्र अज्ञात निवासी अज्ञात, रामबरन यादव पुत्र सुकई यादव, रामजनम वर्मा पुत्र रामप्रसाद, रामशब्द वर्मा पुत्र रामप्रसाद जो कि उसी गांव के ही हैं सभी लोग सुलह समझौता करवा दिए थे कि उसकी शादी आरोपित से करवा दी जाएगी। अब वह शादी से इंकार कर रहा है। साथ ही उसे धमकियां भी मिल रही हैं। बुधवार को पीडिता पुनः पैकोलिया थानाध्यक्ष से न्याय मागने पहुची पीडिता को फिर निराश वापस लौटना पडा। उसने पुलिस अधीक्षक को पत्र भेज कर न्याय की गुहार की है। थानाध्यक्ष ने कहा कि तहरीर मिली है मामले की छानबीन की जा रही है।



एसपी आवास पर बुधवार को पौधरोपण करते एसपी गोपालकृष्ण चौधरी। ●हिन्दुस्तान

# आईजी ने किया पौधरोपण

**बस्ती (एसएनबी)।** विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर आईजी आरके भारद्वाज व उनकी बेटी नव्या के साथ वृक्षारोपण किया। विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर पुलिस महानिरीक्षक बस्ती परिक्षेत्र बस्ती आरकेभारद्वाज द्वारा बेटी नव्या भारद्वाज के साथ कैम्प कार्यालय परिसर में आम्रपाली का वृक्ष लगाया गया।



सभी पुलिस अधिकारी-कर्मचारीगण को लगातार वृक्षारोपण करने तथा उसकी देखभाल करने हेतु बताया गया तथा उप्र शासन के निर्देशानुसार वन महोत्सव एक जुलाई से सात जुलाई के मध्य 15000 वृक्षारोपण हेतु सभी पुलिस अधिकारी - कर्मचारीगण को संकल्पित व प्रेरित किया गया। इस अवसर पर परिक्षेत्रीय कार्यालय के समस्त अधिकारी-कर्मचारीगण कर्मचारीगण उपस्थित रहे।

# रास्ते के विवाद में मारपीट, तीन पर मुकदमा

**बस्ती (एसएनबी)।** रास्ते के विवाद कोलेकर दो पक्षों में मारपीट हो गयी। इस मामले में एक पक्ष की शिकायत पर तीन लोगो के विरुद्ध मुकदमा पंजीकृत किया गया है।पुरानी बस्ती थाना क्षेत्र के सोनहटी बुजुर्ग निवासी अरुण पुत्र प्रदीप गौतम ने पुलिस को बताया कि रास्ते के विवाद कोलेकर विपक्षियों ने उसेव उसकी पत्नी पुष्पा व भाई अजय कोगालियां देते हुए मारा पीटा व जाते-जाते जानमाल की धमकी भी दी। मामले में पीड़ित पक्ष की शिकायत पर विशाल पुत्र रामप्रसाद, देवानन्द व रामप्रसाद निवासी सोनहटी थाना पुरानी बस्ती के विरुद्ध धारा 323,504,506 भादवि के तहत मुकदमा पंजीकृत किया है।

# आचार संहिता खत्म होते ही फेरबदल के बढ़े आसार

- लॉ-एंड-ऑर्डर की समीक्षा होगी जल्द
- लापरवाह थानेदार पर हो सकती है कार्रवाई

बस्ती, निज संवाददाता। निर्वाचन आयोग ने जैसे चुनाव की तारीखों के ऐलान किया था। वैसे ही आदर्श आचार संहिता लागू हो गई थी। इसके साथ ही कई पाबंदियां भी प्रभावी हो गई थीं। इसके लागू होने के बाद नई भर्तियों और नई परीक्षाओं का आयोजन नहीं किया जा सकता है। इसके अलावा सरकार विज्ञापन, होर्डिंग व पोस्टर का इस्तेमाल नहीं कर सकती है। सरकार अधिकारियों का तबादले भी नहीं कर सकती।

आचार संहिता खत्म होने के बाद जनपद के पुलिस महकमें में फेरबदल के कयास शुरु हो गए हैं। चर्चा है कि कानून व्यवस्था की समीक्षा जल्द होगी, जैसा कि आम चुनावों के बाद होता चला आ रहा है। जल्द ही प्रशासनिक व पुलिस महकमें में परिवर्तन किया जा सकता है। पुलिस स्टेशनों पर लंबे समय से जमे थाना प्रभारियों के कार्यक्षेत्र में भी परिवर्तन किए जा सकते हैं। इसमें एक ही थाने पर जमे थाना प्रभारियों के प्रभावित होने बात चल रही है।



सरयू में मृत मिले घड़ियाल को बांस के सहारे मुख्य धारा में धकेलते वन कर्मी।

# बिना पोस्टमार्टम मृत घड़ियाल को सरयू नदी में बहाया

- सोशल मीडिया पर वायरल हो रही वन विभाग की करतूत
- फरवरी में डाल्फिन का शव भी बिना पोस्टमार्टम बहा दिया था

दुबौलिया। सरयू नदी के तट पर मिले एक बड़े घड़ियाल के शव को वन विभाग की टीम ने बांस के सहारे नदी की धारा में बहवा दिया। वन विभाग की इस कारनामे का वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है। लोगों का कहना है कि संरक्षित वन्य जीव का शव मिलने पर बिना उसका पोस्टमार्टम कराए सरयू नदी में बहाया जाना अनुचित है। इससे पहले फरवरी में नदी में एक डाल्फिन का शव मिला था। वन विभाग ने खानापूर्ति करते हुए उसके शव को भी बिना पोस्टमार्टम कराए नदी में बहवा दिया था।

कटरिया चांदपुर तटबंध पर खलवा गांव के निकट सरयू नदी के दक्षिणी छोर पर मंगलवार को करीब 10 फीट लंबे व्यस्क घड़ियाल के शव को ग्रामीणों ने देखा था। सूचना वन विभाग को दी गई, वन विभाग की टीम नहीं पहुंची। बुधवार सुबह वन दरोगा अभिषेक व वनरक्षक वंदना तिवारी की टीम पहुंची। ग्रामीणों की मदद से नाव के सहारे नदी के दूसरे छोर पर पहुंचे। बांस के सहारे घड़ियाल के शव को नदी के गहरे पानी में ढकेलवा कर वन विभाग की टीम वापस लौट आई। कुछ समय बाद वन क्षेत्राधिकारी ज्ञानप्रकाश गौतम, राजीव प्रसाद भी तटबंध पर पहुंचे और जानकारी हासिल कर वापस लौट गए। घड़ियाल के शव को नदी में ढकेलते हुए ग्रामीणों ने वीडियो बनाकर वायरल कर दिया। वन विभाग की कार्यशैली सवालों के घेरे में है। घड़ियाल व डॉल्फिन संरक्षित जलीय जीव है। मौत का कारण जानने के लिए शव का पोस्टमार्टम कराया जाना जरूरी था। इस बाबत डीएफओ जेपी सिंह ने बताया कि इस प्रकरण में वन रेंजर से रिपोर्ट मांगी जा रही है। अगर लापरवाही मिलती है तो कार्रवाई की जाएगी।

पर्यावरण संरक्षण का संदेश देते हुए एसपी ने सभी को विश्व पर्यावरण दिवस की दी बधाई, सभी को पौधरोपण के लिए किया प्रेरित

# पौधरोपण कर प्रकृति की सुरक्षा का लिया संकल्प

**विश्व पर्यावरण दिवस**

बस्ती, निज संवाददाता। विश्व पर्यावरण दिवस पर सरकारी महकमों, निजी संस्थानों के साथ ही पर्यावरण प्रेमियों ने अभियान चलाकर पौधरोपण किया और उनकी सुरक्षा का संकल्प लिया। वन, उद्यान, नगरपालिका, माध्यमिक शिक्षा, बेसिक शिक्षा, पुलिस समेत विभिन्न विभागों ने बुधवार को पौधरोपण अभियान चलाया।

एसपी आवास पर बुधवार को एसपी गोपाल कृष्ण चौधरी की अगुवाई में अफसरों व पुलिस कर्मियों ने पौधरोपण किया। पर्यावरण संरक्षण का संदेश देते हुए एसपी ने सभी को विश्व पर्यावरण दिवस की बधाई दी। कहा कि हमें मिलकर पर्यावरण संरक्षण की दिशा में सकारात्मक प्रयास करना चाहिए। इस दौरान सभी सर्किल के सीओ, आरआई व अन्य पुलिस अफसर मौजूद रहे। नगरपालिका परिसर में चेयरमैन नेहा वर्मा की अगुवाई में पौधरोपण अभियान चलाया गया। पौधरोपण कर वरिष्ठ भाजपा नेता अंकुर वर्मा ने सभी को पर्यावरण संरक्षण का संकल्प दिलाया। सभासद जगदीश श्रीवास्तव, परमेश्वर शुक्ला, प्रफुल्ल श्रीवास्तव, रमेश गुप्ता, मो. आमिर, पंकज चौधरी, इदरीश व अन्य मौजूद रहे। बीएसए अनूप कुमार की अगुवाई में बेसिक शिक्षा विभाग कार्यालय परिसर में पौधरोपण कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस दौरान आशीष श्रीवास्तव, अंगद प्रसाद पांडेय, कुलदीप सिंह, प्रताप पांडेय, अमित मिश्रा, स्वप्निल श्रीवास्तव व अन्य मौजूद रहे। वहीं चित्रांश क्लब महिला विंग बस्ती की अध्यक्ष प्रतिमा श्रीवास्तव व कोषाध्यक्ष लक्ष्मी अरोड़ा के संयोजन में कंपनी बाग में पौधरोपण अभियान की शुरुआत की गई। इस दौरान अंकुर वर्मा, राजेश चित्रगुप्त, अविनाश श्रीवास्तव, जी रहमान, अमृत पाल सनम, रेखा चित्रगुप्त, प्रतिमा श्रीवास्तव व अन्य ने सहयोग प्रदान किया।



प्राथमिक विद्यालय शनिचरा में पौधरोपण करती वनक्षेत्राधिकारी सोनल वर्मा।

- विभिन्न विभागों व संस्थानों ने चलाया पौधरोपण अभियान
- एसपी आवास, बीएसए कार्यालय, नपा व अन्य स्थानों पर पौधरोपण

## वन विभाग ने रामनगर में आयोजित की पर्यावरण गोष्ठी

भानपुर। वन प्रभाग रामनगर रेंज की ओर से बुधवार को पर्यावरण दिवस मनाया गया। रेंज के रामनगर ब्लॉक अंतर्गत प्रावि शनिचरा के परिसर में वन क्षेत्राधिकारी रामनगर सोनल वर्मा ने पर्यावरण दिवस पर गोष्ठी आयोजित की। कार्यक्रम के माध्यम से वन क्षेत्राधिकारी ने जीवन के लिए जीव व वन के महत्व के बारे में विस्तृत जानकारी देते हुए ग्रामीणों को पौधरोपण अवश्य करने को कहा। इस दौरान वन दरोगा सदानंद शुक्ल, संजय सिंह, हरिओम,वनरक्षक अजय मौजूद रहे।



डायट में जागरूकता रैली संग पौधरोपण कर पर्यावरण संरक्षण की शपथ दिलाई गई।

## विश्व पर्यावरण दिवस पर निकाली जागरूकता रैली

बस्ती। जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान में विश्व पर्यावरण दिवस पर बुधवार को डायट प्राचार्य संजय कुमार शुक्ल के नेतृत्व में डायट के स्टाफ और प्रशिक्षुओं ने जागरूकता रैली निकाली। इस दौरान पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूकता एवं प्लास्टिक का उपयोग नहीं करने की अपील की। डायट परिसर में काफी संख्या में पौधे भी लगाए गए। पर्यावरण संरक्षण की डायट प्राचार्य ने शपथ दिलाई। निबंध, कविता, पोस्टर, कला क्राफ्ट प्रतियोगिता के माध्यम से पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूक किया गया। प्रवक्ता वर्षा पटेल, सरिता, वंदना चौधरी, डॉ. गोविंद, अमन सेन, कल्याण पांडेय, डॉ. रविनाथ, कुलदीप चौधरी, इमरान खान, शशिदर्शन त्रिपाठी एवं डीएलएड प्रशिक्षुओं ने अपना योगदान दिया।

## स्कूली बच्चों ने किया पौधरोपण

बस्ती। जीवीएम कान्वेंट स्कूल में विश्व पर्यावरण दिवस पर स्कूली बच्चों ने पौधरोपण किया। इस दौरान प्रबंधक संतोष सिंह, प्रिंसिपल विजयलक्ष्मी सिंह, छात्रा राजश्री, अनन्या आदि ने लोगों को पौधरोपण के लिए जागरूक करने का संकल्प लिया। राकेश, राजेश, सुधांशु, अंकुश चतुर्वेदी व अन्य मौजूद रहे।

## पौधरोपण कर धरती को हरा-भरा करने का दिया संदेश

बस्ती। विश्व पर्यावरण दिवस पर बुधवार को आईजी रेंज दफ्तर पर पुलिस महानिरीक्षक आरके भारद्वाज ने बेटी नव्या के साथ बुधवार को पौधरोपण किया। पृथ्वी को हरा-भरा करने के उद्देश्य से पौधरोपण कर खास संदेश दिया। इस दौरान डीके मिश्र, वीरबहादुर, यादव, धर्मेन्द्र यादव, शशिभूषण पाण्डेय व अशोक कुमार आदि तमाम लोग मौजूद रहे।

# मुंडेरवा क्षेत्र में चल रहीं अवैध आरा मशीनें

मुंडेरवा। क्षेत्र में हरे पेड़ काटकर पर्यावरण को नुकसान पहुंचाया जा रहा है। इसका कारण क्षेत्र में चल रही अवैध आरा मशीनें हैं। इनके पास न तो कोई लाइसेंस है और न ही परमिट। 30 मई को अवैध आरा मशीन का वीडियो वायरल होने के बाद डीएम के आदेश पर क्षेत्र के अमानाबाद में प्रशासन ने दो आरा मशीनों को उखड़वा दिया। इन पर विभागीय कार्रवाई भी की। बावजूद इसके सहना, रानीपुर, छपिया, खडाऊ, मेहड़ा सहित अनेक जगहों पर अवैध आरा मशीनें चल रही हैं। वन दरोगा हरिश्चन्द्र उपाध्याय ने कहा कि उनके क्षेत्र में तीन लाइसेंस विभाग ने दिया है। बिना लाइसेंस जो भी आरा मशीनें चलती मिलेंगी उन पर विभागीय कार्रवाई की जाएगी। संवाद

# बंटवारे की रंजिश को लेकर मारपीट

बस्ती। गौर क्षेत्र के बभनान बजार में मकान के बंटवारे की रंजिश में सावित्री देवी की उसके पट्टीदारों ने पिटाई कर दी। इस मामले में पुलिस ने पीड़िता की तहरीर पर कस्बे के ही सनी व पिंकी के खिलाफ केस दर्ज कर घटना की जांच शुरु कर दी है।

# विभाग ने घड़ियाल के शव को नदी में फेंका

जागरण संवाददाता,दुवौलिया: दुबौलिया थाना क्षेत्र के कटरिया-चांदपुर तटबंध पर खलवा गांव के निकट बनी बाढ़ चौकी के ठीक सामने सरयू नदी के दक्षिणी छोर पर मृत मिले घड़ियाल को वन विभाग की टीम ने कार्यवाही से बचने के लिए बांस बल्ली द्वारा धकेल दिया, जिससे वह नदी में बह गया। वन विभाग का यह कारनामा चर्चा का विषय बना हुआ है।

मंगलवार को खलवा गांव के कुछ किसान जो सरयू नदी उस पार खेती करने जाते हैं, उन्होंने नदी के दक्षिणी छोर पर एक मृत घड़ियाल देखा। उसका शव पानी में उल्टा पड़ा हुआ था। इसकी सूचना ग्रामीणों ने वन विभाग को दी। बुधवार की सुबह वन दारोगा अभिषेक यादव व वनरक्षक वंदना तिवारी अपनी टीम के साथ तटबंध पर पहुंची। टीम स्थानीय लोगों की मदद से नाव लेकर घड़ियाल के पास पहुंची। इसी बीच वन कर्मियों ने बांस बल्ली द्वारा मृत घड़ियाल को नदी के तेज बहाव में धकेल दिया। बहाव तेज होने के चलते घड़ियाल नदी में बह गया और टीम वापस चली आई। क्षेत्रीय वन अधिकारी कप्तानगंज राजीव प्रसाद व डिप्टी रेंजर ज्ञान प्रकाश गौतम भी पहुंच गए, मगर सभी कोरम पूरा कर वापस लौट गए।



सरयू नदी में मिले मृत घड़ियाल को बांस से नदी में ढकेलते • जागरण



कटरिया-चांदपुर तटबंध पर खड़े कप्तानगंज वन रेंजर राजीव प्रसाद • जागरण

**दफन हो गया घड़ियाल की मौत का राज:** दुबौलिया थाना क्षेत्र में अक्सर जलीय जीव के मृत मिलने की सूचना मिलती रहती है, मगर अभी तक उनके मृत्यु का कारण नहीं चल सका है। ग्रामीणों को आशंका है कि दुबौलिया क्षेत्र में सरयू नदी के जलीय जीव का शिकार हो रहा है। वहीं विभाग जलीय जीवों को नदी से निकाल कर उनका पोस्टमार्टम तक नहीं करा रही है जिससे उनकी मृत्यु का कारण पता नहीं चल पा रहा है। मृत घड़ियाल का नदी में बह जाने से अब उसकी भी मृत्यु का राज भी दफन हो गया।

डीएफओ जय प्रकाश सिंह ने बताया कि वन विभाग की टीम को मौके पर भेजा गया था, वहां क्या हुआ अभी उन्हें इसकी जानकारी नहीं हो पाई है। यदि वन कर्मियों ने घड़ियाल के शव को नदी से बाहर निकालने की बजाए नदी के आगे धकेल दिया गया तो यह गलत। रेंजर कप्तानगंज से पूरे प्रकरण की रिपोर्ट मांगी जाएगी।



पर्यावरण दिवस पर कार्यक्रम में उपस्थित जनपद न्यायाधीश कुलदीप सक्सेना व अन्य • सौ. विभाग



परिक्षेत्र कार्यालय परिसर में पौधा लगाते आइजी आरके भारद्वाज साथ में बेटी नव्या • सौ. विभाग



अपने आवास परिसर में पौधा लगाने के बाद पानी डालते हुए पुलिस अधीक्षक गोपाल कृष्ण चौधरी • सौ. विभाग

# पर्यावरण संरक्षण करना नैतिक जिम्मेदारी

## पर्यावरण दिवस पर रोपे गए विभिन्न प्रजातियों के पौधे, हरियाली बढ़ाने का लिया संकल्प



विश्व पर्यावरण दिवस पर पौधारोपण करते जागरण पब्लिक स्कूल के प्रधानाचार्य अवनि कुमार मिश्र व शिक्षक • जागरण




कृषि विज्ञान केंद्र बंजरिया में पर्यावरण दिवस पर आयोजित गोष्ठी को संबोधित करते केंद्राध्यक्ष प्रो .एसएन सिंह • सौ.स्वयं

जागरण संवाददाता, बस्तीः विश्व पर्यावरण दिवस पर शहर व ग्रामीण क्षेत्रों में विभिन्न स्थानों पर जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए गए। इस दिवस की महत्ता को देखते लोगों ने पौधे लगाए। गर्मी के मौसम में पौधों को बचाने तथा धरती पर हरियाली बढ़ाने का संकल्प लिया।

बुधवार को जनपद न्यायालय परिसर में वनविभाग के सहयोग से पर्यावरण दिवस मनाया गया। जनपद न्यायाधीश कुलदीप सक्सेना, परिवार न्यायालय की प्रधान न्यायाधीश अनुराधा रानी, अपर प्रधान न्यायाधीश तारकेश्वरी सिंह, अपर जिला जज विनोद कुमार एवं विजय कुमार कटियार, सीजेएम आशीष कुमार राय तथा डीएफओ जय प्रकाश सिंह ने पौधा रोपित कर पर्यावरण संरक्षण में अपनी भूमिका निर्वहन करने के लिए सबको प्रेरित किया। वहीं परिक्षेत्र कार्यालय में आइजी रेंज आरके भारद्वाज ने बेटी नव्या के साथ आम्रपाली का पौधा लगाया। वन महोत्सव के तहत जुलाई में रोपित किए जाने वाले पौधों के लिए विभाग के अधिकारियों, कर्मचारियों को प्रेरित किया।



हर्रैया में पौधारोपित करते वन रेंजर सर्वदानंद व तहसीलदार अनुराग • जागरण

कृषि विज्ञान केंद्र बंजरिया में पर्यावरण दिवस पर गोष्ठी का आयोजन किया गया। केंद्राध्यक्ष प्रो.एसएन सिंह ने कहा कि पर्यावरण संरक्षण करना सबकी नैतिक जिम्मेदारी है। प्रकृति के बिना मानव जीवन संभव नहीं है। हम सभी को पेड़-पौधों, जंगल, पर्वत, नदियों, झीलों के महत्व को समझना होगा। केंद्र के विज्ञानी डा.डीके श्रीवास्तव, डा.वी बी सिंह, डा.प्रेम शंकर, हरिओम मिश्रा, निखिल सिंह, रविशंकर पांडेय, सर्वेंद्र श्रीवास्तव की उपस्थिति में ग्लोबल वार्मिंग से बचाने के लिए प्रत्येक व्यक्ति को कम से कम दो पेड़ लगाने की शपथ दिलाई गई। पुलिस अधीक्षक गोपाल कृष्ण चौधरी ने अपने अधीनस्थों के साथ आवास परिसर में पौधारोपण किया। उन्होंने कहा कि पेड़ रहेंगे तो पर्यावरण भी संतुलित रहेगा। धरती पर हरियाली रहेगी तभी हम सुरक्षित रह सकेंगे। इस अवसर पर समस्त क्षेत्राधिकारी पुलिस लाइन प्रमोद कुमार राय, क्षेत्राधिकारी गोपनीय कार्यालय राजकुमार गुप्ता, प्रशिक्षु क्षेत्राधिकारी यामीन अहमद, प्रतिसार निरीक्षक संदीप राय, एसपी के पीआरओ पवन कुमार मिश्र, टीएसआइ कामेश्वर सिंह, उप निरीक्षक गजेंद्र प्रताप सिंह सहित अन्य पुलिस कर्मी मौजूद रहे।

वहीं जागरण पब्लिक स्कूल में पर्यावरण दिवस पर प्रधानाचार्य अवनि कुमार मिश्र के नेतृत्व में पौधा रोपित किया गया। विद्यालय परिसर को हरा-भरा रखने, फूलों से सुसज्जित रखने के साथ बच्चों को पर्यावरण के प्रति जागरूक करने के लिए संकल्प दिलाया गया। शिक्षक परवेज अहमद, लीलावती शुक्ला, दुर्गेश नंदिनी के साथ कौशल किशोर शुक्ल, मंजीत,संदीप, फूलचंद्र ने पौधे लगाए। कंपनीबाग में चित्रांश क्लब महिला विंग की अध्यक्ष प्रतिमा श्रीवास्तव, लक्ष्मी अरोड़ा के संयोजन में जागरूकता कार्यक्रम चलाया गया। क्लब के सदस्यों ने एक-एक पौधे रोपित किए। अंकुर वर्मा, राजेश चित्रगुप्त, अविनाश श्रीवास्तव, जी रहमान, रेखा चित्रगुप्त, शीला पाठक ने पौधे लगाए। जीवीएम कांवेंट स्कूल में प्रबंधक संतोष सिंह, प्रधानाचार्य विजय लक्ष्मी सिंह, राजश्री, अनमता , राकेश , राजेश सहित अनेक लोगों ने पर्यावरण दिवस पर पौधे लगाए।

### पृथ्वी पर बिना पौधे के मनुष्य का जीवन संभव नहीं

जासं,हर्रैया : हर्रैया तहसील परिसर में तहसीलदार अनुराग सिंह व वन क्षेत्राधिकारी शारदानंद तिवारी ने पौधारोपण किया। साथ ही उपस्थित कर्मचारियों को पर्यावरण संरक्षण के लिए हरियाली को बढ़ावा देने का संकल्प दिलाया व पौधारोपण करने अपील किया। नायब तहसीलदार विजय कुमार गुप्ता, वन दरोगा कृपाशंकर, दीनानाथ द्विवेदी, प्रेम प्रकाश कनौजिया, लाल बहादुर आदि उपस्थित रहे।

# मारपीट के मामलों में दस पर केस दर्ज

बस्ती। मारपीट के मामले में पुलिस ने दस लोगों पर केस दर्ज किया है।

कोतवाली पुलिस ने रौता चौराहे पर हुए मारपीट में विमलेश पर केस दर्ज किया है। पुलिस को रौता पार गांव निवासी संदीप ने तहरीर देकर कहा कि हंसी-मजाक करने पर मना करने पर उसकी पिटाई कर दी गई।

मारपीट कर घायल करने के आरोप में मझौआ बाबू निवासी मंगल प्रताप सिंह सिंह की तहरीर पर इंद्र कुमार तिवारी, इंद्रमणि तिवारी, रिषभ तिवारी, वेद प्रकाश तिवारी व अनीश तिवारी पर केस दर्ज किया है।

छावनी पुलिस ने बछईपुर गांव में पुरानी रंजिश में हुए मारपीट के मामले में गांव के सभाजीत सिंह की तहरीर पर रामकिसुन, लालबहादुर, हरिराम, शिब्बू पर केस दर्ज किया है। संवाद

# ग्रामीणों से लाखों रुपये लेकर फाइनेंस कंपनी फरार

## रुधौली कस्बे में 25 दिन पहले खुला था कार्यालय

रुधौली। ग्रामीणों को ऋण देने के नाम पर कथित फाइनेंस कंपनी लाखों रुपये लेकर फरार हो गई। ग्रामीणों ने रुधौली पुलिस से शिकायत कर केस दर्ज करने की मांग की है।

पुलिस को दी गई तहरीर में कुसम्ही कुंवर निवासी मनमोहन भट्ट ने बताया कि डुमरियागंज मार्ग पर करीब 25 दिन पहले ग्रामीण विकास माइक्रो फाइनेंस के नाम से एक कार्यालय खुला था। ग्रामीणों को दो से पांच लाख रुपये तक का ऋण देने की बात कही गई। इसमें कई ग्रामीणों ने 25 दिन के भीतर लाखों रुपये जमा किए। कंपनी के मैनेजर कमलेश जायसवाल ने ऐसे लोगों को पांच जून को ऋण की प्रक्रिया पूरा करने के लिए बुलाया गया था।

जब यह लोग बुधवार को कार्यालय पहुंचे तो पता चला कि फाइनेंस कंपनी वाले भाग गए हैं। यह सुनकर लोगों के पैर के नीचे से जमीन खिसक गई। इसके बाद इंद्रवती, सुनीता, दयाशंकर, पार्वती, संगीता, केशर, मीना शारदा आदि ने थाने पहुंचकर लिखित शिकायत दर्ज कराई। प्रभारी निरीक्षक ने बताया कि मामला संज्ञान में है। संवाद

# संपत्ति कुर्की के लिए आयुक्त कमिश्नरेट को भेजा गया पत्र

## अमरमणि केस : गोरखपुर की संपत्ति के लिए जीडीए नगर निगम से मांगा ब्योरा

संवाद न्यूज एजेंसी

**बस्ती।** व्यापारी पुत्र राहुल मद्धेशिया अपहरण केस में आरोपी पूर्व मंत्री अमरमणि त्रिपाठी के संपत्तियों की अन्य संपत्तियों की कुर्की करने की पुलिस ने कवायद तेज कर दी है। सात जून को इस मामले की एमपी एमएलए कोर्ट में सुनवाई होनी है। इस मामले में कोतवाली पुलिस को गोरखपुर के अन्य संपत्तियों को चिह्नित तथा गोरखपुर व लखनऊ स्थित संपत्ति को कुर्क कर ब्योरा न्यायालय में देना होगा।

30 मई को सुनवाई के दौरान लोकसभा चुनाव में पुलिस बल की व्यस्तता के आधार पर कोतवाली पुलिस ने न्यायालय में समय मांग लिया था। इसे मंजूर करते हुए न्यायालय ने सात जून तक की मोहलत दी थी। इस बीच लखनऊ की संपत्ति की कुर्की और गुमनाम पत्र के जरिए गोरखपुर में बताई गई संपत्ति के बारे में ब्योरा जुटाकर न्यायालय में पेश करना होगा।

एमपी एमएलए फास्ट ट्रैक कोर्ट प्रथम के न्यायाधीश प्रमोद कुमार गिरि की अदालत में अपहरण केस की सुनवाई चल रही है। लगातार न्यायालय से गैर हाजिर रहने की दशा में न्यायालय ने आरोपी पूर्व मंत्री अमरमणि त्रिपाठी की सभी संपत्तियों को कुर्क करने का आदेश दिया था। इसके तहत पुलिस ने जनपद महराजगंज और लखनऊ में अमरमणि की संपत्ति पाए जाने की रिपोर्ट न्यायालय को सौंपी थी। दोनों संपत्तियों की कुर्की की कार्रवाई शुरू हुई। इस क्रम में कोतवाली पुलिस ने 13 अप्रैल को महराजगंज जनपद में नौतनवां स्थित आवास को कुर्क किया था।

30 अप्रैल को इसकी रिपोर्ट न्यायालय में पेश भी की गई। जबकि उनके लखनऊ स्थित संपत्ति की कुर्की के लिए पुलिस ने मोहलत की अर्जी लगाई। न्यायालय ने पुलिस को कुर्की के लिए समय तो दे दिया, मगर न्यायाधीश ने न्यायालय में गोपनीय पत्र प्राप्त होने का जिक्र किया। इसके आधार पर कोतवाली पुलिस को आदेश दिया कि गुमनाम पत्र में बताई गई संपत्तियों की जांच कर यदि गोरखपुर में भी आरोपी अमरमणि की संपत्ति पाई जाए तो उसे भी कुर्क किया जाए।

कोतवाल विजय ने बताया कि गोरखपुर में अन्य संपत्तियों का पता लगाने के लिए जीडीए, नगर निगम व एसडीएम को पत्र भेजा गया था, मगर जवाब नहीं मिला है। रिमांडर भेजा गया है। लखनऊ में संपत्ति कुर्की के लिए मजिस्ट्रेट की उपलब्धता के लिए एसपी की ओर से आयुक्त कमिश्नरेट को दो बार पत्र भेजा जा चुका है।

# पौधे रोपित कर पर्यावरण सुरक्षा का लिया संकल्प

## पर्यावरण दिवस : आईजी ने रेंज परिसर और जिला न्यायाधीश ने न्यायालय परिसर में लगाए पौधे

संवाद न्यूज एजेंसी

**बस्ती।** पर्यावरण दिवस पर बुधवार को जगह-जगह पौधे रोपित कर पर्यावरण की सुरक्षा का संकल्प लिया। जिले भर में स्कूलों, अधिकारियों व स्वयंसेवी संगठन पौधे रोपित किए। जिला एवं सत्र न्यायाधीश कुलदीप सक्सेना ने पर्यावरण दिवस पर न्यायालय परिसर में पौधारोपण किया।

इस मौके पर प्रमोद गिरी, विनोद कुमार सप्तम, ताड़केश्वर सिंह, मोटर दुर्घटना अधिकारी अखिलेश दुबे, सीजीएम आशीष कुमार राय, एसीजेएम द्वितीय अर्पित यादव आदि मौजूद रहे।

वहीं सिविल बार एसोसिएशन के परिसर में महामंत्री दयाशंकर दुबे, वरिष्ठ उपाध्यक्ष गोपेंद्र अग्रहरि एडवोकेट की अगुवाई में सिविल बार के अध्यक्ष बद्री प्रसाद दुबे जनपद एवं सत्र न्यायाधीश कुलदीप सक्सेना आदि ने पौधरोपित कर पर्यावरण संरक्षण का संकल्प लिया। आईजी आरके भारद्वाज ने बेटी नव्या के साथ रेंज परिसर में पौधरोपण किया।

इसके अलावा चित्रांश क्लब महिला विंग बस्ती की अध्यक्ष प्रतिमा श्रीवास्तव व कोषाध्यक्ष लक्ष्मी अरोड़ा के संयोजन में कंपनी बाग में पौधरोपण अभियान की शुरुआत की। इस दौरान क्लब के संरक्षक एवं बस्ती नगर पालिका परिषद प्रतिनिधि अंकुर वर्मा, क्लब संस्थापक राजेश चित्रगुप्त आदि मौजूद रहे।

भानपुर प्रतिनिधि के अनुसार पौधरोपण अभियान के तहत वन प्रभाग रेंज रामनगर क्षेत्र के 225 हेक्टेयर भूमि पर 3,60,417 पौधेरोपित करेगा। वन प्रभाग रेंज रामनगर की ओर से उगाए गए पौधों के बारे जानकारी देते हुए वन क्षेत्राधिकारी सोनल वर्मा ने बताया कि रेंज के चार ब्लॉकों रामनगर, सल्टौआ, गौर व रुधौली के लिए आठ पौधशालाओं मे कुल 16, 73, 109 पौधे तैयार किए जा रहे हैं, ज

गनेशपुर संवाद के अनुसार विश्व पर्यावरण दिवस के मौके पर बुधवार को सदर विकास क्षेत्र के पीएमश्री कंपोजिट विद्यालय परसा जागीर में राज्य अध्यापक पुरस्कार प्राप्त प्रधानाध्यापक डॉ शिव प्रसाद व बच्चों के अभिभावकों के साथ विद्यालय परिसर में आम, नारियल, हर्रे, बहेड़ा के पौधे लगाकर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया।




विश्व पर्यावरण दिवस पर जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान के प्रशिक्षुओं ने जागरुकता रैली निकाली। संवाद

### पौध लगाने का दिया संदेश

**बनकटी।** क्षेत्र के सुरापार, कड़सरी आदि ग्राम पंचयतों व बनकटी ब्लॉक मुख्यालय में बीडीओ भवानी प्रसाद शुक्ल ने पौधरोपण कर सभी को पौध लगाने का संदेश दिया। द सिटी मांटेसरी स्कूल में विश्व पर्यावरण दिवस पर विद्यालय के प्रबंधक अनूप खरे एवं प्रधानाचार्य नूपुर त्रिपाठी समस्त अध्यापक व बच्चों के साथ विद्यालय परिसर में पौधरोपण कर महत्ता बताई। नगर एवं बहादुरपुर प्रतिनिधि के अनुसार बहादुरपुर के ग्राम पंचायत पोखरनी में दक्षिण तालाब किनारे पौध रोपित किए।



एपीएन पीजी कॉलेज में पौधा लगाते एनसीसी कैडेट्स। संवाद




पर्यावरण दिवस पर पौधरोपण करते न्यायिक अधिकारी। संवाद

### वनकर्मियों ने बच्चों संग किया पौधरोपण

**भानपुर।** विश्व पर्यावरण दिवस के मौके पर वन प्रभाग रेंज रामनगर के वन कर्मियों ने वन क्षेत्राधिकारी सोनल वर्मा के नेतृत्व में प्राथमिक विद्यालय शनिचरा में बच्चों के साथ पौधरोपण किया। वनक्षेत्राधिकारी ने बच्चों को पर्यावरण में पेड़-पौधों के महत्व के बारे जानकारी दी। उन्हें अपने-अपने घरों और खेतों में पौधे लगाने के लिए प्रेरित किया। गोष्ठी में वन रक्षक धर्मेंद्र यादव ने भी लोगों को पर्यावरण के बारे में जानकारी दी। इस मौके पर ग्राम प्रधान असनहरी प्रेम प्रेकाश चौधरी, वन दरोगा सदानंद शुक्ला, विजय प्रकाश, संजय सिंह आदि मौजूद रहे। संवाद



आईजी ने बेटी के साथ किया पौधरोपण। संवाद



हर्बल पार्क पर चिकित्सकों ने किया पौधरोपण। संवाद

# शादी का झांसा देकर किशोरी से दुष्कर्म

**पैकोलिया।** किशोरी के साथ शादी का झांसा देकर दुष्कर्म करने का मामला सामने आया है। पीड़िता का आरोप है कि आरोपी वीडियो वायरल करने की धमकी दे रहा है। उसने पैकोलिया थाने पर सुनवाई न होने पर पहले भी पुलिस कप्तान को शिकायती पत्र दिया था।

बुधवार को फिर पीड़िता ने स्थानीय पुलिस को तहरीर दी है। पीड़िता का आरोप है कि गांव का ही रामकदंब वर्मा तीन साल से उसके साथ शारीरिक संबंध बनाता रहा, जब वह बालिग हुई और शादी करने का दबाव बनाया तो इन्कार करने लगा। शारीरिक संबंध के दौरान आरोपी ने वीडियो भी बना लिया था।

इसी बीच अजय निवासी अज्ञात, रामबरन यादव ,रामजनम वर्मा ,रामशब्द वर्मा ने सुलह-समझौता करा दी थी कि उसकी शादी करवा दी जाएगी। थानाध्यक्ष रामफल चौरसिया ने बताया है कि तहरीर मिली है। संवाद

# 15 के खिलाफ शांति भंग की कार्रवाई

**बनकटी।** लालगंज थाना क्षेत्र के विभिन्न मामलों क्षेत्र के बेलवा संतकबीरनगर , कुदरहा,सपहा खोरिया कल्यापुर, परमेश्वर पुर विरतिया आदि गांवों से 15 लोगों के खिलाफ शांति भंग की कार्रवाई कर पुलिस ने न्यायालय भेजा है।

लालगंज थाना क्षेत्र के कुदरहा निवासी राम भरत, शिव मुरत, मोती लाल ,राम आज्ञा चौधरी व कल्याण पुर निवासी अनिल कुमार, कमलेश कुमार, बाबू लाल ,शशिकांत, व सपहा निवासी कृष्ण चंद ,मिथिलेद् पांडेय, खारिया निवासी राजकुमार चौरसिया व परसांव निवासी रिंकू पाल , विरतिया निवासी गंगा राम सहित संतकबीरनगर नगर जनपद के मो सुफियान निवासी बेलवा सहित 15 लोगों के खिलाफ लालगंज पुलिस ने शांति भंग की कार्रवाई की है। संवाद

SIDDHARTH NAGAR POLICE

# सराहनीय कार्य दिनांक:- 06-06-2024

# जहरीला पदार्थ खाने से महिला की मौत

इटवा (एसएनबी)। त्रिलोकपुर थाना क्षेत्र के ग्राम बेंव मुस्तहकम में जहरीला पदार्थ खाने से एक महिला मौत हो गई है। सूचना पर मौके पर पहुंची पुलिस ने पोस्टमार्टम करवाने के लिए शव को अपने कब्जे में लेकर जिला मुख्यालय भेज दिया है। बेंव मुस्तहकम निवासी रामपाल चौरसिया की बयालिस वर्षीय पत्नी रेखा चौरसिया ने घर पर मंगलवार को देर रात लगभग 10 बजे कोई जहरीला पदार्थ खा लिया। इसकी तबीयत बिगड़ता देख परिजन इलाज के लिए इसे सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बेंवा ले गए जहां डक्टरों ने हालात बिगड़ता देख बस्ती के लिए रेफर कर दिया। बस्ती ले जाते समय रास्ते में इस महिला की मौत हो गई है।यह जानकारी उसके पति राम पाल ने दिया है। बुधवार को सूचना मिलने पर पुलिस ने मृतक महिला के परिजनों का बयान दर्ज किया । लाश को कब्जे मे लेकर पोस्टमार्टम के लिए सिद्धार्थनगर भेज दिया है। इस संबंध में थाना अध्यक्ष त्रिलोकपुर चंदन कुमार ने बताया कि लाश को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद आगे की कार्यवाही की जाएगी।

# दुष्कर्म का आरोपी गिरफ्तार

डुमरियागंज (एसएनबी)। डुमरियागंज थाना क्षेत्र में एक युवक ने लगभग 5 बर्षीय एक बालिका के साथ दुष्कर्म करने का मामला प्रकाश में आया है। घटना मंगलवार की शाम की बताई जा रही है। आरोपी ने बालिका को अकेले देखकर घर में घुसकर दुष्कर्म किया। परिजनों की तहरीर पर पुलिस ने घटना की रिपोर्ट दर्ज कर पीड़िता को मेडिकल परीक्षण के लिए जिला मुख्यालय भेजा है। डुमरियागंज टाउन निवासी महिला ने बताया कि वह मंगलवार शाम को अपने घर पर भोजन बनाने की तैयारी कर रही थी ऊपर छत पर सब्जी काट रही थी मेरी लड़की नीचे खेल रही थी तब तक लड़की को अकेला देखकर मौका पाकर पड़ोस का ही युवक घर में घुस आया और बालिका को डरा धमका कर दुष्कर्म किया। बालिका के जोर-जोर से रोने की आवाज सुनी तो नीचे आकर देखी तो युवक बच्ची के पास में था बच्ची काफी डरी सहमी थी और जोर जोर से रो रही थी आरोपी धमकी देकर वहां से भाग गया। घटना के मामले में हिन्दू युवा वाहिनी के प्रदेश प्रभारी व पूर्व विधायक राघवेंद्र प्रताप सिंह ने पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थनगर को फोन किया और तत्काल मुकदमा दर्ज कर सख्त से सख्त कार्यवाही करने को कहा।इस सम्बन्ध में पुलिस क्षेत्राधिकार डुमरियागंज अखिलेश वर्मा ने बताया कि आरोपी के खिलाफ दुष्कर्म, पाक्सो एक्ट सहित अन्य धाराओं में मुकदमा दर्ज किया गया है और आरोपी को गिरपतार कर लिया गया है।





विश्व पर्यावरण दिवस पर बुधवार को शहर के बुद्धा पार्क में पौधरोपण करते जिलाधिकारी पवन अग्रवाल (बाएं)। पुलिस लाइंस परिसर में पौधरोपण करती एसपी प्राची सिंह (मध्य में)। इटवा ब्लॉक परिसर में बीडीओ राजकुमार ने कर्मियों के साथ पौधरोपण किया।

## जिले में पर्यावरण पर जगह-जगह आयोजित हुई गोष्ठियां, न्यायालय परिसर में पौधरोपण कर उसे बचाने की ली गई शपथ

# पौधरोपण कर पर्यावरण सुरक्षा का लिया संकल्प

विश्व पर्यावरण दिवस

सिद्धार्थनगर, निज संवाददाता। विश्व पर्यावरण दिवस के मौके पर बुधवार को पूरे जिले में जगह-जगह गोष्ठियां हुईं। पौधरोपण कर पर्यावरण सुरक्षा का संकल्प लिया गया। इस अवसर पर सामूहिक रूप से अधिकाधिक पौध लगाने की शपथ भी ली।

सामाजिक वानिकी वन प्रभाग की ओर से शहर स्थित बुद्ध वन विहार पार्क में जन-जागरूकता कार्यक्रम संपन्न हुआ। डीएम पवन अग्रवाल ने कहा कि हम सभी को पर्यावरण स्वच्छता व संतुलन बनाए रखने के लिए सतत प्रयासरत रहना चाहिए। मानव सृष्टि का सर्वाधिक विकसित प्राणी है, मानव को संपूर्ण प्राणि जगत के अस्तित्व की सुरक्षा हेतु सतत रूप से जागरूक रहना चाहिए।

डीएम ने बुद्ध वन विहार पार्क में स्थापित बुद्ध प्रतिमा पर माल्यार्पण करने के बाद पर्यावरण शपथ भी दिलाया तथा पौधारोपण भी किया। सीडीओ जयेंद्र कुमार, नोडल अधिकारी पर्यावरण/ प्रभागीय वनाधिकारी पुष्प कुमार, उप प्रभागीय वनाधिकारी सिद्धार्थनगर सीना तिवारी ने भी अपना विचार व्यक्त किया। इस अवसर पर अमरनाथ सिंह, मोहम्मद इलियास खान, अजय कुमार शुक्ल, सुशील कुमार, शिव कुमार गुप्त, राणा प्रताप सिंह, श्रीधर पांडेय, एएफ सिद्दीकी, केपी त्रिपाठी, शिक्षक एसपी त्रिपाठी, आरिफ सिद्दीकी, अभिषेक चौधरी आदि मौजूद रहे।

वहीं विश्व पर्यावरण दिवस पर बुधवार को पुलिस लाइंस परिसर में एसपी प्राची सिंह ने पुलिस परिवार के बच्चों के साथ छायादार व फलदार पौधों को रोपित किया। उन्होंने पुलिस परिवार और पुलिस परिवार के बच्चों को पर्यावरण संरक्षण करने को प्रेरित किया।




सिद्धार्थ विवि कपिलवस्तु परिसर में पौधरोपण के दौरान कुलपति और छात्र (बाएं)। जनपद न्यायालय परिसर में पौधरोपण कार्यक्रम में न्यायिक अधिकारी और अधिवक्ता।

### सिद्धार्थ विवि में पर्यावरण बचाने को दिया संदेश

सिद्धार्थ विश्वविद्यालय कपिलवस्तु में विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर पौधरोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कुलपति प्रो. हरि बहादुर श्रीवास्तव व कुलसचिव डॉ. अमरेन्द्र कुमार सिंह ने विश्वविद्यालय कैंपस में पौधरोपण किया। एनसीसी ऑफिसर व कैडेट्स ने भी पौधरोपण किया। डॉ. प्रज्ञेश नाथ त्रिपाठी, डॉ. यशवंत यादव, डॉ. विमल चंद्र वर्मा, नागेंद्र यादव, नीत कमल गुप्त, जया जायसवाल, विशाल कुमार, नीतू कुमारी, रजनीश यादव, सपना, डेजी, शालिनी, गायत्री, नंदिनी, विष्णु गुप्त, धीरज आदि मौजूद रहे।

### न्यायिक अफसरों और अधिवक्ताओं ने किया पौधरोपण

जनपद न्यायाधीश एवं अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण सिद्धार्थनगर विरजेन्द्र कुमार सिंह के निर्देशन में जनपद न्यायालय परिसर में विश्व पर्यावरण दिवस विषय पर विधिक साक्षरता शिविर व पौधरोपण का आयोजन किया गया। प्रधान न्यायाधीश परिवार न्यायालय रमेश चन्द्र-प्रथम व पीठासीन अधिकारी मोटर दुर्घटना दावा अधिकरण अरविन्द राय, जनपद न्यायालय में कार्यरत सभी न्यायिक अधिकारी, सिविल सिद्धार्थ सिविल बार एसोसिएशन के अध्यक्ष इंदु कुमार सिंह व महामंत्री दिव्य प्रकाश शुक्ल समेत अन्य अधिवक्ता उपस्थित रहे। अपर जनपद एवं सत्र न्यायाधीश एवं पूर्णकालिक सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण मनोज कुमार तिवारी की अगुवाई में जजेज कॉलोनी और जिला कारागार में पौधरोपण किया गया।

### ब्लॉक कर्मियों ने पर्यावरण बचाने की ली शपथ

इटवा। विश्व पर्यावरण दिवस पर बुधवार को इटवा ब्लॉक परिसर में बीडीओ राजकुमार के साथ ब्लॉक कर्मियों ने विभिन्न प्रजातियों के पौधे रोपित कर पर्यावरण को बचाने का संकल्प दोहराया।

बीडीओ ने कहा कि पर्यावरण की समस्या अब विश्वव्यापी बन चुकी है। इसे बिगाड़ने में विकसित देशों की भूमिका अहम रही है। क्षणिक लाभ व सुख सुविधाओं के लिए प्रेरित विचार भविष्य को अंधकार में धकेल दिया है। आज यह समस्या संपूर्ण विश्व के परिवेश में देखी जा रही है। इसके निदान के बगैर जीवों का ही नहीं मनुष्य का भी जीवन खतरे में पड़ सकता है। इसके लिए समाज के सभी वर्गों को सामूहिक पौधरोपण अभियान चलाने की जरूरत है। इस अवसर पर एडीओ पंचायत बृजेश गुप्त, एपीओ प्रमोद कुमार, सचिव जावेद, विजय कुमार, सुमित श्रीवास्तव, निरंजन, रामप्रकाश, संदीप कुमार, कृजलाल आदि मौजूद रहे।

# लूट की सूचना पर दौड़ती रही पुलिस, मामला फर्जी निकला

## पूछताछ में पता चला कि कारोबारी का सोना हड़पने के लिए रची थी लूट की साजिश

संवाद न्यूज एजेंसी

**शोजरतगढ़।** चिल्हिया थाना क्षेत्र कदवा बाजार निवासी एक आभूषण व्यापारी ने बुधवार को संतोरी गांव के पश्चिम बानगंगा कैनान नहर पर लगे एक फाटक के पास तीन लाख रुपये की कीमत का सोना-चांदी सहित आठ सौ रुपये की छीनने की कहानी रच ली।

सूचना मिलने पर डायल-112 व चिल्हिया की पुलिस घटना स्थल पर दौड़ती रही। जब मामले में व्यापारी से पूछताछ की तो पता चला कि बड़े व्यापारियों का सोना व रुपया बकाया था। जो सोना-चांदी गला कर रखा था, कहीं गिर गया। व्यापारी उसकी मांग कर रहे थे। इसीलिए लूट की कहानी रचनी पड़ी। ताकि सोना व रुपया व्यापारियों को न देना पड़े।

### चिल्हिया संतोरा गांव के पास हुई घटना

क्षेत्र के कदवा बाजार निवासी राजेश कौशल गांव-गांव फेरी लगाकर सोने-चांदी के आभूषण खरीदता बेचता है। ग्राहकों के पुराने सोने व चांदी को खरीदकर उसे गलाकर, जो बड़े व्यापारी नए सोने की खरीद करते थे। उन्हें पुराना सोना गला कर दे देता था। क्योंकि जो सोना, चांदी ग्राहकों को बेचते थे, वह क्रेडिट पर उठाते थे।

बुधवार को राजेश कौशल संतोरी ने डायल-112 पुलिस को फोन कर कहा कि पकड़ी बाजार की तरफ गांव में सोने-चांदी का व्यापार करने के लिए गया था। जैसे ही संतोरी गांव के पश्चिम बानगंगा कैनान नहर पर लगे एक फाटक के पास पहुंचा, कुछ लोगों ने मेरा बैग छीन लिया। मुझे डराया धमकाया भी। बैग में तीन लाख रुपये की कीमत का सोना व चांदी व आठ सौ रुपये रखे थे।

सूचना पर डायल-112 की पुलिस मौके पर पहुंच गई। उसके बाद चिल्हिया थाने की पुलिस व सीओ भी मौके पर पहुंच गए, और घटना की जांच में लग गए। करीब चार घंटे पुलिस इधर से उधर छिनैती करने वालों को ढूंढती रही, लेकिन कोई जानकारी नहीं मिली। उसके बाद पुलिस व्यापारी राजेश कौशल से पूछताछ करने लगी। पूछताछ में राजेश कौशल अलग-अलग तरीके से पुलिस को जानकारी देने लगा। जब पुलिस ने उससे सख्ती से पूछताछ की, तो उसने पुलिस को इकरारनामा लिखकर जानकारी दी कि बड़े व्यापारियों का सोना व रुपया बकाया था। जो सोना गलाकर रखे थे। 10 दिन पहले कहीं गिर गया।

व्यापारी सोना-चांदी व रुपये की मांग कर रहे थे। इसीलिए लूट की कहानी रचनी पड़ी। इस संबंध में चिल्हिया एसओ ने बताया कि राजेश कौशल ने छिनैती की घटना रची थी। व्यापारियों का बकाया होने की वजह से उसने यह कदम उठाया, जिसमें कोई कार्रवाई नहीं चाहते हैं। इसकी तहरीर थाने पर दी है।

# छिनैती की झूठी सूचना पर घंटों परेशान रहे पुलिसकर्मी

- एक आभूषण व्यापारी ने पुलिस को दी झूठी सूचना
- व्यापारी से कड़ाई से पूछताछ की तो कबूल ली झूठी सूचना देने की बात

चिल्हिया, हिन्दुस्तान संवाद। चिल्हिया थाना क्षेत्र के कंदवा बाज़ार निवासी एक आभूषण व्यापारी ने बुधवार को पुलिस को उसके साथ संतोरी गांव के पश्चिम बानगंगा मुख्य नहर फाटक के पास करीब तीन लाख रुपये के सोना-चांदी व आठ सौ रुपये नकदी की छिनैती की सूचना दी। सूचना पर पहुंची पुलिस घंटों छिनैती करने वालों को ढूंढती रही पर कुछ पता नहीं चला। इसके बाद व्यापारी से कड़ाई से पूछताछ की तो उसने झूठी सूचना देने की बात कबूल ली। इसके बाद पुलिस कर्मियों ने राहत की सांस ली।

बुधवार की सुबह 10 बजे कंदवा बाजार निवासी स्वर्ण व्यवसायी राजेश कौशल ने डायल 112 व चिल्हिया पुलिस को फोन करके बताया कि पकड़ी बाज़ार की तरफ गांव में सोने-चांदी का व्यापार करने के लिए जाते समय संतोरी गांव के पक्षिम बानगंगा मुख्य नहर पर लगे एक फाटक के पास कुछ लोग ने मेरे बैग छीनकर भाग गए। बैग में तीन लाख रुपये कीमत के सोना-चांदी व आठ सौ रुपये रखे थे। सूचना पर डायल 112 पीआरवी जवानों की टीम पहुंच गई। थोड़ी देर में चिल्हिया थाने की पुलिस व सीओ भी मौके पर पहुंच गए। सभी लोग घटना की छानबीन करने लगे। करीब चार घंटे पुलिस इधर से उधर छिनैती करने वालों को खोजने में जुटी रही। लेकिन कहीं से कोई जानकारी नहीं मिली। इसके बाद पुलिस ने शक के आधार पर शिकायतकर्ता व्यापारी राजेश कौशल से गहनता से पूछताछ की तो उसने झूठी सूचना देने की बात कबूल कर ली। पूछताछ में व्यापारी राजेश कौशल ने बताया कि वह बड़े व्यपारियों का सोना व रुपया बकाया था। जो सोना गला कर रखे थे। 10 दिन पहले कही गिर गया था। व्यापारी सोने व रुपये की मांग कर रहे थे। इसलिए लूट की कहानी रचनी पड़ी। चिल्हिया थानाध्यक्ष अमित कुमार ने बताया कि राजेश कौशल ने छिनैती की घटना को रची थी। व्यपारियों के बकाया होने की वजह से इन्होंने यह कदम उठाया। अब व कोई कार्रवाई नहीं चाहते है। इस आशय का तहरीर थाने पर दिया है।

# दुष्कर्म के आरोपित को पुलिस ने दबोचा

डुमरियागंज। डुमरियागंज कस्बे के एक वार्ड में मंगलवार की रात छह वर्षीय मासूम के साथ दुष्कर्म करने वाले आरोपित को पुलिस ने बुधवार को गिरफ्तार कर लिया है। प्रभारी निरीक्षक मुकेश राय ने बताया कि मासूम के साथ दुष्कर्म करने वाले आरोपी कस्बे के गांधीनगर निवासी आरिफ उर्फ राजू के खिलाफ केस दर्ज कर बुधवार को गिरफ्तार कर लिया गया है।

## एक नजर

# पुलिस के हत्थे चढ़ा दुष्कर्म का आरोपित, भेजा जेल

डुमरियागंज : नगर पंचायत डुमरियागंज में मंगलवार देररात पांच वर्षीय मासूम के साथ दुष्कर्म का मामला सामने आया था। बुधवार को कार्रवाई करते हुए पुलिस ने आरोपित को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। उक्त घटना में पीड़िता की मां ने डुमरियागंज पुलिस को तहरीर देते हुए नगर पंचायत के ही एक युवक पर दुष्कर्म का आरोप लगाया था। दुष्कर्म की घटना की जानकारी होते ही थाने पर लोगों की काफी भीड़ जुट गयी। रात करीब दस बजे एसपी प्राची सिंह भी डुमरियागंज थाने पर पहुंच गईं। मामले की पूरी जानकारी ली और मुकदमा पंजीकृत कराने के साथ ही आरोपित को यथाशीघ्र गिरफ्तार करने का निर्देश दिया। मुकदमा दर्ज करने के बाद बुधवार की सुबह पुलिस ने उसे गिरफ्तार कर लिया। मासूम के साथ दुष्कर्म करने वाले आरोपित आरिफ पर केस दर्ज कर जेल भेज दिया गया है।

# व्यापारियों के दबाव में रची छिनैती की कहानी हलकान रही पुलिस

जासं, शोजरतगढ़ : चिल्हिया थाना क्षेत्र के कदवा बाजार निवासी एक आभूषण व्यापारी की बुधवार को संतोरी गांव के पश्चिम बानगंगा नहर पर लगे फाटक के पास सोना-चांदी के तीन लाख आभूषण सहित आठ सौ रुपये की छिनैती की कहानी झूठी साबित हुई। डायल 112 व चिल्हिया की पुलिस घटना स्थल पर दौड़ती रही। व्यापारी से पूछताछ की गई तो पता चला कि उसका बड़े व्यापारियों का सोना व रुपया बकाया था। वह देने का दबाव बना रहे थे। इसीलिए लूट की झूठी कहानी रचनी पड़ी।

कदवा बाजार निवासी राजेश कौशल गांव-गांव फेरी लगा कर सोने व चांदी का आभूषण बेचता है। बुधवार को राजेश ने डायल 112 पुलिस को फोन कर बताया कि पकड़ी बाजार की तरफ गांव में सोने-चांदी का व्यापार करने के लिए गया था। संतोरी गांव के पश्चिम बानगंगा नहर पर लगे फाटक के पास पहुंचा। तभी कुछ लोग आए और मेरा बैग को छीन ले गए और मुझे डराया धमकाया भी। चार घंटे पुलिस छिनैती करने वालों को खोजती रही,लेकिन जानकारी नहीं मिल पाई।



पुलिस लाइन्स परिसर में पौधरोपण करती एसपी प्राची सिंह। स्रोत पुलिस

SANT KABEER NAGAR POLICE

# सराहनीय कार्य दिनांक:- 06-06-2024

# महिला की मौत के मामले में अज्ञात बाइक चालक पर केस

**संतकबीरनगर (एसएनबी)।** थाना कोतवाली खलीलाबाद क्षेत्र के केरमुआ माफी के पास बीते शनिवार को मार्ग दुर्घटना में घायल महिला की मौत हो गई थी। उक्त मामले में कोतवाली पुलिस ने मृतका के देवर की तहरीर पर अज्ञात वाहन चालक के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है। थाना कोतवाली खलीलाबाद के बरईटोला निवासी रविपाल यादव पुत्र घनश्याम यादव ने दिए गए तहरीर में बताया है कि बीते एक जून को शाम छह बजे के करीब उनकी भाभी सिंधु देवी पत्नी रविंदर यादव अपने घर आ रही थी। अभी वह खलीलाबाद के केरमुआमाफी के पास स्थित एक ढाबा के पास पहुंची ही थी तभी धनघटा की तरफ से आ रही एक बाइक ने पीछे से जोरदार ठोकर मार दी जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गई। इस संबंध में कोतवाली प्रभारी रामकृपाल सिंह ने बताया कि मामले में अज्ञात बाइक चालक के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच की जा रही है।

# 16 लाख के 111 मोबाइल बरामद

संतकबीरनगर (एसएनबी)। जनपद के अलग-अलग थाना क्षेत्रों से पीड़ितों के गुमशुदा हुए 111 मोबाइल (एंड्रायड सेट भिन्न-भिन्न कंपनियों के) कीमत लगभग 16 लाख 08 हजार 300 ₹ के मोबाइल को पुलिस टीम ने बरामद कर लिया है। बुधवार को पुलिस लाइन सभागार में पुलिस अधीक्षक सत्यजीत गुप्ता ने उक्त मोबाइल धारकों को सुपुर्द कर दिया। मोबाइल मिलने के बाद मोबाइल धारकों ने खुशी व्यक्त करते हुए पुलिस को धन्यवाद ज्ञापित किया।

पुलिस अधीक्षक श्री गुप्ता ने बताया कि गुमशुदा मोबाइलों के संबंध में समय-समय पर साइबर क्राइम थाना एवं सर्विलांस टीम को शत-प्रतिशत बरामदगी के लिए कड़े निर्देश दिये गये थे। जिसके अनुपालन में टीम ने कुल 111 मोबाइल को अलग-अलग स्थानों से बरामद किया है। जिसकी कीमत करीब 16 लाख 08 हजार 300 ₹ है। उन्होंने बताया कि शिकायत दर्ज करने के लिए मोबाइल धारक का आधार कार्ड, मोबाइल का बिल व संबंधित थानों पर दर्ज गुमशुदगी की कॉपी व मोबाइल धारक का विवरण, गुम हुए मोबाइल के सिम नम्बर, आईएमईआई नम्बर व मॉडल नम्बर की आवश्यकता होती है।

उन्होंने बताया कि टीम ने दीपक सिंह पुत्र गोरखनाथ निवासी कुसम्ही खुर्द पो. मिरजापुर जनपद बस्ती, आनन्द कुमार पुत्र रामदीन गौड़ निवासी ग्राम कटवध थाना खलीलाबाद, कृष्ण कुमार पुत्र लक्ष्मन निवासी ग्राम बरडाड़ थाना बखिरा, विनोद पुत्र रामवृक्ष निवासी बांसडीहा थाना धनघटा, संतोष कुमार रामसुरेश निवासी नरसिंहपुर पचपेड़वी थाना दुधारा, नीरज पुत्र हीरालाल निवासी छपरा अव्वल थाना धनघटा, हरिवंश पुत्र रामचन्द्र निवासी बैंकठिया लकड़ी थाना धनघटा, महाव खान पुत्र एकलाख निवासी दोदवा थाना बखिरा, धनंजय पुत्र रामनारायण निवासी मिठना मिठना थाना धनघटा तथा राजेश नायक पुत्र सूर्य नारायण नायक निवासी मंझरिया थाना धनघटा का मोबाइल बरामद किया है। इसी क्रम में



मोबाइल मिलने के बाद एसपी के साथ मोबाइल धारक व पुलिस टीम।

टीम ने श्रवण कुमार गुप्ता पुत्र प्रसाद निवासी लहुआ महुआ थाना बखिरा, मनोज निवासी बनेथा रेक्टा थाना मेहदावल, रामनिवास पुत्र त्रिलोक निवासी मिर्जापुर थाना मेहदावल, अभिषेक कुमार पुत्र ओमप्रकाश निवासी मेहदावल खास थाना मेहदावल, रोहित प्रजापति निवासी विद्या भवन कैम्प सिद्धार्थनगर, सुरेश कुमार पुत्र जंगबहादुर निवासी बेलहरा मिश्रौलिया थाना खलीलाबाद, संजीदा देवी पत्नी सर्वेश कुमार निवासी बेलमपुर उनरिया थाना बखिरा, राजेश पुत्र सिद्धू निवासी कुरमौल थाना धनघटा, प्रमिला देवी पत्नी मनोज निवासी दौलतपुर थाना धनघटा, पंकज कुमार अमृतलाल निवासी कटार मिश्र पो. बरहुआ थाना धनघटा, देवनारायण उपाध्याय निवासी आनंदनगर उर्फ महुराडीह थाना खलीलाबाद, महावीर शर्मा पुत्र कुलीलाल शर्मा निवासी बूंदीयर फरेसिया थाना बखिरा, संदीप गौतम निवासी रामपुर कलवां जनपद बाराबंकी, अरविन्द कुमार पुत्र नारायण प्रसाद निवासी कटरामिश्र थाना धनघटा, कृष्ण मोहन मिश्र पुत्र स्व. रामअवतार मिश्र निवासी फटीकर बढ़या थाना महुली, रामअवतार पुत्र हीरालाल निवासी पतलुर थाना धनघटा तथा सुशील कुमार गौड़ निवासी रामपुर पो. सुरही थाना महुली, अरविन्द यादव प्रमोद यादव निवासी गुलरिया पो. मिश्रौलिया थाना खलीलाबाद, कमरुद्दीन निवासी मिस्वर तालिब पो. तिलजा, पुष्पा देवी पत्नी रामजीत निवासी रसूल बजार निवासी धनघटा सहित कुल 111 मोबाइल धारकों का मोबाइल बरामद किया है।

इस सराहनीय कार्य के लिए एसपी ने प्रभारी निरीक्षक सर्विलांस सेल अजय सिंह, प्रभारी निरीक्षक साइबर क्राइम थाना आलोक सोनी, उ.नि. अमरनाथ यादव, उ.नि. रमेश यादव, कां. रामप्रवेश मौर्य, धीरेन्द्र कुमार प्रसाद, सौरभ यादव, म.कां. अमृता सिंह, क.आ. रिंकी सिंह, म.कां. सविता गुप्ता साइबर क्राइम थाना संतकबीरनगर, क.आ. अजीत सिंह यादव, हे.कां. रामललित प्रसाद, कां. प्रेम प्रकाश सिंह, कां. अमरजीत मौर्य सर्विलांस सेल संतकबीरनगर, क.आ. धीरज उपाध्याय थाना धनघटा, क.आ. विवेक सिंह थाना महुली, क.आ. अंकित सरोज थाना बखिरा तथा कां. संतोष कुमार (सर्विलांस सेल) को बधाई दी है।

# अंतरराष्ट्रीय पर्यावरण दिवस पर हुआ पौधरोपण







राजकीय भूमि बड़गों में पौधरोपण करते डीएम व एसपी तथा सचिव राजेश प्रकाश मिश्र तथा पौधरोपण करतीं सभासद की पत्नी।

संतकबीरनगर (एसएनबी)। अंतरराष्ट्रीय पर्यावरण दिवस पर बुधवार को जिलाधिकारी महेन्द्र सिंह तंवर व पुलिस अधीक्षक सत्यजीत गुप्ता ने जिलाधिकारी आवास के निकट राजकीय भूमि बड़गों में पौधरोपण किया। उन्होंने जनपदवासियों से अधिक से अधिक संख्या में पौधरोपण करने की अपील की। अंतरराष्ट्रीय पर्यावरण दिवस पर जिलाधिकारी व पुलिस अधीक्षक ने वृक्षारोपण करते हुए जनपदवासियों से अधिक से अधिक वृक्षों को रोपित करने की अपील करते हुए कहा कि पर्यावरण को सुरक्षित रखने के साथ-साथ स्वस्थ रहने के लिए हमारे जीवन में वृक्षों का अमूल्य योगदान है। जीवन को सुरक्षित रखने के लिए हम सब अधिक से अधिक पेड़ लगाएं और उनकी देखभाल भी करें। इसी क्रम में संयुक्त राष्ट्र कार्यक्रम के अंतर्गत वर्ष 1973 से प्रत्येक वर्ष 05 जून को मनाये जाने वाले विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर आमजन मानस को वृक्षारोपण हेतु प्रोत्साहित करने तथा पर्यावरण की सुरक्षा के प्रति लोगों को जागरूक करने के दृष्टिगत बड़गों में 21 पौधों का रोपण किया गया। इस दौरान अपर जिलाधिकारी जय प्रकाश, सीडीओ राम कुमार, उपायुक्त मनरेगा प्रभात कुमार द्विवेदी, प्रभागीय वनाधिकारी अशोक कुमार सिंह, बेसिक शिक्षा अधिकारी ओम प्रकाश सिंह सहित अन्य अधिकारियों द्वारा पौधरोपण करके विश्व पर्यावरण दिवस मनाया गया।

इसी क्रम में विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर दीर्घायु सेवा समिति पड़रिया मगहर संत कबीर नगर के मुख्यालय के प्रांगण में सदस्य वृक्ष का पौधरोपण करते हुए खलीलाबाद नगर सहकारी बैंक के सहायक प्रबंधक/सचिव राजेश प्रकाश मिश्र ने कहा कि पर्यावरण को बचाये रखना हम सभी की जिम्मेदारी है। हम सभी को भविष्य के दृष्टिगत इस जिम्मेदारी का निर्वहन करना आवश्यक है। उन्होंने कहा कि वृक्ष हमारे पर्यावरण को संतुलित रखने के लिए अत्यन्त आवश्यक है इसलिए हमें नियमित तौर पर वृक्षारोपण करने के साथ ही उनकी देखभाल भी करना चाहिए। इस मौके पर डा. सुधांशु अरुणाभ मिश्र, शिव सम्पत्त मिश्र, रत्नाकर त्रिपाठी, राम कुमार त्रिपाठी, सुरेन्द्र चौधरी, कार्यकर्ता एवं संस्था की सचिव श्रीमती सुमन मिश्र उपस्थित रहीं।

इसी क्रम में विश्व पर्यावरण दिवस के मौके पर खुटहना को नगर पंचायत कार्यालय परिसर में चेयरमैन अजमती बेगम ने पौधरोपण करते हुए कहा कि वृक्ष मानव जीवन के लिए अति आवश्यक होते हैं। पेड़ पौधे ही पर्यावरण को सुरक्षित रखने में सहायक सिद्ध होते हैं। हम सभी का दायित्व बनता है कि प्रत्येक दशा में पौधरोपण करने के साथ ही उनकी देखभाल भी समय समय पर करते रहें। प्रत्येक व्यक्ति को जीवन जीने के लिए ऑक्सीजन बहुत जरूरी है जो हमें हरे भरे वृक्षों से ही प्राप्त होता है। हमें चाहिए कि यदि एक पेड़ काटते हैं तो उसकी जगह कम से कम पांच पौधे अवश्य लगाएं जिससे पर्यावरण का संतुलन बना रहे। वृक्षों की अंधाधुंध कटाई होने के कारण पर्यावरण पर खतरा बढ़ता जा रहा है। पर्यावरण संबंधी समस्या से मुक्त रहेंगे जब अधिक से अधिक वृक्षारोपण किया जाएगा। उन्होंने सभी से अपील की है कि वे अपने जीवन में अधिकाधिक पौधे को लगाएं और देश को प्रदूषण मुक्त करने में सहभागी बनें। इस मौके पर अधिशासी अधिकारी वैभव सिंह, पूर्व चेयरमैन नूरउस्मान अंसारी, लिपिक संजय कुमार दुबे, राजस्व अनुज श्रीवास्तव, आशीष [illegible], अहमद अभिषेक, कृष्णचंद्र चौबे, अमीरुद्दीन, [illegible] अहमद आदि, शैलेन्द्र प्रताप, दिनेश गिरि, [illegible], [illegible], विश्वनाथ वर्मा आदि लोग भी मौजूद रहे। इसी क्रम में मगहर मेरा आंगन-मेरी हरियाली अभियान के तहत नगर में एक हेरिटेज ट्रस्ट के स्वयंसेवकों ने घर-घर जाकर लोगों को हरियाली का महत्व बताया। इस दौरान उन्होंने पौधे वितरित कर कई स्थानों पर पौधे रोपे। [illegible] का संदेश दिया। [illegible] कि पेड़ हमारे जीवन में [illegible] है। [illegible] अपने घर के आंगन में पौधे अवश्य लगाने चाहिए। [illegible] 500 पौधों को निःशुल्क वितरित किया। डॉ. सुधांशु अरुणाभ मिश्र ने कहा कि वृक्षारोपण कार्य सराहनीय है। उन्होंने संस्था के इस पहल की सराहना की। इस अवसर पर प्रमुख रूप से डॉ. सुधांशु मिश्र, [illegible], [illegible], [illegible], [illegible] आदि लोगों को पौधा प्रदान किया गया।

[illegible] के अनुसार पर्यावरण बचाने के लिए हम सभी को जागरूक होना होगा। [illegible] के कारण पेड़-पौधे लुप्त हो रहे हैं। [illegible]

[illegible]

[illegible]

# खाने पर बुलाकर मारने-पीटने का आरोप, नौ पर केस

**संतकबीरनगर।** एक युवक ने कुछ लोगों पर थाना कोतवाली खलीलाबाद क्षेत्र के सियरा सांथा में खाने पर बुलाकर मारने पीटने का आरोप लगाया है। पीड़ित की तहरीर पर कोतवाली पुलिस ने तीन नामजद समेत नौ लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है।

कोतवाली पुलिस को दिए गए तहरीर में बिहार के पश्चिमी चम्पारण जिला के बगहा थाना क्षेत्र के नरायणपुर गांव के रहने वाले पालन कुमार ने कहा है कि वह वर्तमान में खलीलाबाद के विधियानी मोड़ पर एक किराए के कमरे में रहता है। वह पहले अपने अपने मित्र के अभिनाश के साथ गांव के ही ठेकेदार वैभव मिश्रा के अधीन काम करता था। बाद में वह वैभव का काम छोड़कर अपना खुद का काम शुरू कर दिया। इसी रंजिश को लेकर बीते सोमवार को सुबह 8:00 बजे अभिनाश के माध्यम से वैभव ने उसे फोन कर खाने पर बुलाया। देर रात करीब 11:00 बजे के करीब वह अभिनाश के यहां सियरा सांथा पहुंचा। जहां वैभव मिश्रा अपने कुछ सहयोगी आलोक तथा उसके साथ 5 से 6 लड़के अज्ञात को भेज दिया। जहां उक्त लोग अचानक पहुंचे और भोजन करते समय ही अपशब्द देते हुए मारने-पीटने लगे। शोर-शराबा सुनकर जब आसपास के लोग आ गये तो उक्त सभी लड़के धमकी देते हुए भाग गये। इस दौरान उनका मोबाइल और पर्स गायब हो गया। बाद में दूसरे दिन अभिनाश ने उनका मोबाइल तथा पर्स वापस किया। लेकिन पर्स में रखा 1800 ₹ उसमें नहीं था। इस संबंध में थाना कोतवाली खलीलाबाद के इंस्पेक्टर रामकृपाल सिंह ने बताया कि मामले में तीन नामजद समेत पांच-छह अज्ञात के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच की जा रही है।

# पुलिस ने गायब हुए 111 मोबाइल किए बरामद

संतकबीरनगर, निज संवाददाता। साइबर क्राइम थाना एवं सर्विलांस टीम ने जनपद के भिन्न-भिन्न थाना क्षेत्रों से पीड़ितों के गुमशुदा हुए विभिन्न कम्पनियों के 111 मोबाइल एंड्राएड सेट मोबाइल बरामद किया। पुलिस अधीक्षक सत्यजीत गुपता ने पुलिस लाइन में बरामद किये गए मोबाइलों को उनके जिम्मेदारों को सौंपा। इस बरामदगी में एसपी समय-समय पर साइबर क्राइम थाना एवं सर्विलांस टीम को शत-प्रतिशत बरामदगी के लिए कड़े निर्देश देते रहे।

एसपी ने बताया कि चोरी, गुम हुए ...ाइल की शिकायत दर्ज करने के ...मोबाइल धारक का आधार कार्ड, मोबाइल का बिल व सम्बन्धित थानों पर दर्ज गुमशुदगी की कापी व मोबाइल धारक का विवरण, गुम हुए मोबाइल के सिम नम्बर, आइएमआई नम्बर व मॉडल नम्बर की आवश्यकता होती है। उसके बाद जिले की साइबर सेल के द्वारा इन गायब मोबाइल के लोकेशन के आधार पर उसे बरामद किया जाता है। बरामद मोबाइल में दीपक सिंह पुत्र गोरखनाथ ग्राम कुसम्ही खुर्द पो निरंजनपुर जनपद बस्ती, आनन्द कुमार पुत्र रामदीन गौड़ ग्राम कटबंध थाना खलीलाबाद, कुमार पुत्र लक्ष्मन ग्राम बरड़ाड़ थाना बखिरा, विनोद निवासी बारीडीहा थाना धनघटा समेत अन्य लोगो को गायब मोबाइल को सौपा गया।



विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर बड़गो में पौधरोपण करते डीएम व एसपी।



सीएमओ कार्यालय में पौधे लगाते सीएमओ रामानुज कन्नौजिया।



कलक्ट्रेट के पास बड़गो नर्सरी में तैयार हो रहे पौधे। • हिन्दुस्तान

डीएम, एसपी व अन्य अधिकारियों ने किया पौधरोपण, जनपदवासियों से अधिक से अधिक पौधरोपण करने की अपील की

# पर्यावरण संरक्षण को रोपे जाएंगे 30 लाख पौधे




संतकबीरनगर, निज संवाददाता। विश्व पर्यावरण दिवस जिले में बड़े ही उत्साह के साथ जिले भर में मनाया गया। इस मौके पर डीएम व एसपी व अन्य अधिकारियों ने पौधरोपण किया। जनपदवासियों से अधिक से अधिक पौधरोपण करने की अपील की। बखिरा पक्षी विहार पर कई कार्यक्रम आयोजित किये गए। अधिकारियों ने अपने कार्यालय परिसर में पौधरोपण किया। इस बार जिले में 30 लाख से अधिक पौधरोपण करने का लक्ष्य है।

प्रकृति से हमें बहुत कुछ मिलता है तो हमारी भी जिम्मेदारी बनती है कि इसकी सुरक्षा करें। इन दिनों भीषण गर्मी हमें यह सीख दे रही है कि पर्यावरण को सुरक्षित रखना होगा। इसी सोच के साथ बुधवार को पर्यावरण दिवस मनाया गया। जिलाधिकारी महेन्द्र सिंह तंवर ने पुलिस अधीक्षक सत्यजीत गुप्ता के साथ अपने आवास परिसर के बगल राजकीय भूमि बड़गो में 21 पौधों को रोपित किया। यहां पर आम, पीपल, बरगद, पाकड़, नीम, कटहल समेत अनेक प्रजाति के पौधे रोपित किये गए।

जिलाधिकारी व पुलिस अधीक्षक ने जनपदवासियों से अधिक से अधिक वृक्षों को रोपित करने की अपील की। अपर जिलाधिकारी जय प्रकाश, मुख्य विकास अधिकारी संत कुमार, उपायुक्त मनरेगा प्रभात कुमार द्विवेदी, प्रभागीय वनाधिकारी अशोक कुमार सिंह, बेसिक शिक्षा अधिकारी अमित कुमार सिंह सहित अन्य अधिकारियों ने पौधरोपड़ करते हुए विश्व पर्यावरण दिवस मनाया गया।

वहीं मुख्य चिकित्साधिकारी डा. रामनुज कन्नौजिया ने अपने कार्यालय परिसर में भी पौधरोपण किया। इस दौरान एसीएमओ डा.शैलेंद्र कुमार सिंह, अपर मुख्य चिकित्साधिकारी डा. राम रतन, डा. अमित सिंह, डा. वरूणेश दूबे, डा. श्वेतांक सिंह, राजेंद्र प्रसाद, शशि भूषण शर्मा समेत अन्य लोग मौजूद रहे।



पौधरोपण करते राजेश प्रकाश मिश्र, सुधांशु अरुणाभ मिश्र व अन्य।

## जिले में रोपित किए जाएंगे 29 लाख पौधें

जिले को हरा भरा करने के लिए इस वर्ष 29 लाख पौधे रोपित किये जाएंगे। वन विभाग ने अपने 21 पौधशालाओं में 46 लाख पौधे तैयार कर रहा है। इन दिनों जिले की नर्सरी पौधों से लहलहा रही है। वन विभाग इस वर्ष ऊसर भूमि पर पौध रोपण करने की तैयारी कर रहा है। नर्सरियों में इस वर्ष फलदार पौधे अधिक उगाए जा रहे है ताकि लोगों को पौधे की छाया के साथ फल भी मिले। इन दिनों वन विभाग पौधों को रोपण करने के लिए गड्ढे खोद रहा है। पौधे लगाने वाले स्थान पर गहरी खुदाई की जा रही है। जब बारिश होगी तो पानी का संचयन इन गड्ढों में हो जाएगा। इससे पौधे रोपित हो जाएंगे।



मेरा आंगन-मेरी हरियाली के तहत लोगों को दिए पौधे। • हिन्दुस्तान

## घर-घर पौधे वितरित कर बताया हरियाली का महत्व

मगहर। मेरा आंगन-मेरी हरियाली अभियान के तहत नगर पंचायत मगहर में एकलव्य एजुकेशनल एंड चैरिटेबल ट्रस्ट के स्वयंसेवकों ने घर-घर जाकर लोगों को हरियाली का महत्व बताया। इस दौरान उनमें पौधे वितरित कर कई स्थानों पर पौधे रोपते हुए पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया। संस्था के मुख्य ट्रस्टी भाजपा नेता गौरव निषाद ने कहा कि पेड़ों का हमारे जीवन में अत्यंत महत्व है। यह प्रदूषित वातावरण को शुद्ध करने के साथ हमें सांसों के संकट से बचाते हैं। इसलिए सभी को अपने घर के आंगन में पौधे अवश्य लगाने चाहिए। डॉ. सुधांशु अरुणाभ मिश्रा ने कहा कि वृक्षारोपण कार्य महान है। एक वृक्ष दस पुत्र के समान होता है।

## दीपशिखा सेवा संस्थान ने रुद्राक्ष का पौधा लगाया

संतकबीरनगर। विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर दीपशिखा सेवा समिति ने खलीलाबाद ब्लाक के पड़रिया में पौधरोपण किया गया।

इस मौके पर रुद्राक्ष का पौधा लगाया गया। इस मौके पर सचिव राजेश प्रकाश मिश्र, सुधांशु अरुणाभ मिश्र, शिव सम्पत मिश्र, रत्नाकर त्रिपाठी, एवं संस्था की सचिव श्रीमती गुन्जन मिश्र व गांव के अन्य लोग मौजूद रहे।

## अभियान के तहत लगे 5 हजार पौधे

लोहरौली/सेमरियावां। विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर बुधवार को युवा सेवा समिति के तत्वावधान में वृहद वृक्षारोपण कार्यक्रम के तहत क्षेत्र के विभिन्न गांवों में वृक्षारोपण किया गया। संयोजक रिजवान मुनीर ने बताया कि पांच हजार पौधे लगाए गए।

# सड़क हादसे में महिला की मृत्यु पर बाइक चालक पर मुकदमा

जासं, संतकबीर नगर: कुछ दिन पूर्व सड़क हादसे में महिला की मृत्यु के मामले में कोतवाली खलीलाबाद पुलिस ने देवर की तहरीर पर अज्ञात बाइक चालक के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है। पुलिस मामले की जांच में जुटी हुई है।

तहरीर में बरईटोला निवासी रविपाल यादव पुत्र घनश्याम ने उल्लेख किया है कि गत एक जून को शाम के करीब छह बजे उनकी भाभी सिंधु देवी पत्नी रवींद्र यादव घर आ रही थीं। वह इसी थाना के केरमुआमाफी गांव के पास एक ढ़ाबा के पास पहुंची थी। धनघटा की तरफ से आ रही बाइक ने पीछे से उन्हें ठोकर मार दी। जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गई।

# विश्व पर्यावरण दिवस : पौधा लगाकर हरियाली लाने का दिया संदेश

जागरण टीम, संतकबीर नगर: विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर बुधवार को जनपद के बखिरा झील, रेलवे स्टेशन सहित अन्य स्थानों पर पौधा लगाकर हरियाली लाने का संदेश दिया गया। इसकी पर्यावरण प्रदूषण को रोकने के लिए पौधारोपण पर जोर दिया गया। इसकी सुरक्षा का संकल्प लिया गया। डीएम व एसपी ने पौधा लगाया। अधिकारियों व कर्मचारियों को पर्यावरण के संरक्षण एवं संवर्धन की शपथ दिलायी गयी। कलेक्ट्रेट, विकास भवन सहित अन्य कार्यालयों, थानों में पौधारोपण किया गया।

विश्व पर्यावरण दिवस पर डीएम महेंद्र सिंह तंवर व एसपी सत्यजीत गुप्ता ने बड़गो स्थित राजकीय भूमि में 21 पौधे लगाए। उन्होंने कहा कि पर्यावरण को सुरक्षित रखने व स्वस्थ रहने के लिए हमारे जीवन में वृक्षों का अमूल्य योगदान है। इसलिए हम सभी को अधिकाधिक पौधा लगाए, उसकी नियमित देखभाल करें। इस अवसर पर एडीएम वित्त एवं राजस्व जय प्रकाश, सीडीओ संत कुमार, उपायुक्त मनरेगा प्रभात कुमार द्विवेदी, प्रभागीय वनाधिकारी अशोक कुमार सिंह, सीआरओ अमित कुमार सिंह आदि अधिकारी उपस्थित रहे।

खलीलाबाद रेलवे स्टेशन परिसर में पौधे लगाए गए। यात्रियों, रेल कर्मियों को जागरूक किया गया। "पेड़ लगाओ-जीवन बचाओ" के नारे के बीच रैली निकाली गयी। इस अवसर पर स्टेशन अधीक्षक खलीलाबाद आशीष गौड़, रमेश आदि उपस्थित रहे। कुड़ी लाल रुंगटा सरस्वती विद्या मंदिर इंटरमीडिएट कालेज-खलीलाबाद में पौधा लगाया गया। हरियाली की महत्ता बतायी गयी। इस अवसर पर राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के जिला प्रचारक राजीव नयन, प्रधानाचार्य रमेश राय, जिला कार्यवाह महेंद्र, नगर कार्यवाह धर्मेंद्र, नगर प्रचारक प्रवीण आदि उपस्थित रहे। वहीं बखिरा पक्षी विहार में कार्यक्रम आयोजित किया गया। रेंजर प्रीति पाण्डेय ने कहा कि हमारी छोटी सी पहल आने वाली पीढ़ी को हरा-भरा वातावरण दे सकती है। बढ़ती आबादी, शहरीकरण के बीच पेड़ पौधे काटे जा रहे हैं।

यह चिंता का विषय है। प्रत्येक परिवार के हर सदस्य पौधा लगाएं। इस अवसर पर नमामि गंगे के अभिमन्यु सिंह ने कहा कि बढ़ते प्रदूषण के कारण प्रकृति खतरे में हैं। बखिरा पक्षी विहार में 300 पौधे लगाए गए। इस अवसर पर दिलीप तिवारी, शैलजा तलरेजा, मनीष सिंह, अमित, आशुतोष त्रिपाठी, विकास साहनी आदि उपस्थित रहे।



राजकीय भूमि पर पौधा लगाते डीएम महेंद्र सिंह तंवर व एसपी सत्यजीत गुप्ता• जागरण



बखिरा झील के किनारे पौधा लगाते वन विभाग के कर्मी व अन्य • जागरण



कुड़ीलाल सरस्वती विद्या मंदिर मे पौधा लगाते शिक्षक व अन्य• फोटो विद्यालय से



खलीलाबाद रेलवे स्टेशन परिसर मे पौधा लगाते रेल कर्मी • फोटो रेल अधीक्षक

# 16 लाख रुपये का 111 गायब मोबाइल मिले

जासं, संतकबीर नगर: एसपी सत्यजीत गुप्ता ने बुधवार को अपने कार्यालय में 16 लाख 08 हजार 300 रुपये की 111 गुमशुदा मोबाइल उनके स्वामियों को सौंप दिया। इन पीड़ितों ने मोबाइल गायब होने पर थाने में मुकदमा दर्ज कराया था। पुलिस मामले की जांच कर रही थी। इसे बरामद कर लिया गया।

एसपी ने बुधवार को अपने कार्यालय में बताया कि बस्ती जनपद के कुसम्ही खुर्द गांव निवासी दीपक सिंह, कोतवाली खलीलाबाद के कटबंध गांव के आनंद गौड़, बखिरा थाना के बरडाड़ गांव के कृष्ण कुमार, दोदया गांव के शहदाब खान, लेहुआ महुआ गांव के श्रवण कुमार गुप्ता, धनघटा थाना के बारीडीहा गांव के विनोद, छपरामगवीं गांव के नीरज, बकैनिया पकड़ी गांव के हरिवंश, मिठना-सिठना गांव के धनंजय, मंझरिया गांव के राजेश नायक, दुधारा थाना के नरसिंहपुर गांव के संतोष कुमार समेत अन्य लोगों का 111 मल्टी मीडिया मोबाइल गायब हो गया था।



एसपी कार्यालय में पीड़ित को गायब हुआ मोबाइल देते एसपी सत्यजीत गुप्ता( दाए) • जागरण

इसकी कीमत लगभग 16 लाख 08 हजार 300 रुपये है। पीड़ितों ने इसकी सूचना पुलिस को दी थी। उनके निर्देश पर सर्विलांस सेल के प्रभारी अजय सिंह, साइबर क्राइम थाना के प्रभारी आलोक सोनी के नेतृत्व में टीम गठित की गयी थी। इस टीम ने भिन्न-भिन्न थाना क्षेत्रों से पीड़ितों के गायब हुए 111 मल्टी मीडिया मोबाइल बरामद कर लिया।

# दो दिन पूर्व बिहार के युवक को पीटा, नौ पर मुकदमा

जासं,संतकबीर नगर: दो दिन पूर्व बिहार के युवक को पीटने के मामले में कोतवाली खलीलाबाद पुलिस ने बुधवार को तीन नामजद व छह अज्ञात आरोपितों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है।

बिहार के पश्चिमी चंपारण जिले के बगहा थाना के नारायणपुर गांव निवासी पालन कुमार ने कोतवाली खलीलाबाद थाने में तहरीर दी है। इसमें उन्होंने उल्लेख किया है कि वह खलीलाबाद शहर के बिधियानी मोड़ पर किराए के घर में रहते हैं। वह पहले अपने मित्र अभिनाश के साथ गांव के ही ठीकेदार वैभव मिश्र के दिशा-निर्देशन में काम करते थे। वह वैभव का काम छोड़कर अपना खुद का काम शुरू कर दिया। इसको लेकर बीते तीन जून को सुबह करीब आठ बजे अभिनाश के माध्यम से वैभव ने उसे फोन करके सियरासाथा गांव में खाने पर बुलाया। वह देर रात करीब 11 बजे इस गांव में अभिनाश के घर पहुंचे। यहां पर वैभव मिश्र ने आलोक व पांच-छह अज्ञात लोगों को भेज दिया। ये लोग खाना खाते उन्हें पीटने लगे। कोतवाली प्रभारी रामकृपाल सिंह ने बताया कि तीन नामजद व कुछ अज्ञात के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया है। मामले की जांच की जा रही है।

# पर्यावरण संरक्षण के लिए जरूर करें पौधरोपण, आएगी खुशहाली

## अंतरराष्ट्रीय पर्यावरण दिवस पर जिले भर में विभिन्न संस्थाओं ने किया पौधरोपण

संवाद न्यूज एजेंसी

संतकबीरनगर। अंतरराष्ट्रीय पर्यावरण दिवस पर बुधवार को जगह- जगह पौधरोपण किए गए। डीएम महेंद्र सिंह तंवर व एसपी सत्यजीत गुप्ता ने डीएम आवास के निकट राजकीय भूमि बड़गों में पौधरोपण किया। इस दौरान उन्होंने अधिक से अधिक पौधरोपण की अपील की।

डीएम महेंद्र सिंह तंवर ने कहा कि पर्यावरण को सुरक्षित रखने के साथ-साथ स्वस्थ रहने के लिए हमारे जीवन में वृक्षों का अमूल्य योगदान है। जीवन को सुरक्षित रखने के लिए हम सब अधिक से अधिक पेड़ लगाएं और उसकी देखभाल भी करें। इस दौरान एडीएम जय प्रकाश, सीडीओ संत कुमार, उपायुक्त मनरेगा प्रभात कुमार द्विवेदी, प्रभागीय वनाधिकारी अशोक कुमार सिंह, बेसिक शिक्षा अधिकारी अमित कुमार सिंह सहित अन्य अधिकारियों ने भी पौधरोपण किया। जिला पंचायत कार्यालय पर जिला पंचायत अध्यक्ष बलिराम यादव ने पौध रोपण किया।

धनघटा प्रतिनिधि के अनुसार क्षेत्र के ठकुराडाडी में स्थित रामेश्वर प्रसाद मौर्य स्मारक इंटर कॉलेज के एनसीसी कैडेट्सों ने विश्व पर्यावरण दिवस पर परिसर में पौधरोपण करके उनके देखभाल का संकल्प लिया। इस अवसर पर एनसीसी आफिसर एनओ नृपेंद्र प्रताप मौर्य ने पर्यावरण के महत्ता पर प्रकाश डालते हुए कहा कि धरती पर खुशहाली तभी रह



पौधरोपण करते डीएम महेंद्र सिंह तंवर और एसपी सत्यजीत गुप्ता। संवाद



जिला पंचायत कार्यालय में अध्यक्ष ने किया पौधरोपण। संवाद

सकती है। जब उस पर हरियाली होगी। हरियाली के लिए हमें अधिक से अधिक पेड़ लगाने की जरूरत है। इस दौरान पवन यादव, प्रदीप मौर्य, साहिल, सौरभ, मंहेश, रुद्रांश, आमिर, रामकृष्ण, अंकिता, साक्षी, अंजलि आदि लोग मौजूद रहे।

बखिरा प्रतिनिधि के अनुसार बखिरा स्थित पक्षी विहार परिसर में विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर विभिन्न कार्यक्रम आयोजित हुए। बच्चों ने झील में पक्षियों को देखा व पौधरोपण किया।

मगहर प्रतिनिधि के अनुसार विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर दीपशिखा सेवा समिति पडरिया मगहर रूद्राक्ष का पौध रोपण कियागया। यहां पर सचिव राजेश प्रकाश मिश्र, सुधांशु अरूणाभ मिश्र, शिव सम्पत मिश्र, रत्नाकर त्रिपाठी, राज कुमार त्रिपाठी, सुरेंद्र चौधरी, कार्तिकेय, गुन्जन मिश्र आदि मौजूद रही।



रामेश्वर प्रसाद मौर्य इंटर कॉलेज में एनसीसी कैडेट्स ने किए पौधरोपण। संवाद

क्षेत्रीय वनाधिकारी प्रीति पांडेय ने कहा कि पांच जून को विश्व पर्यावरण दिवस के रूप में मनाया जाता है। पर्यावरण संबंधी चिंताओं के अलावा लोगों में पर्यावरण के महत्व के बारे में जागरूकता फैलाने के उद्देश्य से 1972-73 में संयुक्त राष्ट्र महासभा में पर्यावरण दिवस मनाने का निर्णय लिया गया था।

इस साल विश्व पर्यावरण दिवस की थीम ''भूमि पुनर्स्थापन, मरुस्थलीकरण और सूखे से निपटने की क्षमता'' है, जिसका नारा है ''हमारी भूमि हमारा भविष्य। इस दौरान पक्षी बिहार परिसर में बच्चों ने पौधरोपण किया।

झील के किनारे बिखरे हुए कूड़ा-करकट की साफ-सफाई किया गया। बच्चों ने दूरबीन से चिड़ियों को देखकर उनके बारे में जाना व अपनी जिज्ञासाओं को भी शांत किया।

b

# GONDA POLICE

# सराहनीय कार्य दिनांक:- 06-06-2024

# अभ्युदय योजना के लिए भरें फार्म

गोंडा। मुख्यमंत्री अभ्युदय योजना के तहत प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी कर रहे अभ्यर्थियों को निःशुल्क कोचिंग में आफलाइन प्रवेश के लिए आवेदन पत्र आमंत्रित किए गए हैं।

जिला समाज कल्याण अधिकारी राजेश चौधरी ने बताया कि इच्छुक अभ्यर्थी अभ्युदय कार्यालय एलबीएस डिग्री कालेज से आवेदन पत्र प्राप्त कर सकते है।

आवेदन पत्र भरकर शैक्षिक योग्यता, आय, जाति एवं निवास प्रमाण पत्र एलबीएस पीजी कॉलेज में 20 जून से पहले जमा कर सकते हैं।

# पांच लोगों के खिलाफ गैंगस्टर की कार्रवाई

गोंडा। जिले वजीरगंज थाने की पुलिस ने मवेशी तस्करी व हत्या के आरोपी पूरेडाढू निवासी पांच लोगों पर गैंगेस्टर की करवाई की है। थानाध्यक्ष अभय सिंह के मुताबिक संदिग्ध गतिविधियों में संलिप्त आरोपी रसीले पुत्र रामदीन, जितेंद्र, मुकेश तिवारी, यदुनंदन तिवारी उर्फ ननंन व गया प्रसाद तिवारी के खिलाफ गैंगेस्टर की कारवाई की गई है। आरोपी आर्थिक लाभ के लिए आपराधिक गतिविधियों में संलिप्त रहते है डीएम की अनुमति के बाद करवाई की गई है।

# 43 डिग्री तापमान में भीषण बिजली कटौती से आफत

बिजली संकट

गोण्डा, संवाददाता। आसमान पर छिटपुट बादलों और सुबह के वक्त बदली के बावजूद भी तपिश भरी गर्मी में जीना दुश्वार बना हुआ है। तन झुलसाती गर्मी में अचानक बढ़ी डिमाण्ड को पूरा करने में बिजली महकमा को पसीने आ रहे हैं। शहर के मोहल्लों में वक्त बे वक्त बिजली की कटौती ने लोगों की मुश्किलें और बढ़ा रही हैं। पाश कालोनियों में बिजली घड़ी-घड़ी ट्रिप कर जा रही है। बुधवार को अधिकतम तापमान 43 डिग्री व न्यूनतम तापमान 29.2 डिग्री रहा। मौसम विभाग ने अगले 24 घंटों के दौरान भी आसमान पर बादल देखे जाने की संभावनाएं जताई हैं लेकिन बारिश होने के आसार नहीं होने बताए हैं।



शहर के भीषण तपिश के दौरान सड़को पर कुछ इस तरह से गुजरे राहगीर।

शहर व आसपास के क्षेत्रों में बिजली की कटौती से लोग परेशान हैं। खास कर शाम 9 बजे से 11 बजे के बीच सबसे अधिक कटौती देखी जा रही है। जबकि बिजली ट्रिपिंग का सिलसिला तो आधी रात तक जारी रह रहा है।

**मानसून को रोक रहीं पछुवा हवाएं:** बीते कुछ दिनों में मानसून ने तेजी से छलांग लगाई है। बिहार के रास्ते उत्तर प्रदेश में मानसून के दाखिल होने के बीच शुष्क पछुवा हवाओं ने अड़ंगा लगा रखा है। लगातार चल रही शुष्क व गर्म पछुवा हवाओं के थपेड़ों के चलते मानसून बिहार में भी प्रवेश नहीं कर सका है। मौसम विभाग ने अनुमान जताया है कि शुष्क पछुवा हवाओं का चलना अभी पांच-छह दिनों तक जारी रह सकता है। इसके बाद ही मानसून के बिहार होते हुए यूपी में दाखिल होने के लिए परिस्थितियां अनुकूल होंगी।



अम्बेडकर चौराहे पर बिजली उपकेंद्र पर लगा टैंट।

**मानसून की राह देख रहे किसान:** जून का पहला सप्ताह बीतने के साथ ही मानसून का इंतजार शुरु हो गया है। किसान धान की रोपाई के लिए बेहन की बुवाई के लिए आसमान में टकटकी लगा राह देख रहे हैं।

## उपभोक्ताओं के लिए लगाया टेंट

गोंडा, संवाददाता। शहर के अम्बेडकर चौराहे पर बने उपकेंद्र कार्यालय पर भीषण गर्मी और सूरज की तीखी किरणों से बिजली का बिल जमा करने आए बिजली उपभोक्ताओं के लिए विभाग ने टेंट की व्यवस्था की है। हिन्दुस्तान ने बीते शनिवार को प्रमुखता से कड़ी धूप में खड़े होकर जमा करना पड़ता है। जिसको मुख्य अभियंता दीपक अग्रवाल ने संज्ञान में लेकर एसडीओ जवाहर सिंह को तत्काल टीन शेड लगवाने के निर्देश दिए थे। कड़ी धूप में जमा कराने आए बिजली के बिल पर उपभोक्ताओं ने कड़ी धूप में बिजली जमा करते हुए नाराजगी जताई थी। उपभोक्ताओं के लिए यह टेंट लगवाया गया है।

# पौधे लगाकर पर्यावरण संरक्षित करने का आह्वान किया

गोंडा, संवाददाता। विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर नेचर क्लब फाउंडेशन ने शहर के विभिन्न स्थानों पर बैनर, तख्तियां लेकर जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए। क्लब के जितेंद्र शुक्ल ने बताया कि पर्यावरण की स्थिति बहुत अधिक गंभीर हो चुकी है। जिसके कारण हम कुछ दशकों में भयानक खाद्यान्न और पानी के संकट को झेलने वाले है। संदीप पाण्डेय ने बताया कि वह गाय-भैंस के ऊपर दूध की लालच में किए जा रहे अत्याचार से बहुत व्यथित हैं। इसके लिए लोगों को समझाने को बड़े कार्यक्रम करेंगे। तहजीब खान ने बताया कि पानी की बर्बादी को लेकर बड़े चिंतित हैं। अभिषेक दुबे ने बताया कि पर्यावरण की दुश्मन हमारी भोगवादी मानसिकता और अति जनंसख्या है। इसमें राम प्रकाश शुक्ल, गौरव वर्मा, साजिद, सौरभ गोंड, अविनाश भी मौजूद रहे।



बुधवार को शहर मे नेचर क्लब मे चलाया जागरूकता अभियान।

**जिला अस्पताल में फार्मासिस्टों ने किया पौधरोपण :** जिला चिकित्सालय परिसर में बुधवार दोपहर में फार्मासिस्टों ने पौधरोपण करके एक पेड़ स्वच्छ और स्वस्थ जीवन दिलाने का संदेश देते हुए सभी लोगो से एक पौधा लगाने की अपील की है। रोहित मिश्रा ने कहा कि इस बार की गर्मी से कई लोगों की जान गई है। जिन पेड़ों से जीवन में शुद्ध ऑक्सीजन मिलता है उनसे लोग दूरी बना रहे हैं।

**वन रेंज टिकरी में पर्यावरण दिवस मनाया गया:** वन रेंज टिकरी में विश्व पर्यावरण दिवस पर प्रभात फेरी निकाल कर पौधरोपण व पर्यावरण गोष्टी का आयोजन किया। वन क्षेत्राधिकारी विनोद कुमार नायक ने लोगों को पर्यावरण के महत्व के बारे में बताया गया। इस मौके पर डिप्टी रेंजर प्रभात कुमार, अरुण कुमार तिवारी, राम जियावन सिंह, योगेश मिश्रा रहे।

## पौधरोपण कर दिया पर्यावरण संरक्षण का संदेश

बेलसर के महाराजा देवी बख्श सिह इटर कॉलेज में। विद्यालय के प्रधानाचार्य और उत्तर प्रदेश माध्यमिक शिक्षक सघ मडलीय अध्यक्ष अजीत सिह ने कहा कि विश्व पर्यावरण दिवस मनाने का खास उद्देश्य लोगों को पर्यावरण सरक्षण का महत्व बताना है। शिवपूजन शुक्ला ने कहा कि पेड़ पौधो के बिना जीवन की परिकल्पना भी नही की जा सकती है। पेड पौधे न हो तो हम सब सास नही ले सकते हैं। इस अवसर पर विद्यालय के शिक्षक देवेंद्र कुमार यादव, अशोक कुमार तथा शिवपूजन शुक्ला, हरीश द्विवेदी, विकास पाडेय, राजेश वर्मा, अशोक पटवा, तुषा शुक्ला, रागिनी दुबे, नेहा मोदनवाल, अर्चना चौहान उपस्थित रहे।

## पर्यावरण बचाने का संदेश नन्हे बच्चों ने दिया

सर्कुलर रोड स्थित बचपन प्ले स्कूल परिसर मे नन्हे-मुन्नों ने पौधारोपण किया। अध्यापकों ने बच्चो को बताया कि पेड़-पौधों से हमे आक्सीजन व फल, फूल मिलते है। सभी व्यक्ति अपने जीवन में एक आक्सीजन युक्त पौधा लगाकर सरक्षित करें। जिससे आने वाली पीढ़ी का जीवन सुगम हो। एक दिन पर्यावरण दिवस मनाकर काम नही चलने वाला है।

# धानेपुर में तीन लुटेरे दबोचे गए, गैंग लीडर फरार हुआ



बुधवार को लूट के आरोपियों के बारे में जानकारी देते एसपी विनीत जायसवाल।

## शिकंजा

धानेपुर संवाददाता। धानेपुर पुलिस ने एसओजी व सर्विलांस टीम के साथ मिलकर तीन शातिर लुटेरों को गिरफ्तार कर जिले में हुई अलग अलग स्थानों पर लूट व चोरी की कई घटनाओं का खुलासा किया है

बुधवार को एसपी विनीत जायसवाल ने बताया की धानेपुर थाना क्षेत्र के अंतर्गत बंदर मोरवा माधवगंज के पास 2 जून को बाइक सवार लुटेरों की ओर से धानेपुर थाना क्षेत्र के रानी जोत के रहने वाले एक प्रधान प्रतिनिधि की मोबाइल फोन व आधार कार्ड के लूट लिया था। इस संबंध में पीड़ित मनोज पांडेय की ओर से लूट का मुकदमा दर्ज कराया गया था। एएसपी पूर्वी मनोज कुमार रावत के पर्यवेक्षण में धानेपुर थाना प्रभारी एसओजी व सर्विलांस टीम का गठन कर खुलासे के लिए निर्देशित किया गया था। बताया कि घटना के पांच जून को संयुक्त टीम आनंदनगर चौराहे पर मौजूद थी तभी पता चला कि बाइक सवार लुटेरे इधर आ रहें हैं। इस पर टीम ने सड़क के किनारे होकर इंतजार करने लगी। नैपुरिया मोड़ के पास पहुंचते ही टीम ने घेराबंदी कर बाइक सवार तीन शातिर लुटेरों को गिरफ्तार कर लिया।

## दो जिंदा कारतूस और रुपये भी बरामद हुए

खरगूपुर थाना क्षेत्र के असधा गांव के रहने वाले सुमित तिवारी, कोतवाली नगर क्षेत्र के छेदी पुरवा जानकी नगर के शौर्य कश्यप उर्फ हरशु व इमामबाड़ा के फैज अहमद को टीम ने गिरपतार किया है। इनके पास से एक तमंचा 32 बोर व 315 बोर का तमंचा,दो जिंदा कारतूस एक चाकू, चोरी की घटनाओं की 24000 रुपए नगद बरामद हुए।

# दो सीटों पर लोगों का दिल जीतने में कामयाब रहे युवा

गोण्डा, संवाददाता। लोकसभा चुनाव में मंडल की तीन सीटों पर पिछली बार की तरह भाजपा इस बार भी कब्जा करने में कामयाब रही। जबकि सपा ने भी एक सीट पर अपना कब्जा बरकरार रखा। सबसे महत्वपूर्ण बात तो यह रही कि मंडल की दो सीटों पर निर्वतमान सांसद के बेटों ने जीत का परचम लहराया। कैसरगंज और बहराइच पर पहली बार सांसद के पुत्रों को कामयाबी हासिल हुई।

कैसरगंज लोकसभा सीट का टिकट नामांकन से एक दिन पहले फाइनल हुआ। उसके बाद निर्वतमान सांसद बृजभूषण शरण सिंह के छोटे बेटे करण भूषण सिंह ने 01 लाख 48 हजार 843 वोटों से सपा के भगत राम मिश्रा को हराया। वहीं बहराइच लोकसभा सीट पर पूर्व सांसद अक्षबर लाल गौड़ के बेटे आनंद गौड़ पर भाजपा ने भरोसा जताया था। इस सीट से आनंद गौड़ ने चुनाव जीतकर पार्टी का भरोसा कायम रखा। आनंद गौड़ ने 64227 वोटों से सपा के रमेश गौतम को हराया जबकि श्रावस्ती सीट पर सपा के राम शिरोमणि वर्मा ने भाजपा के साकेत मिश्रा को 76673 मतों से पराजित किया है।

## मंडल की चारों सीटों पर जीत का अंतर

| प्रत्याशी | मिले मत | अंतर |
|---|---|---|
| कीर्तिवर्धन | 474258 | 46224 |
| करण भूषण | 571263 | 148843 |
| आनंद गौड़ | 518802 | 64227 |
| राम शिरोमणि | 511055 | 76673 |

- कैसरगंज व बहराइच सीट पर सांसद के पुत्रों का कब्जा
- तीन सीटों पर भाजपा ने सपा को दी शिकस्त

गोण्डा सीट पर भाजपा के कीर्ति वर्धन सिंह ने सपा की श्रेया वर्मा को महज 46224 वोटों से शिकस्त दी।

**दोनों युवाओं ने लोगों के दिल में बनाई जगह :** कैसरगंज सीट से करण भूषण सिंह और बहराइच सीट से आनंद गौड़ को जनता ने जीत का आशीर्वाद दिया। दोनों सीटों पर जीते युवा सांसद मतदाताओं का दिल भी जीतने में कामयाब रहे। कैसरगंज सीट सबसे ज्यादा चर्चा में रही। दोनों युवाओं ने अपने पिता की विरासत संजोने में कामयाब रहे हैं।

# पेड़ लगाओ हरियाली लाओ: गिरीश

गोंडा। रेलवे के क्षेत्रीय प्रबंधक गिरीश कुमार सिंह ने कहा कि जितना लोग पेड़ लगाएंगे उतना ही हरियाली संभव हो सकेगी। मानव जीवन के लिए पेड़ लगाना उतना ही आवश्यक है जितना जीने के लिए भोजन आवश्यक है। ऐसे में सभी को चाहिए कि जो भी आयोजन उनके घर में पड़ रहे हों उन आयोजनों पर कम से कम 10 पौधे जरूर लगें जिससे चारों तरफ खुशहाली आ सके। रेलवे के क्षेत्रीय प्रबंधक कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि यहां से लोग शपथ लेकर जाएं कि आज से अपने घर में आयोजित होने वाले सभी कार्यक्रमों में पेड़ जरूर लगाएंगे।

---

# छीना हक, ट्रैक्टर से करा रहे खोदाई

**संवादसूत्र, जागरण • परसपुर (गोंडा)** : गांवों में जरूरतमंदों को रोजगार उपलब्ध कराने के दावे सिर्फ कागजों तक सिमटकर रह गए हैं। मनरेगा के तहत नाले की भूमि पर तालाब की खोदाई श्रमिकों से न कराकर ट्रैक्टर से कराई जा रही है। बीडीओ का कहना है कि यदि ऐसा है तो इसके लिए प्रधान जिम्मेदार होंगे।

ग्राम पंचायत पूरे तिवारी के कुडवा तिवारी मजरे के सामने नाला है, इसी नाले में ट्रैक्टर से तालाब की खोदाई की जा रही है। जबकि, यह कार्य मनरेगा के मजदूरों से कराया जाना चाहिए था। गांव में प्रधान वासुदेव है, लेकिन उनका कार्य राम प्रताप सिंह देखते हैं। उन्होंने कहा कि लोकसभा चुनाव को लेकर आदर्श चुनाव आचार संहिता लागू होने के कारण तालाब निर्माण का स्टीमेट (प्राक्कलन) नहीं बन पाया। नाला सूखा था, इसलिए मशीन से कार्य कराया जा रहा है।



पूरेतिवारी में ट्रैक्टर से हो रही तालाव की खोदाई • जागरण

अतिरिक्त कार्यक्रम अधिकारी मनरेगा (एपीओ) केपी सिंह ने कहा कि तालाब सुंदरीकरण का कोई स्टीमेट अभी ब्लाक से नहीं बना है। बीडीओ परसपुर राजीव मोहन सक्सेना ने कहा कि ग्राम पंचायत की सचिव बीना सिंह से जानकारी ली जा रही है। यदि बिना स्टीमेट के मशीन से तालाब का निर्माण कराया जा रहा है तो इसके जिम्मेदार ग्राम प्रधान होंगे।

***

# समर्थकों ने किया सांसद कीर्तिवर्धन का स्वागत



बुधवार को अपने आवास पर समर्थकों से मिले नवनिर्वाचित सांसद कीर्तिवर्धन सिंह।

मनकापुर, संवाददाता। नवनिर्वाचित भाजपा सांसद कीर्तिवर्धन सिंह उर्फ राजा भैया के विजयी होने पर उनके निज आवास पर सुबह से बधाई देने का तांता लगा रहा। मंगवार देर शाम राजा भैया मतगणना स्थल से गोंडा के जय महल पहुंचे। जहां उनका अबीर-गुलाल व फूल की पंखुड़ियों से स्वागत हुआ। समर्थकों ने उन्हें फूल माला से लाद दिया।

सांसद को सीओ मनकापुर आरके सिंह व कोतवाल संतोष कुमार मिश्र जयमहल से देर शाम मनकापुर के लिए लेकर चले। रात लगभग नौ बजे मनकापुर कोट पहुंचे । जगह-जगह समर्थकों ने रोककर उनका स्वागत किया। रास्ते में कहोबा चौराहे पर भरत सिंह, झिलाही बाजार में पूर्व क्षेत्र पंचायत सदस्य राजमनि मिश्रा, रेलवे गुमटी पर हनुमान सिंह, पुरानी सब्जी मंडी पर चेयरमैन दुर्गेश कुमार सोनी उर्फ बब्लू सोनी सभासदों के साथ स्वागत किया। गांधीनगर में कुक्कू चोपड़ा, शास्त्रीनगर में सभासद वैभव सिंह ने अपने समर्थकों के साथ जश्न मनाया। बुधवार की सुबह मनकापुर कोट आवास पर मनकापुर विधायक रमापति शास्त्री, प्रतिनिधि वेद प्रकाश दूबे ,जनार्दन तिहारी, ब्लाक प्रमुख जगदेव चौधरी, जिपं सदस्य जर्नादन वर्मा प्रधान राकेश कुमार गुप्ता, धनपतिधर शुक्ल, पप्पू सिंह अधियारी आदि ग्राम प्रधान वीडीसी व सभासदों ने फूल पहना कर स्वागत किया। राजा भैय्या भी कोट परिसर में घूम-घूम कर सबसे मिले और बधाई स्वीकार की।

## करण भूषण सिंह को जीत की बधाई दी

बेलसर। भाजपा के नवनिर्वाचति सांसद करण भूषण सिंह की जीत के बाद नगर पंचायत अध्यक्ष प्रतिनिधि गोलू सिंह ने सभासदों की बैठक कर जीत की बधाई दिया।

गोलू सिंह ने कहा आप सभी के सहयोग से नगर पंचायत से भाजपा को चार हजार मतों से लीड मिली है। शिव सेवक तिवारी, अमर पाल सिंह, शानू, सलीम, छोटकऊ, नकछेद, अमित तिवारी, शैलेन्द्र प्रताप सिंह,सिंह सहित सभी सभासद रहे।

## कैसरगंज में कई विधानसभा सीटों पर भाजपा ने विस के मुकाबले बढ़त बनाई

# विधानसभा के मुकाबले कहीं बढ़ा तो कहीं घटा पार्टियों का जनाधार

- गोण्डा लोकसभा में भाजपा ने दो तो सपा ने चार विस में बढ़ाया जनाधार
- लोकसभा चुनाव में सभी पार्टियों के जनाधार में उलटफेर देखने को मिला

गोण्डा, संवाददाता। विधानसभा चुनाव 2022 के दो साल बाद 2024 में हुए लोकसभा चुनाव में सभी पार्टियों के जनाधार में उलटफेर देखने को मिला है। दोनों प्रमुख प्रतिद्वंद्वी पार्टियों सपा व भाजपा अलग-अलग विधानसभा क्षेत्रों में अपना वोट बढ़ाने में कामयाब रही हैं। गोण्डा लोकसभा में भाजपा ने दो तो सपा ने चार विधानसभा क्षेत्रों में अपना जनाधार बढ़ाया है। वहीं कैसरगंज में भी भाजपा कई क्षेत्रों में विधानसभा के मुकाबले जनाधार बढ़ाने में कामयाब रही है।



तरबगंज विस क्षेत्र में भाजपा की रिकॉर्ड जीत पर बुधवार को विधायक प्रेम नारायण पाण्डेय को मिठाई खिलाकर बधाई देते जिलाध्यक्ष अमर किशोर कश्यप।

**गोण्डा : उतरौला व सदर में बढ़ी तो अन्य विधानसभा में चूकी भाजपा :** पिछले विधानसभा के मुकाबले उतरौला व सदर में भाजपा अपना जनाधार बढ़ाने में कामयाब रही लेकिन मेहनौन, मनकापुर व गौरा में चूक गई। लोकसभा चुनाव में उतरौला में भाजपा को विधानसभा के मुकाबले 856 मत अधिक मिले हैं। वहीं गौरा में पिछले विधानसभा के मुकाबले 6536 वोट अधिक हासिल करने में कामयाब रही है। जबकि मेहनौन में 1215, गोण्डा सदर में 2327, मनकापुर में 1398 मत अबकी बार कम मिले हैं। इसी प्रकार सपा का आंकडा देखा जाए तो गोण्डा सदर छोड़कर विधानसभा चुनाव के मुकाबले चारों विधानसभा में अधिक मत मिले हैं। गोण्डा सदर में सपा को इस चुनाव में पिछले चुनाव के मुकाबले 4132 वोट कम मिले हैं जबकि अन्य विधानसभा क्षेत्रों उतरौला में 30810, मेहनौन में 9249, मनकापुर में 4423 व गौरा में 31783 मत अधिक मिले हैं। इसी प्रकार बसपा की स्थिति पर गौर करें तो तो सारे विधानसभाओं में उसको 2022 के मुकाबले 2024 में नुकसान उठाना पड़ा है। बसपा को विधानसभा चुनाव के मुकाबले इस लोकसभा में उतरौला में 3906, मेहनौन में 5396, गोण्डा सदर में 1343, मनकापुर में 2049 और गौरा में 2273 वोट कम मिले हैं।

**कैसरगंज : सिर्फ करनैलगंज में घटी और हर जगह बढ़ी भाजपा :** कैसरगंज लोकसभा में करनैलगंज विधानसभा को छोड़कर सभी जगह भाजपा का जनाधार विधानसभा चुनाव के मुकाबले बढ गया है।

पिछले विधानसभा चुनाव में पयागपुर में भाजपा को 110162 वोट मिले थे जबकि इस बार उसे 115323 वोट मिले हैं। कैसरगंज सीट पर पिछले चुनाव में भाजपा को 95424 वोट ही मिल पाए थे जो अबकी बार बढ़कर 100586 तक पहुंच गए। इसी प्रकार कटराबाजार में पिछले चुनाव में 112291 के सापेक्ष 121621 वोट, तरबगंज में 125325 के मुकाबले 138668 वोट मिले हैं। वहीं करनैलगंज में पिछले विधानसभा चुनाव 108109 के सापेक्ष 94238 वोट ही भाजपा को मिले हैं। वहीं सपा को देखा जाए तो कैसरगंज व कर्नलगंज में ही वह अपना जनाधार बढ़ाने में कामयाब रही है।

सपा को पयागपुर में पिछले विधानसभा 98106 के सापेक्ष 91544 वोट, कैसरगंज में 103125 के सापेक्ष 107372 वोट, कटराबाजार में 93834 के सापेक्ष 90226 वोट, कर्नलगंज में 72637 के सापेक्ष 75119 वोट और तरबगंज में 76635 के सापेक्ष 57751 वोट ही मिले हैं। इसी प्रकार बसपा पयागपुर में पिछले विधानसभा में 11232 के सापेक्ष 11249 वोट, कैसरगंज में 13850 के सापेक्ष 10026 वोट, कटराबाजार में 18218 के सापेक्ष 9392 वोट, कर्नलगंज में 3764 के सापेक्ष 6724 वोट और तरबगंज में 3751 के सापेक्ष 6826 वोट मिले हैं।

# जनता के सुख-दुख में हमेशा खड़ा रहूंगा : करण भूषण

नवाबगंज। कैसरगंज के नवनिर्वाचित सांसद करण भूषण सिंह ने हिन्दुस्तान ने बातचीत करने उनकी प्राथमिकताएं और चुनाव के दौरान हुए अनुभवों को साझा किया। इस दौरा जीत के बाद उत्साह के लबरेज करण भूषण ने कहा कि क्षेत्र की जनता के सुख-दुख में हमेशा खड़ा मिलूंगा। पार्टी की नीतियों के आधार पर क्षेत्र के विकास के लिए भरसक प्रयत्न करूंगा। पेश हैं करण भूषण से बातचीत के अंश...



मंदिर में पूजा अर्चना करते कैसरगंज के नवनिर्वाचित सांसद करण भूषण सिंह।

- **ऐसे काम जो प्राथमिकता के आधार पर क्षेत्र में करेंगे।**

प्राथमिकता किसी एक काम की नहीं सभी कार्यों की होगी। सड़कों और पुलों के निर्माण के साथ लोगों तक मूलभूत सुविधाएं पहुंचाना प्रमुख कार्य होगा। खास कर ग्रामीण क्षेत्रों में योजनाबद्ध ढंग से पारदर्शिता के साथ विकास हो ऐसी प्राथमिकता रहेगी।

- **ऐसे लोग जिन्हें जीत का श्रेय देंगे।**

सर्वप्रथम क्षेत्र की जनता, परम आदरणीय पिता-माता और वह सभी साथी जिन्होनें पूरी तरह से मदद की और आशीर्वाद दिया।

- **ऐसी वजहें, जिन्होंने आपकी जीत की राह आसान की।**

जनता के प्रति लगातार उपलब्धता और पिता द्वारा सांसद रहते किए गए कार्यों से जीत की राह सरल हुई। जनता का परिवार के प्रति विश्वास और प्रेम ही हमारी थाती है।

- **अगले सौ दिन के लिए आपका प्लान क्या है**

पूरे कैसरगंज क्षेत्र का शीघ्र भ्रमण कर जहां जनता का धन्यवाद ज्ञापित करुंगा वहीं क्षेत्रवार जनता की समस्याओं को सूचीबद्ध कर उनके निराकरण के लिए योजनाबद्ध ढंग से कार्ययोजना तैयार की जाएगी। सौ दिनों का प्लान शीघ्र तैयार होगा और उसे सार्वजनिक पटल पर भी रखा जायेगा।

- **ऐसे वाकये जिन्होंने प्रचार अभियान के दौरान विचलित किया।**

सौभाग्य से ऐसा कोई वाकया हमारे साथ नहीं गुजरा। पूरे चुनाव प्रचार के दौरान कैसरगंज परिवार की तरह दिखा। कभी किसी ने कोई उलाहना और शिकायत नहीं की। जहां भी गया लोगों का भरपूर स्नेह और दुलार मिला।

- **ऐसा सबक जो इस चुनाव अभियान में आपने सीखा।**

शुरू से राजनीतिक परिवार में रहे और राजनीति को करीब से जाना समझा, सबक यह मिला कि जनता के बीच सदा रहना चाहिए तभी आप बेहतर नेतृत्व कर सकते हैं। सभी वर्गों की समस्याओं के प्रति आपको सजग और गंभीर रहना चाहिए।

# चुनाव में जीत हो या हार, जनादेश स्वीकार

## इंटरनेट मीडिया पर आभार जता रहे उम्मीदवार, नवनिर्वाचित सांसदों के घर बधाई देने वालों का लगा तांता

जागरण • गोंडा : जीत हो या हार, जनादेश स्वीकार। लोकसभा चुनाव की मतगणना के बाद जनता जनार्दन के मत रूपी आशीर्वाद का आभार जताने के साथ ही इंटरनेट मीडिया पर साथ निभाने की दुहाई दी जा रही है। नवनिर्वाचित सांसदों के घर जहां बधाई देने वालों का तांता लगा हुआ है। वहीं, दूसरी तरफ चुनाव में हार के बावजूद उम्मीदवार मिले स्नेह व समर्थन के लिए मतदाताओं का आभार जता रहे हैं।

कैसरगंज लोकसभा सीट से भाजपा प्रत्याशी करण भूषण सिंह ने बड़ी जीत दर्ज की है। बुधवार को नवाबगंज के बिश्नोहरपुर स्थित आवास पर सांसद बृजभूषण शरण सिंह को बेटे की जीत के लिए बधाई देने वालों का तांता लगा रहा है। हर कोई इस सांसद की मेहनत व परिश्रम का फल बता रहा था। सांसद भी समर्थकों का भावविभोर होकर आभार जताते दिखे। उन्होंने कहा कि यह कैसरगंज लोकसभा क्षेत्र के जनता की जीत है। आपका स्नेह व समर्थन ने हमेशा मान बढ़ाया है। सांसद प्रतिनिधि संजीव सिंह, सोनू सिंह, जिला पंचायत सदस्य महेंद्र सिंह, दिनेश सिंह, राजवीर उर्फ पिंटू सिंह उपस्थित रहे। मनकापुर स्थित आवास पर सांसद कीर्तिवर्धन सिंह ने समर्थकों व मतदाताओं का आभार जताया।

**जनता का निर्णय सिरमाथे पर** : गोंडा लोकसभा सीट से सपा प्रत्याशी श्रेया वर्मा ने बुधवार को अपने फेसबुक अकाउंट पर संदेश के जरिए मतदाताओं का आभार जताया है। उन्होंने लिखा है, प्रिय गोंडा की सम्मानित जनता, आपके प्यार और समर्थन के लिए कोटि कोटि आभार। ये सिर्फ चुनाव नहीं था, मेरे आपके अन्तर्मन से जुड़ने एवं गोंडा की बिटिया के रूप में मुझे आशीर्वाद देने का मजबूत संबंध, जिसको आप सबने बखूबी निभाया। जनता के इस निर्णय और प्यार को मैं, सिरमाथे रख कर आपके सहयोग की आकांक्षाओं के साथ आपसे हमेशा जुड़े रहने का वादा करती हूं। मैं यह चुनाव जरूर हारी हूं, लेकिन आपका स्नेह, आत्मीय एवं परिवार जैसा रिश्ता बनाने में पूर्णतया सफल हुई हूं।



समर्थकों का आभार व्यक्त करते नवनिर्वाचित कैसरगंज से भाजपा सांसद करण भूषण सिंह • जागरण

### पिता की राजनीतिक विरासत संभालेंगे करण भूषण

जागरण, गोंडा : जिस सदन में छह बार पिता व एक बार माता ने जिले का प्रतिनिधित्व किया है, उस सदन में इस बार करण भूषण माता-पिता की राजनीतिक विरासत आगे बढ़ाएंगे। बृजभूषण शरण सिंह के परिवार से वह तीसरे सदस्य हैं, जिन्हें 18वीं लोकसभा के लिए सांसद चुना गया है। नवाबगंज के बिश्नोहरपुर में जन्मे बृजभूषण शरण सिंह ने राजनीतिक सफर की शुरुआत अयोध्या में छात्रसंघ के चुनाव से की थी। पहली बार वह 1991 को रामलहर में गोंडा लोकसभा सीट से सांसद चुने गए थे, इस चुनाव में उन्होंने कांग्रेस के सांसद कुंवर आनंद सिंह को एक लाख तीन हजार मतों से चुनाव हराया था। 1996 में बृजभूषण शरण सिंह के जेल में निरुद्ध होने पर उनकी पत्नी केतकी देवी सिंह ने राजनीतिक विरासत संभाली और वह 11वीं लोकसभा के लिए सांसद चुनी गईं। 1999 में वह फिर गोंडा से सांसद चुने गए, इसके बाद उनके जीत का सिलसिला जारी रहा। 2004 में बलरामपुर (अब श्रावस्ती) लोकसभा सीट, 2009, 2014 व 2019 में वह कैसरगंज लोकसभा सीट से सांसद चुने गए। गोंडा सदर सीट से बृजभूषण शरण सिंह के बड़े बेटे प्रतीक भूषण सिंह गोंडा सदर सीट से भाजपा से विधायक हैं। वहीं, छोटे बेटे करण भूषण सिंह लोकसभा चुनाव जीतकर सांसद बने हैं।

## यूं ही नहीं बना है 'दबदबा'

रमन सिंह • जागरण

गोंडा : कैसरगंज लोकसभा सीट से बेटे को सांसद बनाने के बाद बृजभूषण सिंह के दबदबे की चर्चा हो रही है। शहर से लेकर गांव तक हर कोई उनकी रणनीति का कायल है। सपा के पीडीए मंत्र के साथ ब्राह्मण प्रत्याशी होने के बाद भी उन्होंने बेटे को मंडल में सबसे बड़ी जीत दिलाकर दबदबा दिखा दिया। समर्थक कहते हैं कि संगठन के साथ ही सांसद का अपना तंत्र है, जिसे भेद पाना विपक्षी दलों के बस की बात नहीं है। यही कारण है कि छह बार स्वयं व एक बार पत्नी को सांसद बना चुके हैं। इस बार बेटे को चुनाव में जिताकर रणनीति का लोहा मनवाया है। गांव से लेकर राष्ट्रीय राजनीति में उनका दखल रहता है। इसलिए उनका हर क्षेत्र में दबदबा बरकरार है।

पंचायत चुनाव हो या फिर विधानसभा व लोकसभा का। चुनाव को लेकर जहां राजनीतिक दल अपनी रणनीति तैयार करते हैं तो वहीं, बृजभूषण शरण सिंह का अपना ताना-बाना है। गांव से लेकर जिले तक हर गांव में न सिर्फ उनके समर्थक हैं बल्कि, उनकी पकड़ हर वर्ग के मतदाताओं में है। चुनाव में उतार-चढ़ाव की आहट पहले भले ही सुनाई देती हो, लेकिन नतीजा हरबार उनके पक्ष में ही आता है। लोकसभा चुनाव के परिणाम पर गौर करें तो भाजपा ने उन बूथों पर भी जीत दर्ज की है, जहां उन्हें अभी तक हार का सामना करना पड़ा था। तरबगंज विधानसभा क्षेत्र के भौंदामाझा बूथ पर भाजपा ने इस बार सवा सौ वोटों से जीत दर्ज की है। जबकि, 2022 के चुनाव में पार्टी को हार का सामना करना पड़ा था। सालेपुर, दलनगर व तुलसीपुरमाझा में इस बार तस्वीर बदल गई। यही कारण रहा कि विपक्ष की किलेबंदी के बावजूद भाजपा ने कैसरगंज लोकसभा सीट से बड़ी जीत दर्ज की। चुनाव भले ही करण भूषण लड़ रहे थे लेकिन, प्रबंधन व रणनीति बृजभूषण शरण सिंह ने ही बनाई थी।

### सीएम योगी को दी बधाई



कैसरगंज के निवर्तमान सांसद बृजभूषण शरण सिंह ने इंटरनेट मीडिया पर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को जन्मदिन की बधाई देते हुए प्रभु श्रीराम से उनके दीर्घायु होने और सदैव स्वस्थ एवं प्रसन्न रहने की कामना की है।

# दफ्तरों में तनाव मुक्त नजर आए अफसर

गोंडा। जिले में 16 मार्च को लोकसभा चुनाव की घोषणा के बाद आचार संहिता लागू हो गई। जिसके बाद अफसर और कर्मचारी चुनावी कुरुक्षेत्र में कदम ताल करते रहे। दो महीने से अधिक समय तक पुलिस और प्रशासनिक अधिकारियों और कर्मचारियों के दफ्तर न आने का समय निश्चित रहा और न जाने का। इस दौरान अफसरों ने भोजन और सुकून की नींद तक नही ली है।

पांचवे चरण में बीस मई को मतदान और 4 जून को शांतिपूर्ण सकुशल वोटों की गिनती के बाद मंगलवार शाम को प्रशासनिक और पुलिस अफसरों ने राहत की सांस ली है। बुधवार सुबह कार्यालय पर सिटी मजिस्ट्रेट विजय शर्मा तनाव मुक्त होकर तरोताजा महसूस करके काम काज निपटाते नजर आए। उनके चेहरे पर मुस्कान थकान को हटा रही थी।

## बहराइच रोड के ढाबे पर रोडवेज यात्रियों का शोषण कराने की जांच शुरू

संसू, जागरण • गोंडा : बहराइच जा रही अधिकांश बसों को आर्यनगर स्थित एक ढाबे पर रोज रोक कर यात्रियों का आर्थिक शोषण करने की जांच शुरू हो गई है। इंटरनेट मीडिया पर एक यात्री ने कहा कि कुछ रोडवेज बसों को प्रतिदिन एक ढाबे पर बस रोक देते हैं। यहां रोडवेज कर्मियों को मुफ्त नाश्ता व भोजन कराया जाता है, लेकिन यात्रियों को महंगे दर पर नाश्ता व भोजन देकर उनका आर्थिक शोषण किया जाता है। क्षेत्रीय प्रबंधक अपराजित श्रीवास्तव ने दोषी रोडवेज कर्मियों के खिलाफ कार्रवाई के निर्देश दिए हैं।

# कीर्तिवर्धन और करणभूषण रहे सबसे खर्चीले प्रत्याशी

## मतदान से पहले करण ने 45 लाख जबकि कीर्तिवर्धन ने 44 लाख रुपये खर्च किए

संवाद न्यूज एजेंसी

गोंडा। चुनाव से पहले गोंडा सांसद व भाजपा प्रत्याशी कीर्तिवर्धन सिंह और कैसरगंज भाजपा प्रत्याशी करणभूषण सिंह सबसे खर्चीले रहे हैं। जहां कीर्तिवर्धन सिंह ने 95 लाख निर्धारित सीमा के सापेक्ष 44 लाख और करणभूषण ने 45 लाख रुपये खर्च किया। जबकि सपा व बसपा प्रत्याशी खर्च के मामले में दूसरे व तीसरे स्थान पर रहे हैं। वहीं आखिरी व्यय परीक्षण चार जुलाई को प्रस्तावित है।

मुख्य कोषाधिकारी श्यामलाल जायसवाल ने बताया कि 29 जून को व्यय-प्रेक्षक का आवागमन होगा। वहीं चार जुलाई तक अंतिम लेखा सम्मलित किया जाएगा। चुनाव से पूर्व नौ, 13 और 17 मई लेखा परीक्षा हो चुका है। जिसके अनुसार कैसरगंज से भाजपा प्रत्याशी करणभूषण सिंह ने 45.04, बसपा प्रत्याशी नरेंद्र पांडेय 3.34 लाख के अलावा सपा प्रत्याशी भगतराम मिश्र ने 20.33 लाख रुपये खर्च किए। जबकि गोंडा से भाजपा सांसद कीर्तिवर्धन सिंह ने 43.97 लाख, सपा प्रत्याशी श्रेया वर्मा 22.66 लाख रुपये खर्च किया। इसी तरह से बसपा प्रत्याशी सौरभ मिश्र ने 1.07 लाख रुपये खर्च किए थे।

**95 लाख निर्धारित है चुनावी खर्च**

आंकड़ों की मानें तो जिले की गोंडा व कैसरगंज सीटों पर भाजपा प्रत्याशी ने सबसे अधिक खर्च किया है। वहीं खर्च के मामले में दूसरे नंबर पर सपा प्रत्याशी रहे हैं। जिले की सीटों पर दोनों मुख्य विपक्षी पार्टी प्रत्याशियों ने जमकर खर्च किया है। अधिकारियों का कहना है कि मतगणना तक खर्च की अधिकतम सीमा 95 लाख रुपये निर्धारित है। ऐसे में मतगणना तक खर्च का आंकड़ा चार जून को मिलेगा। निर्धारित अधिकतम सीमा से ज्यादा खर्च करने पर निर्वाचित सदस्यों की सदस्यता रद्द हो सकती है।

# सस्ते में जीते राम शिरोमणि

अजय कुमार श्रीवास्तव

बलरामपुर। लोकसभा चुनाव में प्रत्याशियों ने दिल खोलकर रकम खर्च की है। भाजपा प्रत्याशी को जहां सबसे अधिक रुपया खर्च करने के बावजूद हार का सामना करना पड़ा, वहीं सपा प्रत्याशी ने कम खर्च करके भी जीत हासिल कर ली।

**30 जून को होगी मतगणना व्यय की समीक्षा**

भाजपा प्रत्याशी साकेत मिश्र ने 22 मई तक चुनाव प्रचार में 40 लाख 92 हजार रुपये खर्च किया है। लोकसभा चुनाव में साकेत को चार लाख 34 हजार 382 मत मिले हैं। इस हिसाब से उन्होंने एक वोट के पीछे 9 रुपये 42 पैसे खर्च किए हैं।

सपा के राम शिरोमणि वर्मा ने भी 17 लाख 51 हजार 424 रुपये खर्च किया है। चुनाव में उन्हें 5 लाख 11 हजार 55 वोट मिले हैं। उन्होंने एक वोट के बदले 3 रुपये 42 पैसे खर्च किए हैं।

बसपा के प्रत्याशी मैनुद्दीन अहमद उर्फ दद्दन खां ने चुनाव प्रचार पर 15 लाख 64 हजार 609 रुपये खर्च किया किया। उन्हें प्रति वोट पर 27 रुपये 81 पैसे खर्च किए हैं। (संवाद)



राम शिरोमणि वर्मा।

**40.92** लाख रुपये खर्च किए थे भाजपा प्रत्याशी ने

सपा ने 17.51 लाख तो बसपा प्रत्याशी ने खर्च किए थे 15.64 लाख

## एक लाख का आंकड़ा भी नहीं छू सके दल व निर्दल

पीस पार्टी के प्रत्याशी अहमद जिया खान ने 62 हजार 830 रुपये, आरजेपी की प्रत्याशी गीता गौतम ने 19 हजार 540 रुपये, सम्यक पार्टी के कृष्ण कुमार ने 46 हजार रुपये, एजेपी इंडिया के युगल किशोर शुक्ल ने 30 हजार 377 रुपये, केएमएस पार्टी के हनुमान प्रसाद मिश्र ने 88 हजार 720 रुपये, निर्दलीय अनिल कुमार तिवारी ने 37 हजार 916 रुपये, शांति देवी ने 15 हजार 100 रुपये, मालिक राम ने 26 हजार 350 रुपये व सुजीत कुमार ने 91 हजार 850 रुपये का खर्च किए हैं।

## ब्योरा न देने वालों पर होगी कार्रवाई

“ निर्वाचन आयोग के निर्देश पर व्यय प्रेक्षक की सहमति से प्रत्याशियों के चुनाव खर्च की समीक्षा के लिए 14 मई, 18 मई व 22 मई को तिथि निर्धारित की गई थी। अब काउंटिंग के बाद 26वें दिन 30 जून को प्रत्याशियों के चुनाव खर्च की समीक्षा की जाएगी। बैठक में चुनाव खर्च का ब्योरा न देने वाले प्रत्याशियों पर कार्रवाई तय की जाएगी। -अरविंद सिंह, जिला निर्वाचन अधिकारी व डीएम

# फीडर ब्लास्ट होने से 70 गांवों की ठप रही बिजली आपूर्ति

संवादसूत्र, जागरण● वेलसर (गोंडा) : बुधवार की सुबह सात बजे तरबगंज ग्रामीण बिजली उपकेंद्र में इनकमिंग फीडर ब्लास्ट होने से तीन फीडर की आपूर्ति बाधित रही। इससे लगभग 70 गांवों की एक लाख आबादी बिना बिजली के गर्मी में बेहाल रही। 11घंटे बाद शाम छह बजे बिजली आपूर्ति बहाल हो सकी। बिजली उपकेंद्र तरबगंज का इनकमिंग फीडर ओवरलोड होने के कारण बुधवार की सुबह ब्लास्ट हो गया इससे डुमरियाडीह, ढेमवा, बहादुरपुर फीडर से जुड़े लगभग 70 गांवों की बिजली आपूर्ति ठप हो गई। गर्मी से बुजुर्ग, महिलाएं समेत सभी परेशान रहे। अवर अभियंता सत्यम सिंह ने कहा कि फीडर सही हो गया है। शाम छह बजे बिजली आपूर्ति बहाल हो गई है।

# रास्ता पूछने के बहाने छिनैती करने वाले गिरफ्तार

संसू, जागरण● गोंडा : रास्ता पूछने के बहाने लोगों को रोककर छिनैती करने वाले गिरोह के तीन सदस्यों को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। आरोपितों के पास लूट की धनराशि, तमंचा सहित अन्य सामग्री बरामद की गई है।

पुलिस अधीक्षक विनीत जायसवाल ने कहा कि बाइक सवारों ने 23 अप्रैल को देहात कोतवाली के बेलवा बनघुसरा के पास साइकिल सवार को रास्ता पूछने के बहाने रोका। आंख में मिर्च पाउडर झोंक दिया और रुपये छीन कर रुपये भाग गए। इसी प्रकार से 29 अप्रैल को नवाबगंज के किशनुदासपुर क्रासिंग के पास मिर्च पाउडर झोंक कर छिनैती की गई। 21 मई को खरगूपुर के फरेंदा मोड़ पर छिनैती की घटना को अंजाम दिया गया। दो जून को मोतीगंज के पास रिक्शा चालक पर चाकू से हमला कर मोबाइल फोन व रुपये की लूट की गई। इन सभी मामलों में मुकदमा दर्ज करके राजफाश के लिए पुलिस, एसओजी व सर्विलांस टीम को सक्रिय किया गया था। पांच जून को नैपुरिया मोड़ के पास से खरगूपुर के असया निवासी सुमित कुमार तिवारी, छेदीपुरवा जानकीनगर के शौर्य कश्यप व मुहल्ला इमामबाड़ा के फैज अहमद को गिरफ्तार किया गया। आरोपितों ने पूछताछ में बताया कि उनका संगठित गिरोह है, जिसका लीडर आकाश यादव है। सभी आर्थिक लाभ कमाने के लिए चोरी, लूट व छिनैती की वारदात करते हैं। एसपी ने कहा कि आरोपितों के पास से दो तमंचा, तीन कारतूस, चाकू, मोबाइल, 24 हजार रुपये नकद व कागजात बरामद किया गया है।



पुलिस कार्यालय में लूट की घटना का राजफाश करते पुलिस अधीक्षक ● जागरण

**पुलिस कार्यालय पर पहुंची सरगना की मां :** एसपी विनीत जायसवाल जब घटना का राजफाश कर रहे थे, उसी समय गिरोह के सरगना की मां पहुंच गई और जोर-जोर से रोते हुए बेटे के गायब होने की जानकारी दी। एसपी ने पुलिस कर्मियों से जानकारी प्राप्त की। बताया गया कि उसका बेटा फरार है। पुलिस उसकी तलाश कर रही है। एसपी ने महिला से कहा कि वह घर जाएं। बेटे को खोजकर उनसे मिलवाएंगे।

# 17 आरोपितों पर मुकदमा

**मनकापुर :** ग्राम बैरीपुर रामनाथ के रहने वाले अतुल कुमार पांडेय ने मारपीट की तहरीर दी है। दूसरी पक्ष की गायत्री नगर की सपना तिवारी ने भी मारपीट का आरोप लगाया है। प्रभारी निरीक्षक संतोष कुमार मिश्र ने कहा कि दोनों पक्षों की तहरीर पर 17 आरोपितों के विरुद्ध मुकदमा किया गया है। (संसू)

# अज्ञात चालक पर मुकदमा

**पंडरी कृपाल :** धर्मी पुरवा निवासी श्री नरायन मिश्र ने कहा कि उनकी बेटी अंशिका मंगलवार की शाम को जिला मुख्यालय से वापस घर आ रही थी। केशवपुर पहड़वा के पास ट्रक टोकर मार दी, जिससे उसकी मौत हो गई। कोतवाल राजेश कुमार सिंह ने कहा कि अज्ञात चालक पर मुकदमा किया गया है। (संसू)

# लटकता मिला युवक का शव

**पंडरीकृपाल :** गंगाधाम रेलवे स्टेशन के पास लगे पेड़ में युवक का शव लटकता मिला है। कोतवाली देहात के प्रभारी निरीक्षक देवेंद्र कुमार श्रीवास्तव ने बताया कि मृतक की पहचान नहीं हो सकी है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद मौत के कारण का पता चल सकेगा। (संसू)

# 15 जून तक बंद रहेंगे आंगनबाड़ी केंद्र

**गोंडा :** जिलाधिकारी नेहा शर्मा ने कहा कि जनपद के समस्त प्राथमिक/उच्च प्राथमिक विद्यालयों में ग्रीष्मकालीन अवकाश चल रहा है। उन्होंने कहा कि अधिकांश आंगनबाड़ी केंद्र प्राथमिक विद्यालयों में संचालित है और केंद्र पर आने वाले बच्चे छोटे हैं। गर्मी एवं लू के कारण आंगनबाड़ी केंद्र 15 जून तक बंद रहेंगे। (संसू)

# धरती माता करें पुकार हरा-भरा कर दो संसार...

**जागरण टीम • गोंडा :** विश्व पर्यावरण दिवस पर स्कूलों, अस्पतालों, कार्यालयों समेत विविध स्थानों पर पौधारोपण का विशेष अभियान चला। धरती माता करे पुकार, हरा भरा कर दो संसार..समेत अन्य नारे लगाते हुए धरती पर अधिकाधिक पौध लगाकर उसे हरा भरा रखने का संकल्प दिलाया गया। सहकारी गन्ना विकास समिति गोंडा में जिला गन्ना अधिकारी सुनील कुमार सिंह पौधारोपण किया।

सरस्वती देवी नारी ज्ञानस्थली पीजी कालेज में विश्व पर्यावरण दिवस पर राष्ट्रीय सेवा योजना की छात्राओं ने कालेज परिसर में आम और सहजन का पौधारोपण कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया। विश्व पर्यावरण दिवस मनाने का उद्देश्य पृथ्वी व प्रकृति की रक्षा करना है। वृक्षों की कटाई पर रोक लगाना व पौधारोपण करना पर्यावरण संतुलन के लिए जरूरी है। प्राचार्य डा. आरती श्रीवास्तव, कार्यक्रमाधिकारी डा. मौसमी सिंह, डा. नीतू सिंह, विजय प्रकाश श्रीवास्तव, दिनेश श्रीवास्तव उपस्थित रहे। वहीं सरकुलर रोड स्थित बचपन प्ले स्कूल में पर्यावरण दिवस पर बच्चों ने पौधरोपण किया। पौधा लगाकर उनके संरक्षण का संकल्प लिया। अपने जन्मदिन पर एक पौधा लगाने का संकल्प भी लिया।




वजीरगंज : सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र अधीक्षक डा. आशुतोष शुक्ला ने परिसर में स्वास्थ्य कर्मियों के संग नीम के पौधे लगाकर उसके संरक्षण का संकल्प लिया। राम सजन, नितिन कुमार, सुभाष मिश्रा, संदीप कुमार मौजूद रहे। थानाध्यक्ष अभय सिंह ने वरिष्ठ उप निरीक्षक विश्वास कुमार चतुर्वेदी,उप निरीक्षक दुर्गेश कुमार, रामधारी दिनकर, हरिनारायन तिवारी समेत अन्य पुलिस कर्मियों को पौधों के संरक्षण का संकल्प दिलाया।



सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र परिसर में पौधारोपण के बाद पानी डालते अधीक्षक डा. आशुतोष शुक्ल • जागरण



एलबीएस डिग्री कालेज गेट पर प्रकृति को नष्ट न करने का संदेश देते नेचर क्लब अध्यक्ष अभिषेक दुबे • जागरण



कर्नलगंज के कटरा घाट सरयू नदी के किनारे पौधारोपण के बाद पानी डालते वनकर्मी • जागरण



अगा पार्वती पक्षी विहार में पौधारोपण करते वनक्षेत्राधिकारी ओम प्रकाश • जागरण



बचपन प्ले स्कूल में पौधारोपण के लिए जागरूक करते छात्र व शिक्षिकाएं • जागरण



सरस्वती देवी नारी ज्ञानस्थली महाविद्यालय में पौधारोपण करती छात्राएं • जागरण

# जिलाध्यक्षों के बूथ पर हारी भाजपा– बसपा

वरुण यादव • जागरण

**गोंडा :** लोकसभा चुनाव में कोई खुद की जीत का दंभ भर रहा था तो कोई पार्टी के प्रत्याशी को, लेकिन चुनाव परिणाम ने राजनीति में अव्वल दिखने वालों की हकीकत बयां कर दी है। भाजपा व बसपा अपने जिलाध्यक्ष के बूथ पर हार गई। बसपा प्रत्याशी को अपने गांव में सिर्फ 112 वोट मिले।

लोकसभा चुनाव में भाजपा ने जिले की दोनों सीटें दर्ज की हैं। कैसरगंज लोकसभा सीट से करण भूषण सिंह सांसद चुने गए हैं। लोकसभा क्षेत्र में पांच विधानसभा सीटें आती हैं। यहां कैसरगंज को छोड़कर अन्य विधानसभाओं में भाजपा के विधायक हैं। विधायकों के गांव में भाजपा ने एकतरफा जीत दर्ज की है। सांसद कीर्तिवर्धन सिंह, विधायक मनकापुर रमापति शास्त्री, सदर विधायक प्रतीक भूषण सिंह व भाजपा प्रत्याशी करण भूषण सिंह ने एक ही बूथ पर मतदान किया है। यहां भाजपा को 1466 में से 1425 मत मिले हैं। जबकि, सपा को सिर्फ 26 व बसपा को 13 वोट मिले। तरबगंज विधायक प्रेम नरायन पांडेय के पैतृक गांव रानीपुर में 1337 में से भाजपा को 1211, सपा को 84 व बसपा को 15 मत मिले। एमएलएसी अवधेश कुमार उर्फ मंजू सिंह के गांव में भाजपा को 1109, सपा 217 व बसपा को 14 मत प्राप्त हुए। कर्नलगंज विधायक अजय सिंह के पैतृक गांव कड़रू में भाजपा को 586, सपा 161 व बसपा को 31 वोट मिले। पूर्व विधायक कुंवर अजय प्रताप सिंह लल्ला भइया के पैतृक गांव कटरा शहबाजपुर में भाजपा 824, सपा 328 व बसपा को 32 मिले हैं। गोंडा लोकसभा क्षेत्र में गौरा विधायक प्रभात वर्मा के पैतृक गांव गौरा में भाजपा 388, सपा 120 व बसपा ने 34 मत हासिल किए। मेहनौन विधायक विनय द्विवेदी के गांव में भी भाजपा ने जीत दर्ज की।

महासमर 2024 सभी चुनें सही चुनें

## कैसरगंज लोकसभा क्षेत्र

### विधानसभावार दलों को मिले वोट

| विस | भाजपा | सपा | बसपा |
|---|---|---|---|
| पयागपुर | 115323 | 91544 | 11249 |
| कैसरगंज | 100586 | 107372 | 10026 |
| कटराबाजार | 121621 | 90226 | 9392 |
| कर्नलगंज | 94238 | 75119 | 6724 |
| तरबगंज | 138668 | 57751 | 6826 |
| पोस्टल बैलेट | 827 | 408 | 62 |
| योग | 571263 | 422420 | 44279 |

## गोंडा लोकसभा क्षेत्र

### विधानसभावार दलों को मिले वोट

| विधानसभा | भाजपा | सपा | बसपा |
|---|---|---|---|
| उतरौला | 89018 | 96203 | 5763 |
| मेहनौन | 106112 | 95358 | 5487 |
| गोंडा | 94201 | 85697 | 4415 |
| मनकापुर | 104279 | 67751 | 4980 |
| गौरा | 80081 | 82354 | 8743 |
| पोस्ट बैलेट | 567 | 671 | 41 |
| योग | 474258 | 428034 | 29429 |

## बूथ हार गए पदाधिकारी

भाजपा जिलाध्यक्ष अमर किशोर कश्यप के महराजगंज स्थित बूथ नंबर 111 में पार्टी को सिर्फ 71वोट मिले। सपा को 536 व बसपा को छह मत मिले। इस मुहल्ले में अल्पसंख्यक वर्ग मतदाता सर्वाधिक हैं। वहीं, बसपा जिलाध्यक्ष मनोज कुमार कनौजिया के रानीपुरवा के तीन बूथों पर पार्टी के प्रत्याशी को सिर्फ 65 वोट मिले। कांग्रेस जिलाध्यक्ष प्रमोद मिश्र के गांव लोहंगपुर में सपा प्रत्याशी ने 15 मतों से जीत दर्ज की। यहां सपा को 420, भाजपा 405 व बसपा को 29 मतों से संतोष करना पड़ा। सपा जिलाध्यक्ष अरशद हुसैन के गांव में पार्टी ने जीत दर्ज की। कांग्रेस के जिला प्रवक्ता शिवकुमार दुबे के पैतृक गांव बहलोलपुर में इंडिया गठबंधन के प्रत्याशी को सिर्फ 71 मत मिले। यहां भाजपा को 514 व बसपा को चार मत मिले। भाजपा जिला मीडिया प्रभारी राघवेंद्र के गांव में भाजपा को 223 व सपा को 76 वोट मिले। गोंडा सीट से बसपा प्रत्याशी सौरभ मिश्र पैतृक गांव कुंदुरुखी में चुनाव हार गए। उन्हें सिर्फ 112 वोट मिले। सपा को 362 व भाजपा को 343 वोट मिले।

# बच्चों ने पौधरोपण कर संरक्षण का लिया संकल्प

गोंडा (वि)। सरकुलर रोड स्थित बचपन प्ले स्कूल में पर्यावरण दिवस के अवसर पर नन्हें-मुन्ने बच्चों ने पौधरोपण किया। बच्चों ने पौधों के संरक्षण के साथ ही अपने-अपने जन्मदिन पर एक पौधा लगाने का भी संकल्प लिया। इस अवसर पर विद्यालय समन्वयक ने कहा कि हम सभी को पौधे लगाने की आदत बनानी चाहिए, ताकि हमारा पर्यावरण स्वच्छ रहे। यही पौधे वृक्ष बनकर हमें फल, फूल, लकड़ी और औषधियां प्रदान करते हैं। इस अवसर पर कई लोग मौजूद रहे।


बचपन प्ले स्कूल में मौजूद बच्चे व शिक्षकाएं। -विज्ञापन

# मजदूरों ने खड़े किए हाथ, भीषण गर्मी में 14 घंटे नहीं कर सकते काम

## अफसरों की प्रताड़ना के खिलाफ लामबंद हुए भारतीय खाद्य निगम के श्रमिक

संवाद न्यूज एजेंसी

गोंडा। भीषण गर्मी में 12 से 14 घंटे काम करने से भारतीय खाद्य निगम के श्रमिकों ने हाथ खड़े कर दिए हैं। यही नहीं, अफसरों पर प्रताड़ित करने और मनमानीपूर्ण रवैये पर रोष व्यक्त करते हुए कार्य बाधित कर दिया। जिलाधिकारी को पत्र भेजकर कार्रवाई किए जाने की मांग की है।

जा रहा है। रैक लगने पर वह लोग लगातार 12 से 14 घंटे कार्य करने को मजबूर हैं। मजदूरों ने कहा कि गत दिवस प्रताड़ना से परेशान एक मजदूर ने आत्महत्या कर लिया था। इसके बावजूद प्रबंधन श्रमिकों का

# पसंद करने वालों में
# ़रगंज सबसे आगे

## ़सरगंज के उम्मीदवारों की लोकप्रियता

### ़िकल्प, पोस्टल
### ़ना गया नोटा

' मतदाता ने नोटा
का विकल्प चुना है।
़कसभा के पयागपुर
़दाताओं ने सबसे
के लिए नोटा का

बहराइच जिले की
सरगंज मतदाता रहे
विधानसभा के
के तरबगंज और
अधिक नोटा दबाया
़म से भी 15
़स तरह से कुल
़ने नोटा दबाकर
़प्रियता पर सवाल

### पोस्टल बैलेट के 70 वोट निरस्त

कैसरगंज लोकसभा सीट पर पोस्टल बैलेट से कुल 1402 वोट पड़े। मगर इसमें से 70 वोट अनवैलेट और 15 नोटा के पक्ष में डाला गया। इस तरह से 1317 वोट वैलिड पाए गए। पोस्टल बैलेट से सबसे अधिक करण भूषण को 827 वोट मिला। जबकि 408 वोट सपा प्रत्याशी भगतराम के खाते में गया। इसी तरह से बसपा प्रत्याशी नरेंद्र पांडेय 62 और निर्दल अरुणिमा पांडेय को 20 वोट मिले हैं।

**पयागपुर में सबसे अधिक चुना गया नोटा**

- पयागपुर-3471 ▪ कैसरगंज-3013 ▪ कटरा बाजार-3022 ▪ करनैलगंज-2455 ▪ तरबगंज-2911
- ईवीएम से मिले नोटा को वोट-14872
- पोस्टल बैलेट वोट-15
- कैसरगंज में नोटा को पड़े कुल वोट - 14887

# ़ों ने मनाया जीत का जश्न



़ में एक-दूसरे को मिठाई
़क प्रेमनरायन पांडेय व
़मर किशोर। स्रोत- संगठन

़ाकर शुभकामनाएं दीं।
़ भी तरबगंज विधानसभा
प्रदर्शन को लेकर भाजपा
़हना की।

कीर्तिवर्धन सिंह क्षेत्र में जगह-जगह स्वागत किया गया। जिसमें कहोबा, झिलाही पुरानी सब्जीमंडी समेत कई जगह लोगों ने जश्न मनाया। भरत सिंह, राजमणि मिश्र, हनुमान सिंह, दुर्गेश कुमार सोनी, पुजारी राम कुबेर, कुक्कू चोपड़ा, वैभव सिंह आदि प्रमुख रहे। बुधवार सुबह मनकापुर कोट मनकापुर विधायक रमापति शास्त्री, वेदप्रकाश दूबे, जगदेव चौधरी, जनार्दन वर्मा सहित सैकड़ों लोग पहुंचे।

पसका संवाद के अनुसार कैसरगंज सांसद करणभूषण सिंह के जीत पर गोपालग्राम मंडल की महिला मोर्चा की मंडल अध्यक्ष ऋचा पांडेय की अगवाई में

# दल ही नहीं, आमजन भी सरकार गठन का लगा रहे गुणा-गणित



गोंडा के बालपुर में चुनाव परिणाम आने के बाद चर्चा करते लोग। -संवाद

**संवाद न्यूज एजेंसी**

गोंडा। लोकसभा चुनाव संपन्न होने के बाद अब नई सरकार के गठन को लेकर लोगों में चर्चाओं का बाजार गर्म हो गया है। एनडीए की सरकार बनेगी या फिर इंडिया गठबंधन कुछ कमाल कर पाएगा इस पर लोगों की बहस छिड़ी है। सीटों पर जीत-हार को लेकर जनप्रतिनिधियों की भूमिका पर भी लोग सवाल-जवाब कर रहे हैं। चाय पान की दुकानों से लेकर गांव की चौपालों और कार्यालयों में बुधवार को कयासबाजी का दौर चलता रहा।

मंगलवार को आए नतीजों में किसी पार्टी को बहुमत नहीं मिला है। गठबंधन के बगैर सरकार गठन किसी चुनौती से कम नहीं हैं। कौन प्रत्याशी, कहां भारी रहा और कहां वोट के लिए संघर्ष करता रहा, इन्हीं सब बातों को लेकर बहस का दौर चलता रहा। कचहरी में पान की दुकान पर खड़े राजेंद्र ने कहा कि चुनाव तो हो गया है। अब देखिए सरकार किसकी बन रही है। बहुमत पर न मिलने से दोनों बड़े दलों को सहयोगियों की तलाश है। हरिप्रताप ने कहा कि इस चुनाव में जनता ने सभी नेताओं को आईना दिखा दिया। बालपुर कस्बे में भी

### दूसरे दिन भी हार-जीत पर होती रही चर्चा, पूरे देश के चुनाव नतीजों पर छिड़ी बहस

### चाय-पान की दुकानों से लेकर गांव की चौपालों तक हुई चर्चा

सरकार गठन को लेकर चर्चा करते रहे। अशोक तिवारी एडवोकेट ने कहा कि इस चुनाव में मोदी की लोकप्रियता कम हुई है। बोले कि बनारस की सीट गवाह है। इस बार उन्हें कम अंतर से जीत मिली है।

सज्जन चौबे बोले कि-इंडिया गठबंधन कमजोर नहीं है। टीडीपी और जदयू साथ आ गए तो सरकार बनने से कोई नहीं रोक सकता। राहुल तिवारी ने बताया कि भाजपा का जनाधार कम हुआ है। देश में महंगाई के कारण भी भाजपा कई सीटों पर हारी है। दीपू मिश्र बोले कि अयोध्या सीट पर ही भाजपा का बंटाधार हो गया है। लोगों में आक्रोश रहा। प्रेम कुमार तिवारी ने बताया कि एनडीए की सरकार बननी तय है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी तीसरी बार भी सरकार चलाएंगे। प्रेमनरायन ने कहा कि आज भी भाजपा सर्वाधिक सीटें जीतकर देश की सबसे बडी पार्टी है।

# भितरघातियों के जाल में फंसी सपा, भाजपा ने मारी बाजी

संवाद न्यूज एजेंसी

गोंडा। जिले की दोनों सीटों गोंडा व कैसरगंज में भाजपा प्रत्याशियों ने जीत दर्ज कर विपक्षियों के मंसूबों पर पानी फेर दिया। गोंडा में सपा भितरघातियों के जाल में फंसी रह गई। यहां पर कड़ी टक्कर देखने को मिली, लेकिन बीजेपी के कीर्तिवर्धन सिंह ने सपा के उम्मीदवार को हरा दिया। सपा जिलाध्यक्ष का कहना है कि पार्टी के अंदर पीडीए को लेकर अंतर्कलह के चलते प्रत्याशी की जीत हार में तब्दील हो गई।

पिछड़ा, दलित और अल्पसंख्यक (पीडीए) के भरोसे सपा ने गोंडा लोकसभा से श्रेया वर्मा को प्रत्याशी बनाया था। मतगणना के शुरुआती नतीजों में सपा प्रत्याशी श्रेया चुनाव में बाजी मारती दिख रहीं थीं। मगर बाद में गोंडा, मेहनौन और मनकापुर के नतीजों ने उनके मंसूबे पर पानी फेर दिया। सपाई समझ नहीं पाए कि आखिरी जीत हार में कैसे तब्दील हो गई।

सपा किसी भी कीमत पर गोंडा लोकसभा सीट जीत के लिए जुगत में लगी हुई थी। शायद इसी वजह से समाजवादी महिला सभा की राष्ट्रीय अध्यक्ष जूही सिंह ने गोंडा में मोर्चा संभाल रखा था। इतना ही नहीं, काउंटिंग के दौरान भी सपाईयों को जीत का भरोसा था।

यहां तक की सपा प्रत्याशी श्रेया वर्मा के साथ जूही सिंह दोपहर तक काउंटिंग स्थल पर जमीं रहीं। मगर मतगणना की रफ्तार बढ़ने के साथ सपा को हार का डर सताने लगा।

वोटों की गिनती पूरी होने से पहले जूही सिंह और फिर श्रेया वर्मा मतगणना स्थल से चली गईं। जिलाध्यक्ष अरशद हुसैन बताया कि कार्यकर्ताओं को जीत का पूरा भरोसा था। लेकिन, पीडीए का सहारा लेकर कुछ लोगों ने अंदर ही अंदर विवाद खड़ा कर दिया। जिससे अपेक्षा के अनुरूप परिणाम नहीं आ पाए।

## भाजपा के नवनिर्वाचित सांसद सात जून को जाएंगे दिल्ली



### सात को दिल्ली की बैठक में शामिल होंगे सांसद

भाजपा जिलाध्यक्ष अमर किशोर कश्यप ने बताया कि सात जून को जिले के सांसदों को दिल्ली बुलाया गया है। उन्होंने भाजपा की दोनों सीटों पर जीत के बाद खुशी जताई है। जिलाध्यक्ष ने कहा कि गोंडा लोकसभा सीट पर मार्जिन कम हुई है। सरकार के शपथ लेने के बाद समीक्षा बैठक की जाएगी।

# प्रत्याशियों को नापसंद करने वालों में पयागपुर व कैसरगंज सबसे आगे

## 14,887 मतदाताओं ने नकारी कैसरगंज के उम्मीदवारों की लोकप्रियता

संवाद न्यूज एजेंसी

गोंडा। कैसरगंज लोकसभा के पांच विधानसभाओं में पयागपुर और कैसरगंज के सबसे अधिक मतदाताओं ने नोटा दबाया है। जबकि उनके पास भाजपा, सपा, बसपा और निर्दलीय उम्मीदवार के पक्ष में वोट करने का विकल्प था। बावजूद इसके लोकसभा क्षेत्र में 14,887 मतदाताओं ने नोटा का विकल्प चुनकर प्रत्याशियों की लोकप्रियता पर सवाल खड़ा किया है।

पांचवें चरण 20 मई को लोकसभा संसदीय सीट के लिए पयागपुर, कैसरगंज, कटराबाजार, करनैलगंज और तरबगंज के 10,62,099 मतदाताओं ने अपनी पसंद के प्रत्याशी के पक्ष में मताधिकार का प्रयोग किया। इस बार ईवीएम और बैलेट पोस्टल के माध्यम से

### चुना नोटा का विकल्प, पोस्टल बैलेट से भी चुना गया नोटा

पड़े कुल 14,887 मतदाता ने नोटा (इनमें से कोई नहीं) का विकल्प चुना है। इसमें कैसरगंज लोकसभा के पयागपुर विधानसभा के मतदाताओं ने सबसे अधिक मताधिकार के लिए नोटा का इस्तेमाल किया है।

दूसरे नंबर पर बहराइच जिले की विधानसभा सीट कैसरगंज मतदाता रहे हैं। कटराबाजार विधानसभा के मतदाताओं ने गोंडा के तरबगंज और करनैलगंज में सबसे अधिक नोटा दबाया है। पोस्टल बैलेट के माध्यम से भी 15 वोट नोटा को मिला है। इस तरह से कुल 14,887 मतदाताओं ने नोटा दबाकर प्रत्याशियों की लोकप्रियता पर सवाल खड़ा किया है।

### पोस्टल बैलेट के 70 वोट निरस्त

कैसरगंज लोकसभा सीट पर पोस्टल बैलेट से कुल 1402 वोट पड़े। मगर इसमें से 70 वोट अनवैलेट और 15 नोटा के पक्ष में डाला गया। इस तरह से 1317 वोट वैलिड पाए गए। पोस्टल बैलेट से सबसे अधिक करण भूषण को 827 वोट मिला। जबकि 408 वोट सपा प्रत्याशी भगतराम के खाते में गया। इसी तरह से बसपा प्रत्याशी नरेंद्र पांडेय 62 और निर्दल अरुणिमा पांडेय को 20 वोट मिले हैं।

**पयागपुर में सबसे अधिक चुना गया नोटा**

■ पयागपुर-3471 ■ कैसरगंज-3013 ■ कटरा बाजार-3022 ■ करनैलगंज-2455 ■ तरबगंज-2911

- ईवीएम से मिले नोटा को वोट-14872
- पोस्टल बैलेट वोट-15
- कैसरगंज में नोटा को पड़े कुल वोट - 14887

# भाजपा की झोली में तरबगंज के वोट से रिकार्ड जीत

जासं ● गोंडा : कैसरगंज सीट पर भाजपा ने न सिर्फ बढ़ी, जीत दर्ज की बल्कि, रिकार्ड भी बनाया। विधानसभावार आंकड़ों पर गौर करें तो सबसे ज्यादा वोट भाजपा की झोली में तरबगंज के मतदाताओं ने डाले। जितने वोट से मंडल में उम्मीदवार जीते नहीं, उससे अधिक वोटों से भाजपा प्रत्याशी को सिर्फ तरबगंज ने बढ़त दिलाई। करण भूषण सिंह को 80917 मतों से जीत मिली है।

कैसरगंज लोकसभा सीट पर इस बार दस लाख 62 हजार 169 मतदाताओं ने अपने मताधिकार का प्रयोग किया था। इस सीट से भाजपा ने कैसरगंज सांसद बृजभूषण शरण सिंह के बेटे करण भूषण सिंह, सपा ने भगतराम मिश्र व बसपा ने नरेंद्र



भाजपा कार्यालय में एक-दूसरे को मिठाई खिलाकर जीत की बधाई देते जिलाध्यक्ष अमर किशोर कश्यप व विधायक प्रेम नरायन पांडेय ● सौ. इंटरनेट मीडिया

पांडेय को मैदान में उतारा था। निर्दल उम्मीदवार के रूप में अरुणिमा पांडेय किस्मत आजमा रही थीं। मंगलवार को संपन्न हुई मतगणना में भाजपा प्रत्याशी करण भूषण सिंह ने एक लाख 48 हजार 424 मतों से सपा प्रत्याशी भगतराम मिश्र को पराजित किया। भाजपा को पांच लाख 71 हजार 263, सपा को चार लाख 22 हजार 420 व बसपा को 44 हजार 279 वोट मिले। भाजपा को पांच में से चार विधानसभा क्षेत्र में जीत मिली। जबकि, कैसरगंज में हार का सामना करना पड़ा। इस बार भी भाजपा की जीत में तरबगंज ने बड़ी भूमिका निभाई। यहां भाजपा को 80917 वोटों से बढ़त मिली है। दूसरे स्थान पर कटराबाजार, तीसरे पर पयागपुर व चौथे स्थान पर कर्नलगंज विधानसभा क्षेत्र रहा है। बुधवार को भाजपा कार्यालय में तरबगंज विधायक प्रेम नरायन पांडेय व जिलाध्यक्ष अमर किशोर कश्यप ने कैसरगंज लोकसभा सीट से बड़ी जीत पर एक-दूसरे को मिठाई खिलाकर बधाई दी। विधायक ने कहा कि भाजपा की डबल इंजन सरकार ने हर वर्ग के लिए काम किया है। भाजपा को तरबगंज से रिकार्ड मतों से जीत दिलाने के लिए उन्होंने मतदाताओं का आभार जताया है।

### कैसरगंज लोकसभा क्षेत्र में कौन किस विधानसभा में जीता

| विस क्षेत्र | दल | जीत का अंतर |
|---|---|---|
| तरबगंज | भाजपा | 80917 |
| कटराबाजार | भाजपा | 31395 |
| पयागपुर | भाजपा | 23779 |
| कर्नलगंज | भाजपा | 19119 |
| कैसरगंज | सपा | 6786 |

# रैली निकाल कर पर्यावरण संरक्षण के प्रति किया जागरूक

**नवाबगंज (गोंडा)।** विश्व पर्यावरण दिवस पर टिकरी रेंज में वन क्षेत्राधिकारी विनोद कुमार नायक के नेतृत्व में बुधवार को जागरूकता रैली निकालकर लोगों को पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूक किया गया। इसके बाद रेंज परिसर में गोष्ठी का आयोजन किया गया। जिसमें वन क्षेत्राधिकारी ने किसानों को पर्यावरण को संरक्षित व संतुलित रखने की शपथ दिलाई।

वन क्षेत्राधिकारी ने कहा कि जनजीवन की सुरक्षा के लिए पर्यावरण को सुरक्षित और संरक्षित रखने की जरूरत है। इंसान और पर्यावरण के बीच गहरा संबंध है। प्रकृति के बिना जीवन संभव नहीं है। लगातार पर्यावरण दूषित हो रहा है। जो जीवन को प्रभावित करने के साथ ही प्राकृतिक आपदाओं की वजह बन रहा है। गोष्ठी के दौरान रेंज परिसर में पीपल और पाकड़ के पौध रोपित किए गए। (संवाद)

# 200 युवाओं ने दी ईएमटी की परीक्षा व साक्षात्कार

**गोंडा।** प्रदेश सरकार की एंबुलेंस सेवा डायल 102 व 108 के लिए इमरजेंसी मेडिकल टेक्नीशियन पद के लिए बुधवार को 200 अभ्यार्थियों ने लिखित परीक्षा व साक्षात्कार दिया। शहर के राजकीय इंटर कॉलेज में खुली भर्ती का आयोजन किया गया। जिसमें पहुंचे अभ्यार्थियों ने दो चरणों में लिखित परीक्षा दी। (संवाद)

# एक साल के बच्चे के अपहरण का प्रयास

**कटरा बाजार (गोंडा)।** थाना क्षेत्र कटरा बाजार के जयराम जोत गांव निवासी संगीता देवी ने थाने पर तहरीर देकर गांव के ही एक दंपती पर पुरानी रंजिश को लेकर एक साल के बेटे के अपहरण के प्रयास की शिकायत दर्ज कराई है। संगीता ने दी तहरीर में कहा कि मंगलवार की रात वह अपने छप्पर में अपने एक साल के बेटे आलोक के साथ सो रही थी तभी गांव के एक दंपती ने उसके बच्चे का अपहरण करने का प्रयास किया। बच्चे के जग जाने पर उसकी नींद खुली तो दोनों भाग निकले। निरीक्षक अपराध संतोष सिंह ने बताया कि तहरीर मिलने पर जांच की जाएगी। (संवाद)

# युवक पर जानलेवा हमले के मामले में 11 पर रिपोर्ट दर्ज

मनकापुर (गोंडा)। गांव से संबंधित पुरानी रंजिश के चलते सोमवार रात कस्बा के गायत्री नगर निवासी एक युवक पर जानलेवा हमला करने के मामले में पुलिस ने 11 लोगों के खिलाफ विभिन्न धाराओं में रिपोर्ट दर्ज की है।

गायत्री नगर निवासी सपना त्रिपाठी ने कोतवाली में दर्ज कराई रिपोर्ट में कहा है कि उसका देवर विवेक तिवारी सोमवार की रात लगभग साढ़े आठ बजे मोहल्ले में ही अपने चाचा अन्नू तिवारी से मिलने जा रहा था।

इस बीच मनकापुर उतरौला मार्ग पर स्थित एक विद्यालय के पास घात लगाए बैठे ग्राम बैरीपुर रामनाथ के अतुल पांडेय, अंकित पांडेय, संजय पांडेय, अभय पांडेय, रिशु तिवारी, शुभम तिवारी, अंशु मिश्रा, विकास पांडेय व मोहल्ला गायत्री नगर कस्बा मनकापुर के अमित पांडेय, अमरीश पांडेय, गिरजेश पांडेय ने गांव से संबंधित पुरानी रंजिश को लेकर लाठी-डंडे, रॉड व धारदार हथियार से जानलेवा हमला कर दिया। जिसमें उसके देवर विवेक तिवारी (32) का सिर फट गया और काफी चोटें आईं। भीड़ इकट्ठा होने पर आरोपी जान से मारने की धमकी देते हुए कार पर सवार होकर भाग गए।

गंभीर रूप से घायल विवेक को सीएचसी लाया गया। जहां डॉक्टरों ने प्राथमिक उपचार करके मेडिकल कालेज रेफर कर दिया। वहां अभी भी इलाज चल रहा है। कोतवाल संतोष कुमार मिश्रा ने बताया कि 11 लोगों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली गई है। (संवाद)

# हाईवे पर टूटकर गिरा बिजली का तार, मची अफरातफरी

संवाद न्यूज एजेंसी

## गोंडा-बलरामपुर हाईवे पर डिग्री कॉलेज चौराहे के पास टला हादसा

इटियाथोक (गोंडा)। मंगलवार की रात एचटी लाइन का तार टूट कर हाईवे पर गिर गया। जिससे थोड़ी देर के लिए अफरातफरी का माहौल हो गया। हालांकि आसपास के लोगों की सक्रियता से हादसा टल गया।

मंगलवार को गोंडा बलरामपुर हाईवे पर इटियाथोक के डिग्री कॉलेज चौराहे के पास खरगूपुर फीडर की एचटी लाइन का तार टूट कर गिर गया। तार टूटने से जोर से हुए धमाके की आवाज सुनकर आसपास के लोग सहम गये। लोगों ने दौड़कर हाईवे पर आ रहे बस और ट्रकों को शोर मचा कर रुकवाया और बिजली कर्मियों को सूचना दी। थोड़ी देर बाद विद्युत उपकेंद्र के संविदा कर्मियों ने तार को हटाकर आवागमन शुरू कराया।

इसके अलावा थाने के पास देर रात दस बजे एलटी लाइन का तार टूट कर गिर गया। जिससे बलरामपुर फीडर की आपूर्ति डेढ़ घंटे तक बाधित रही। उधर बगाही गांव में मुख्य मार्ग पर एलटी लाइन का तार टूट कर गिर गया। जिससे करीब छह घंटे तक गांव की आपूर्ति बंद रही।

## 10 घंटे बाधित रही बिजली आपूर्ति, गर्मी से लोग बेहाल

तरबगंज (गोंडा)। विद्युत उपकेंद्र तरबगंज पर डुमरियाडीह फीडर बुधवार सुबह खराब होने से क्षेत्र की आपूर्ति बाधित रही। उमस भरी भीषण गर्मी में सप्लाई बाधित होने से लोग सुबह सात बजे से देर शाम तक परेशान रहे। चंदीपुर, बिशुनपुर, गिरधरपुर, सिंगहाचंदा, नरायनपुर, पिपरी सहित डुमरियाडीह फीडर के तहत आने वाले दर्जनों गांवों व मजरे में करीब 10 घंटे तक विद्युत आपूर्ति नहीं की जा सकी। एसडीओ एसके वर्मा ने बताया कि फीडर खराब होने से लोगों को समस्या हुई है। मरम्मत कार्य चल रहा है। शाम तक विद्युत आपूर्ति सेवा बहाल की जा सकेगी। (संवाद)

# गैंगस्टर की जमानत अर्जी खारिज

गोंडा। विशेष न्यायाधीश (गैंगस्टर एक्ट) ने पशु मांस बिक्री व उप्र गिरोहबंद और समाज विरोधी क्रियाकलाप निवारण अधिनियम के तहत आरोपी अभियुक्त का जमानत प्रार्थना पत्र खारिज कर दिया है।

अभियोजन पक्ष के अनुसार परसपुर थाने की पुलिस ने पशु मांस बिक्री के कारोबार में लिप्त थाना क्षेत्र के ग्राम वृंदावन बहेरवा खैरा निवासी असगर अली उर्फ कतली पर संगठित गिरोह बनाकर अपराध का अभ्यस्त अपराधी होने का आरोप लगाते हुए गिरोह चार्ट तैयार कर जिला मजिस्ट्रेट की स्वीकृति के बाद उप्र गिरोहबंद और समाज विरोधी क्रियाकलाप निवारण अधिनियम के तहत अभियोग पंजीकृत किया। सुनवाई के दौरान विशेष न्यायाधीश (गैंगस्टर एक्ट) राजबहादुर रामदेव यादव ने आरोपी अभियुक्त असगर अली का जमानत प्रार्थना पत्र निरस्त कर दिया। (संवाद)

# किशोरी के साथ छेड़छाड़ में दोषी को दो साल की सजा

**संवाद न्यूज एजेंसी**

गोंडा। कोतवाली देहात क्षेत्र में सात साल पूर्व नाबालिग बालिका से छेड़छाड़, अपशब्द कहने, जान से मारने की धमकी व पॉक्सो एक्ट के मामले में विशेष न्यायाधीश (पॉक्सो एक्ट) ने दोषी को दो वर्ष कारावास और 14 हजार रुपये अर्थदंड की सजा सुनाई है।

**अदालत से**

कोतवाली देहात क्षेत्र के एक व्यक्ति ने 14 अप्रैल 2017 को कोतवाली देहात में केस दर्ज कराया कि उसकी 13 साल की नातिन उसके घर रहकर पढ़ाई करती है। उसने बताया कि जब वह स्कूल जाती है तो राहुल उसे छेड़ता है और अपशब्द कहकर जान से मारने की धमकी भी देता है। राहुल ने नातिन की फोटो खींच ली और कहता है कि कहना नहीं मानोगी तो फेसबुक पर वायरल कर दूंगा।

विवेचना के दौरान अपराध का साक्ष्य मिलने पर पुलिस ने आरोपी राहुल के खिलाफ न्यायालय में आरोप पत्र दाखिल किया। विचारण के दौरान अपराध का संदेह से परे साक्ष्य के आधार पर अदालत ने अभियुक्त राहुल को दोषसिद्ध किया।

पॉक्सो एक्ट के विशेष लोक अभियोजक ने बताया कि बुधवार को निर्णय सुनाते हुए अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश (एफटीसी प्रथम) व विशेष न्यायाधीश (पॉक्सो एक्ट) नम्रता अग्रवाल ने दोषी अभियुक्त राहुल को बालिका से छेड़छाड़, अपशब्द कहने व जान से मारने की धमकी के अपराध में दो साल का कठोर कारावास और 14 हजार रुपये अर्थदंड से दंडित किया।

# दो महिलाओं समेत सात के खिलाफ मारपीट का केस

परसपुर (गोंडा)। परसपुर थाना क्षेत्र के तेलहा गांव निवासी निर्मला तिवारी ने बताया कि भूमि विवाद को लेकर सोमवार की शाम तकरीबन सात बजे गांव के ही चार लोग उसके घर आकर अभद्रता करने लगे। मना करने पर लाठी-डंडा से पिटाई कर दी। बचाने दौड़े उसके पुत्र इंद्रकुमार तिवारी को भी मारा पीटा और धमकी देते चले गए।

निर्मला तिवारी की तहरीर पर अरुण कुमार तिवारी, विनोद शंकर, गिरजा शंकर व लक्ष्मी नरायन के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की गई है। दूसरे पक्ष के विनोद शंकर तिवारी ने भी बताया कि उसका बेटा आरोपी के खेत में सोमवार को नित्य क्रिया के लिए चला गया था। आरोपी उसके घर के पास आम के पौधे के बगल में कूड़ा जलाने लगे।

मना करने पर अभद्रता करते हुए लाठी-डंडे से पिटाई कर दी। विनोद शंकर तिवारी की तहरीर पर इंद्रकुमार तिवारी, निर्मला व सुशीला के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई है। प्रभारी निरीक्षक प्रदीप कुमार शुक्ल ने बताया कि दोनों पक्षों की तरफ से सात लोगों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की है। संवाद

# तीन शातिर लुटेरे दबोचे सरगना की तलाश

संवाद न्यूज एजेंसी

गोंडा। एसओजी और धानेपुर पुलिस की संयुक्त टीम ने लूट की वारदात को अंजाम देने वाले गैंग के तीन शातिर लुटेरों को धानेपुर थाना क्षेत्र के माधवगंज स्थित नैपुरिया मोड़ के पास से गिरफ्तार किया है। पुलिस टीम सरगना की तलाश में संभावित ठिकानों पर दबिश दे रही है।

पुलिस अधीक्षक विनीत जायसवाल ने बताया कि माह अप्रैल से जून के बीच हुई लूट की चार वारदात के खुलासे के लिए एसओजी प्रभारी सर्वजीत गुप्ता, सर्विलांस प्रभारी सुनील सिंह व धानेपुर पुलिस की संयुक्त टीम लगाई गई थी। टीम को मंगलवार की रात सूचना मिली कि तीन शातिर बदमाश धानेपुर थाना क्षेत्र के माधवगंज स्थित नैपुरिया मोड़ के पास से बाइक से निकलने वाले हैं। इसी सूचना पर पुलिस टीम ने घेराबंदी कर तीनों को दबोच लिया।

पकड़े गए बदमाशों ने अपना नाम खरगूपुर थाना क्षेत्र के असिधा गांव निवासी सुमित कुमार तिवारी, कोतवाली नगर क्षेत्र के छेदीपुरवा निवासी शौर्य कश्यप व कोतवाली नगर क्षेत्र के इमामबाड़ा निवासी फैज अहमद बताया। पकड़े गए बदमाशों के पास से लूटी गई 24 हजार रुपये नकदी, मोबाइल फोन, तमंचा व बाइक बरामद हुई है।

एसपी के मुताबिक पूछताछ में तीनों ने बताया कि गैंग लीडर थाना धानेपुर क्षेत्र के डेबरी कला निवासी आकाश यादव है। जिसके संग मिलकर गैंग के सदस्य लूट की वारदात को अंजाम देते हैं। बताया कि धानेपुर के बंदरमोड़वा मोड़ के पास 02 जून को विशंभरपुर निवासी मनोज पांडेय से तीनों ने मिलकर मोबाइल फोन व आधार कार्ड लूट लिया था। इससे पहले 23 अप्रैल की रात कोतवाली देहात क्षेत्र के बेलवा बनधुसरा के पास बाइक सवार की आंख में मिर्च पाउडर झोंक कर लूट की थी।

## पूछताछ में उगले राज: अब तक दे चुके हैं लूट की चार वारदातों को अंजाम, 24 हजार रुपये, मोबाइल फोन, तमंचा व बाइक बरामद

29 अप्रैल को थाना नवाबगंज क्षेत्र के किशुनदासपुर क्रासिंग के पास बाइक सवार दो लोगों पर आंख में मिर्च पाउडर झोंककर लूट की थी। 21 मई ही रात थाना खरगूपुर क्षेत्र के फरेंदा मोड़ के पास बाइक सवार दो लोगों से मोबाइल फोन व रुपयों की लूट की थी। 02 जून की रात 11 बजे काजी देवर मंदिर मोतीगंज के पास रिक्शा चालक पर चाकू से हमला कर उसका मोबाइल फोन व रुपये लूट लिए थे। एसपी ने बताया कि पकड़े गए लुटेरों के खिलाफ धानेपुर, कोतवाली देहात, खरगूपुर, मोतीगंज व नवाबगंज थाने में लूट व चोरी के पांच मुकदमे दर्ज हैं।

# तालाब के किनारे मिली दुर्लभ समुद्री मछली



मुकुंदपुर गांव में मिली समुद्री मछली। -संवाद

बेलसर (गोंडा)। बेलसर के मुकुंदपुर गांव के अशोक कुमार सिंह करीब 15 साल से मछली पालन कर रहे हैं। गर्मी अधिक होने से तालाब का अधिकांश पानी सूख गया है। उसी तालाब के किनारे बुधवार को एक दुर्लभ मछली दिखी। अशोक सिंह ने बताया कि उन्होंने पहली बार इस तरह की मछली देखी है। यह मछली समुद्र में पायी जाती है। वह गुरुवार को सरयू नदी में मछली को छोड़ देंगे। रगड़गंज कस्बा के रहने वाले मत्स्य पालक असगर अली ने बताया कि ये मछली मांसाहारी है। ये छोटी मछलियों को ही खा जाती है। इसे गोछ मछली कहा जाता है। (संवाद)

# दावों और वादों को मिलेगी प्राथमिकता, पूरी होंगी उम्मीदें

संवाद न्यूज एजेंसी

गोंडा। लोकसभा चुनाव में जनादेश पाकर विजयी हुए दोनों नवनिर्वाचित सांसदों ने जिले के विकास को नई ऊंचाई पर ले जाने के लिए अपनी पांच प्राथमिकताएं तय कर ली हैं। नई लोकसभा के गठन के साथ दावों और वादों को प्राथमिकता मिलेगी, साथ ही उम्मीदें भी पूरी होंगी।

गोंडा लोकसभा क्षेत्र से हैट्रिक लगाने वाले नवनिर्वाचित सांसद कीर्तिवर्धन सिंह ने पिछले कार्यकाल के अधूरे पांच कार्यों की प्राथमिकता सूची तैयार की है। इससे इतर पहली बार संसद का सफर तय करने वाले कैसरगंज के युवा सांसद करणभूषण सिंह की पांच प्राथमिकताओं में युवाओं को रोजगार, शिक्षा और स्वास्थ्य सेवाएं शामिल हैं। वहीं युवाओं व किसानों को अपने सांसद से प्राथमिकता के आधार पर पांच विकास कार्य की उम्मीद है।

## गोंडा और कैसरगंज के नवनिर्वाचित सांसदों ने बताई रणनीति, विकास की नई इबारत की तैयारी

### लोकसभा क्षेत्र - गोंडा

### नवनिर्वाचित सांसद कीर्तिवर्धन सिंह की पांच प्राथमिकताएं

- यातायात व्यवस्थाएं दुरुस्त करने के लिए सड़क व पुल का निर्माण कराया जाना।
- शहर को जाम से मुक्त करने के लिए फ्लाईओवर का निर्माण कराया जाना।
- अधिक जाम लगने वाली रेलवे क्रॉसिंग पर ओवरब्रिज का निर्माण कराया जाना।
- मनकापुर व गोंडा में एक-एक फैक्ट्री का निर्माण कराया जाना, जिससे जिले के लोगों का पलायन रुक सके।
- इटियाथोक को नगर पंचायत व खरगूपुर को विकासखंड का दर्जा दिलाकर सर्वांगीण विकास कराया जाना।

### जनता की सांसद से पांच प्राथमिक अपेक्षाएं

- मंडल मुख्यालय पर राजकीय विश्वविद्यालय की स्थापना कराया जाना। जिससे जिले के छात्रों को उच्च शिक्षा के लिए बाहर न जाना पड़े।
- नगर पालिका परिषद क्षेत्र गोंडा में सीवर लाइन की व्यवस्था व शहर के किनारे रिंगरोड का निर्माण कराया जाना।
- सुभागपुर रेलवे क्रॉसिंग रेलवे क्रॉसिंग पर ओवरब्रिज का निर्माण कराया जाना तथा इटियाथोक-बाबागंज रोड का नवीनीकरण किया जाना।
- जिले में औद्योगिक फैक्ट्री लगाने का प्रस्ताव देना। जिससे युवाओं को रोजगार के लिए दूसरे प्रदेश में न जाना पड़े।
- किसानों की फसलों को छुट्टा जानवरों से बचाने के लिए बेहतर प्लान तैयार कर जल्द समस्या का समाधान कराना।

# पुलिस भर्ती परीक्षा में सॉल्वर बने गैंगस्टर की जमानत याचिका खारिज

गोंडा। जिला एवं सत्र न्यायाधीश ने नागरिक पुलिस की सीधी भर्ती परीक्षा में धोखाधड़ी व साजिशन मूल अभ्यर्थी के स्थान पर परीक्षा देने व गैंगस्टर एक्ट में आरोपी परीक्षार्थी का जमानत प्रार्थना पत्र निरस्त कर दिया है।

अभियोजन पक्ष के अनुसार 18 फरवरी 2024 को मनकापुर कोतवाली क्षेत्र के आरपी आदर्श इंटर कॉलेज परीक्षा केंद्र में प्रथम पाली में पुलिस आरक्षी भर्ती की परीक्षा चल रही थी। परीक्षा केंद्र के हाल में अभ्यर्थी विजय कुमार निवासी ग्राम रामलाल पुरवा इमिलिया थाना खरगूपुर की सीट थी। लेकिन विजय कुमार ने साजिश करके अपने आधार कार्ड में कूटरचना कर अपने स्थान पर बिहार के मधुबनी जिले के फुलपरास थाना क्षेत्र के ग्राम घोराही के रहने वाले विकास कुमार से परीक्षा दिलवा रहा था। संदेह होने पर बायोमीट्रिक कराया गया तो मिसमैच हो गया। कक्ष निरीक्षक की सूचना पर केस दर्ज कर पुलिस विवेचना कर रही है।

अदालत से

सात मई 2024 को मनकापुर पुलिस ने विकास कुमार पर संगठित गिरोह बनाकर अपराध का अभ्यस्त अपराधी होने का आरोप लगाते हुए गिरोह चार्ट तैयार कर जिला मजिस्ट्रेट की स्वीकृति के बाद उप्र गिरोहबंद और समाज विरोधी क्रियाकलाप निवारण अधिनियम के तहत अभियोग पंजीकृत किया। बुधवार को सुनवाई के दौरान विशेष न्यायाधीश (गैंगस्टर एक्ट) राजबहादुर रामदेव यादव ने आरोपी अभियुक्त विकास कुमार का जमानत प्रार्थना पत्र निरस्त कर दिया। (संवाद)

# आंगनबाड़ी केंद्रों के बच्चों का 15 जून तक रहेगा अवकाश

गोंडा। जिले की आंगनवाड़ी केंद्रों पर एक से 15 जून के बीच बच्चों का अवकाश घोषित किया गया है। प्राथमिक व उच्च प्राथमिक विद्यालयों में भी 15 जून तक ग्रीष्मकालीन अवकाश घोषित है। वर्तमान में पड़ रही भीषण गर्मी एवं लू के कारण आंगनवाड़ी केंद्र के (03 से 06 वर्ष) के बच्चों का स्वास्थ्य प्रभावित हो सकता है। इसलिए ऑगनवाड़ी केंद्रों पर आने वालें बच्चों का भी अवकाश घोषित किया गया है।

उन्होंने बताया है कि अवकाश अवधि में सभी आंगनबाड़ी केंद्र पूर्व की भांति खुले रहेंगे और आंगनवाड़ी कार्यकत्री एवं सहायिकाएं लाभार्थियों को राशन का वितरण, सामुदायिक गतिविधियों एवं अन्य शासकीय कार्यों का निष्पादन पूर्ववत करेंगी। (संवाद)

# मनकापुर ने बचाई इज्जत, उतरौला व गौरा में झटका


समर्थकों का आभार व्यक्त करते सांसद कीर्तिवर्धन सिंह ● जागरण

जासं ● गोंडा : लोकसभा चुनाव की मतगणना के बाद समीक्षा शुरू हो गई है। गोंडा लोकसभा सीट पर भाजपा की इज्जत मनकापुर ने बचाई है। यहां से भाजपा को 36 हजार 528 मतों से जीत मिली है। जबकि, उतरौला व गौरा विधानसभा क्षेत्र में पार्टी को हार का सामना करना पड़ा। पांच विधानसभा क्षेत्रों में से तीन में भाजपा व दो विधानसभा क्षेत्रों में सपा ने जीत दर्ज की है।

गोंडा लोकसभा क्षेत्र में बलरामपुर जिले की उतरौला, गोंडा की गोंडा सदर, मेहनौन, मनकापुर व गौरा विधानसभा क्षेत्र शामिल है। लोकसभा चुनाव में इस बार भाजपा कीर्तिवर्धन सिंह ने सपा प्रत्याशी श्रेया वर्मा को 46 हजार 224 मतों से पराजित किया है। भाजपा को चार लाख 74 हजार 258, सपा को चार लाख 28 हजार 34 व बसपा को 29 हजार 429 मत मिले हैं।

गोंडा लोकसभा क्षेत्र के सभी विधानसभाओं में भाजपा के विधायक हैं। चुनाव में भाजपा की इज्जत मनकापुर ने बचाई है। यहां से पार्टी को सर्वाधिक 36 हजार 528 मतों से जीत मिली है। दूसरे स्थान पर मेहनौन व तीसरे स्थान पर गोंडा विधानसभा क्षेत्र रहा है। वहीं, पार्टी को उतरौला व गौरा विधानसभा क्षेत्र में हार का सामना करना पड़ा। भाजपा ने इस सीट पर लगातार तीसरी बार जीत दर्ज की। नवनिर्वाचित सांसद कीर्तिवर्धन सिंह ने मतदाताओं का आभार जताया है। बुधवार को मनकापुर स्थित उनके घर पर बधाई देने वालों का तांता लगा रहा।

### गोंडा लोकसभा क्षेत्र में कौन किस विधानसभा में जीता

| विस क्षेत्र | दल | जीत का अंतर |
|---|---|---|
| मनकापुर | भाजपा | 36528 |
| मेहनौन | भाजपा | 10754 |
| गोंडा | भाजपा | 8504 |
| उतरौला | सपा | 7185 |
| गौरा | सपा | 2273 |

# सिर्फ कैसरगंज में पिछड़े करणभूषण सिंह

## भाजपा प्रत्याशी ने संसदीय सीट के चार विधानसभा क्षेत्रों में मारी बाजी

संवाद न्यूज एजेंसी

गोंडा। कैसरगंज विधानसभा में भाजपा प्रत्याशी करणभूषण सिंह अपने निकटतम प्रतिद्वंदी सपा प्रत्याशी भगतराम मिश्र से पिछड़ गए मगर उन्होंने पयागपुर, कटराबाजार, करनैलगंज और तरबगंज विधानसभा क्षेत्र में ईवीएम खुलते ही लीड बनाई। इसके बाद कभी भी सपा प्रत्याशी उभर नहीं पाए और कुल 1,48,843 वोटों से हार का सामना करना पड़ा है। दरअसल, कैसरगंज लोकसभा क्षेत्र में पयागपुर में सुभाष त्रिपाठी, कटराबाजार में बावन सिंह, करनैलगंज में अजय सिंह और तरबगंज में प्रेमनारायन पांडेय भाजपा से विधायक हैं जबकि कैसरगंज विधानसभा सीट पर सपा विधायक आनंद यादव काबिज हैं।

**भाजपा और सपा विधायकों का चला जादू**

आंकड़ों को मानें तो इस बार विधायकों का जमकर जादू चला। भाजपा ने कैसरगंज सांसद बृजभूषण सिंह के बेटे करणभूषण सिंह को चुनाव मैदान में उतारा तो करण भूषण के सामने पहली बार चुनाव मैदान में जीत दर्ज कराना चुनौती थी लेकिन विधायकों ने उनकी राह आसान कर दी। विधायक सुभाष त्रिपाठी, प्रेमनारायण पांडेय, बावन सिंह और अजय सिंह ने पार्टी प्रत्याशी की जीत के लिए जमकर पसीना बहाया।

विधायकों का जादू चला और करणभूषण सिंह को कटराबाजार, पयागपुर, तरबगंज और करनैलगंज लीड मिली है। कैसरगंज विधानसभा क्षेत्र में भगतराम मिश्र ने 6786 वोटों से करणभूषण सिंह को पीछे कर दिया। कैसरगंज में सपा विधायक आनंद यादव का प्रभाव बरकरार रहा।


विश्नोहरपुर स्थित आवास पर सांसद करणभूषण को बधाई देते समर्थक। स्रोत: सोशल मीडिया

### काउंटिंग में लीड करते गए करण भूषण

| विधानसभा क्षेत्र | करणभूषण | भगतराम | अंतर |
|---|---|---|---|
| तरबगंज | 38668 | 57751 | 80,917 |
| कटराबाजार | 121621 | 90226 | 31395 |
| पयागपुर | 115323 | 91544 | 23,779 |
| करनैलगंज | 94238 | 75119 | 19,119 |
| कैसरगंज | 100586 | 107372 | 6786 |

### तो सपा प्रत्याशी को नहीं मिला संगठन का सहयोग

सपा प्रत्याशी भगतराम मिश्र का मानना है कि उन्हें सपा विधायक कैसरगंज आनंद यादव ने सपोर्ट किया। इस दौरान पार्टी के कोर वोटर के साथ ही बेरोजगारी में कामयाब रहे। बावजूद इसके उन्हें गोंडा और बहराइच जिले की बाकी विधानसभा सीटों पर संगठन स्तर पर मजबूती नहीं मिल सकी। कोई बड़ा नेता चुनाव प्रचार में नहीं पहुंचा जिसे सपा प्रत्याशी के हार का कारण बताया जा रहा है।

- **विधायकों के दखल के चलते नहीं हावी हो पाए लोकल मुद्दे :** जानकारों का कहना है कि विधायकों के सक्रियता के चलते लोकल मुद्दे प्रभावी नहीं हो सके। इस बार मुख्य विपक्षी भगत राम ने बेरोजगारी, महंगाई, छुट्टा जानवर के अलावा विश्वविद्यालय का मुद्दा छेड़ा। इतना ही नहीं लोकसभा की गड्ढे युक्त सड़कें और फ्लाईओवर समेत अन्य तमाम मुद्दों पर खुला समर्थन हासिल किया। मगर विधायकों की दखल के चलते जमीनी स्तर तक नहीं भांप सके।

- **तरबगंज में भाजपा को सबसे अधिक 80,917 वोटों की लीड :** करणभूषण सिंह को तरबगंज विधानसभा में सबसे अधिक 80,917 वोटों की लीड मिली है। स्थानीय भाजपा विधायक प्रेमनारायण पांडेय की मेहनत मतदान से लेकर चुनाव परिणाम में साफ तौर पर दिखाई पड़ी। 148843 की जीत में तरबगंज ने अकेले 80,917 वोटों के ऐसे बड़े मार्जिन का खाका खींच दिया, जिसे कवर कर पाना सपा प्रत्याशी के लिए आसान नहीं था। इसके बाद 31395 मतों के साथ कटराबाजार विधानसभा क्षेत्र में दूसरी और पयागपुर में 23,779 मतों की तीसरी सबसे बड़ी लीड मिली है। इसी तरह से करनैलगंज विधानसभा में 19,119 वोटों से भगतराम को पीछे किया। जबकि कैसरगंज विधानसभा क्षेत्र में करणभूषण सिंह को 6786 वोटों से हार का सामना करना पड़ा। यहां सपा का पलड़ा भारी रहा।

## उतरौला-गौरा में कीर्तिवर्धन सिंह और मेहनौन, गोंडा-मनकापुर में श्रेया पीछे


गोंडा के मनकापुर स्थित आवास पर समर्थकों से मिलते सांसद कीर्तिवर्धन सिंह। अमर

संवाद न्यूज एजेंसी

गोंडा। गोंडा संसदीय सीट के उतरौला व गौरा विधानसभा क्षेत्र में भाजपा प्रत्याशी कीर्तिवर्धन सिंह पीछे रह गए। इसके अलावा मेहनौन, गोंडा और मनकापुर में सपा प्रत्याशी श्रेया वर्मा को हार मिली है। चुनाव परिणाम में विधायकों का रिपोर्ट कार्ड छिपा है। गोंडा लोकसभा में विधायकों का कोई खास जादू नहीं चल सका है। ऐसे में भाजपा प्रत्याशी कीर्तिवर्धन सिंह को निकटतम प्रतिद्वंदी सपा उम्मीदवार श्रेया वर्मा से करारी टक्कर मिली है।

गोंडा लोकसभा की पांच विधानसभा बलरामपुर जिले का उतरौला, गोंडा जिले की गौरा, मनकापुर, मेहनौन और गोंडा सदर पर भाजपा का कब्जा है। उतरौला में रामप्रताप वर्मा, गौरा में प्रभात वर्मा के अलावा मेहनौन में विनय द्विवेदी, मनकापुर में रमापति शास्त्री और गोंडा सदर से प्रतीक भूषण सिंह विधायक हैं। यहां तीसरी बार सांसद कीर्तिवर्धन सिंह को ही भाजपा ने प्रत्याशी बनाया। माना जा रहा था कि भाजपा सांसद कीर्तिवर्धन सिंह आसानी से एक बड़े अंतर से चुनाव में परचम फहरा लेंगे। मगर सपा ने पूर्व सांसद बेनी प्रसाद वर्मा की पोती श्रेया वर्मा को चुनाव मैदान में उतार दिया। इसके बाद सीट पर मुकाबला रोचक हो गया। हालांकि बाद में दो बार के सांसद कीर्तिवर्धन सिंह 46224 वोटों से पराजित कर जीत की हैट्रिक लगाने में कामयाब हो गए।

**मनकापुर से मिली 36528 वोटों की लीड :** भाजपा प्रत्याशी कीर्तिवर्धन सिंह को मनकापुर विधानसभा क्षेत्र से ही 36528 वोटों की सबसे बड़ी लीड मिल सकी है। इसके बाद मेहनौन से 10,754 और गोंडा सदर से 8504 वोटों की लीड मिली है। मगर उतरौला व गौरा के मतदाताओं ने भाजपा प्रत्याशी व विधायक को मायूस किया। यानी भाजपा प्रत्याशी कीर्तिवर्धन सिंह को उतरौला व गौरा विधायक जीत के लिए मार्जिन नहीं दिला पाए।

### लोकसभा चुनाव के परिणाम में छिपा है विधायकों का रिपोर्ट कार्ड

### वोटों की गिनती में मिली टक्कर

| विस क्षेत्र | कीर्तिवर्धन सिंह | श्रेया वर्मा | अंतर |
|---|---|---|---|
| मनकापुर | 104279 | 67751 | 36528 |
| मेहनौन | 106112 | 95358 | 10,754 |
| गोंडा सदर | 94201 | 85697 | 8504 |
| उतरौला | 89018 | 96203 | 7185 |
| गौरा | 80081 | 82354 | 2273 |

# BALRAMPUR POLICE

# सराहनीय कार्य दिनांक:- 06-06-2024

# शांतिभंग में दो भाई वंदी

बलरामपुर : ललिया थाना की पुलिस ने शांतिभंग की आशंका में दो भाइयों को पकड़ा है। प्रभारी निरीक्षक मुकेश ने बताया कि ग्राम चैसार मथुरा बाजार के अनिल कुमार मिश्र व अजीत कुमार मिश्र के विरुद्ध शांतिभंग की कार्रवाई की है। (जासं)

# सीसी कैमरा लगवाने वालों को किया जाएगा सम्मानित

बलरामपुर : आपरेशन त्रिनेत्र से अराजक तत्वों पर नजर रखने के लिए गांवों व शहरों में दुकानों, प्रतिष्ठानों, चौराहों, सड़कों व गलियों में सीसी कैमरा लगवाने का अभियान चलाया जा रहा है। अभियान को सफल बनाने का निर्देश दिया गया है। पुलिस अधीक्षक केशव कुमार ने बताया कि सीसी कैमरा लगवाने वालों को सम्मानित किया जाएगा। (जासं)

# BAHRAICH POLICE

# सराहनीय कार्य दिनांक:- 06-06-2024

हिन्दुस्तान

# 62 लाख 51 हजार भारतीय मुद्रा बरामद, बंदी

रुपईडीहा। स्थानीय पुलिस व एसएसबी की टीम ने बहराइच निवासी पिता पुत्र को 62 लाख 51 हजार भारतीय मुद्रा नेपाल ले जाते हुए पकड़ लिया है। अभी रुपईडीहा थाने में जांच जारी है। थाने पर सीओ राहुल पांडेय व एसडीएम नानपारा अश्विनी पांडेय मौजूद हैं। अभी किसी भी अधिकारी ने पत्रकारों को कोई जानकारी नहीं दी है। मशीनें मंगाकर नोटों की गिनती की गई है।

हिन्दुस्तान

# शिकायतों का लगा अंबार, तब जागे जिम्मेदार

**अभियान**

- विभिन्न थाना क्षेत्रों में ताबड़तोड़ पुलिस ने की छापेमारी
- 27.66 लाख अर्थदंड वसूला, 104 वाहनों पर की कार्रवाई

**बहराइच, संवाददाता।** जिले भर में अवैध खनन थम नहीं रही है। दिन व रात हर समय धरती का सीना चीर कर बालू व मिट्टी खनन का करोबार धड़ल्ले से चल रहा है। इससे न केवल राजस्व को भारी नुकसान हो रहा है बल्कि आए दिन हादसे हो रहे हैं। सड़कों की हालत बिगड़ रही है। अवैध खनन की लगातार मिल रही शिकायतों पर जिम्मेदार जागे हैं। अभियान चलाकर 104 वाहनों पर कार्रवाई संग जुर्माना वसूला गया है।

जिले में अवैध खान पर अंकुश को लेकर डीएम सख्त हुई हैं। प्रभावी अंकुश लगाने को लेकर जिला खनन अधिकारी को निर्देश दिए हैं। इसके बाद अभियान चलाया गया है। जिसके तहत विभिन्न थाना क्षेत्रों में 90 वाहनों को सीज किया गया है। 14 का ऑनलाइन चालान किया गया। कुल 104 वाहनों के विरुद्ध कार्यवाही की गई है। इसके अलावा 27.66 लाख का अर्थदण्ड वसूल किया गया। खनन अधिकारी मनीष कुमार ने बताया कि खैरीघाट में 16 वाहन, थाना मटेरा में 15 वाहन, थाना रामगांव में 13 वाहन, थाना हुजूरपुर में 08 वाहन, थाना नानपारा में 06 वाहन, थाना कैसरगंज व हरदी में 05-05 वाहन, थाना कोतवाली देहात, रिसिया, रानीपुर व नवाबगंज में 04-04, थाना फखरपुर व रुपईडीहा में 03-03 वाहनों के विरुद्ध अवैध खनन/परिवहन में संलिप्त होने पर कार्यवाही की गई है।



अवैध खनन में पकड़ी गई ट्रैक्टर-ट्रॉली

हिन्दुस्त

# किशोरी से दुष्कर्म मामले का एक आरोपी गिरफ्तार

महसी, संवाददाता। हरदी थाने के एक किशोरी के साथ गैंग रहे किया था। चंगुल से छूटी किशोरी ने घर पर पहुंचकर परिजनों को आपबीती सुनाई। इस पर पीड़ित परिजन ने पुलिस को तहरीर दी,पुलिस ने तीन लोगों पर रेप का केस दर्ज किया था। इसमें एक आरोपित को गिरफ्तार कर जेल रवाना कर दिया है।

थाना क्षेत्र के एक गांव की रहने वाली 17 वर्षीय किशोरी को एक दिन पहले बगल में रहने वाले लोग बहला-फुसलाकर घर से बुला ले गए।

उसे सुनसान जगह पर ले जाकर उसके साथ सामूहिक दुष्कर्म किया। उनकी चंगुल से छूटी किशोरी घर पहुंची, और अपने साथ हुई घटना की जानकारी परिजनों को दी। इस पर परिजन किशोरी को लेकर थाने पहुंचे।

# अवैध खनन में संलिप्त तीन ट्रैक्टर-ट्राली व खनन मशीन सीज

संसू, जागरण • पयागपुर (वहराइच) : अवैध खनन पर शिकंजा कसने के लिए खान विभाग ने अवैध खनन में संलिप्त तीन ट्रैक्टर-ट्राली व खनन मशीन को पकड़कर सीज कर दिया।

जिला खान अधिकारी मनीष कुमार ने बताया कि पयागपुर क्षेत्र में अवैध खनन का कार्य धड़ल्ले से चल रहा है। इसकी लगातार शिकायतें मिल रहीं थीं। बुधवार को पयागपुर में बिना अनुमति अवैध खनन में सम्मिलित मिट्टी से भरी तीन ट्रालियों व खनन कर रही एक मशीन को भी मौके से पकड़ा गया। थानाध्यक्ष कमल शंकर चतुर्वेदी ने बताया कि पकड़ी गई ट्रालियों और एक लोडर मशीन पर कार्रवाई की जा रही है।

# 14 घरों में लगी आग, लाखों की संपत्ति जलकर राख

## गांव में मची अफरातफरी, कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया

जागरण टीम • बहराइच : जिले के अलग-अलग स्थानों पर हुई अग्निकांड की घटनाओं में 14 घर जलकर राख हो गए। आग में 20 लाख रुपये से अधिक की गृहस्थी का सामान जलकर राख हो गया। कड़ी मशक्कत के बाद ग्रामीणों ने आग पर काबू पाया। पीड़ित परिवार खुले आसमान के नीचे रहने को विवश है।

**मिहींपुरवा** : मोतीपुर के ग्राम पंचायत झाला में सुबह गांव निवासी भागीरथ के घर में अज्ञात कारणों से आग लग गई। परिवारजन ने भागकर जान बचाई। पुकार सुनकर ग्रामीण भी एकत्रित हो गए। तेज हवाओं ने आग में घी का काम किया। देखते ही देखते आग ने ज्वाला, बनवारी, संतोष, अमिरका और अनारा देवी के मकान को भी अपने आगोश में ले लिया। ग्रामीणों ने कड़ी मशक्कत कर आग पर काबू पाया।

पीड़ितों के अनुसार तकरीबन 10 लाख की संपति आग में जल गई। तहसीलदार अंबिका चौधरी, कानूनगो राममनोरथ, लेखपाल दुर्गेश श्रीवास्तव, धर्मेंद्र कुमार वर्मा, जालिमनगर चौकी प्रभारी दिवाकर तिवारी पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे। राजस्व टीम ने आग से होने वाली क्षति का आकलन कर रिपोर्ट एसडीएम को भेजा है।



जरवलरोड के नासिरगंज में आग से जलते घर • जागरण

**जरवलरोड** : नासिरगंज गांव में अज्ञात कारणों से लगी आग में रामू, मिल्कीराम, दयानंद, राजेन्द्र, कृपाराम, दुर्गेश कुमार, संतोष और रघुराज के घर धू-धू कर जलने लगे। लोग कुछ समझ पाते तब तक घरों में रखा राशन, कपड़ा, जेवर समेत गृहस्थी का सामान जलकर राख हो गया। दमकल कर्मियों ने कड़ी मेहनत के बाद आग पर काबू पाया।

मौके पर पहुंचे लेखपाल रामकिशुन ने अग्निकांड से हुई क्षति का आकलन कर रिपोर्ट तहसील प्रशासन को भेजी। उन्होंने बताया कि पीड़ितों को राशन, त्रिपाल समेत राहत सामग्री उपलब्ध करा दी गई है। आग में पीड़तों की तकरीबन 15 लाख की संपत्ति जल गई है।

# मुख्य द्वार पर अचानक पहुंचे सीजेएम, देखा ड्यूटी रजिस्टर

जासं • बहराइच : मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट शिवेंद्र कुमार मिश्र बुधवार को अचानक न्यायालय के मुख्य द्वार पर पहुंच गए, जिससे सभी पुलिस कर्मी सकते में आ गए। सीजेएम ने पहुंचते ही सभी पुलिस कर्मियों से अपने कर्तव्यों के प्रति सचेत रहने को कहा और ड्यूटी रजिस्टर की जांच की। मुख्य द्वार सहित सभी द्वारों पर पांच-पांच जार पानी रखने के निर्देश दिए, जिससे भीषण गर्मी में वादकारियों को राहत मिल सके।सीजेएम ने न्यायालय सुरक्षा प्रभारी रमाशंकर यादव को निर्देशित किया कि न्यायालय में आने



पुलिस कर्मियों का ड्यूटी रजिस्टर देखते सीजेएम शिवेंद्र कुमार मिश्र • जागरण

वाले वादकारियों की सघन जांच की जाए। चुनाव खत्म होने के बाद अब वादकारियों की भीड़ बढ़ेगी। इसलिए सभी सुरक्षा कर्मी मुस्तैद रहें। उन्होंने मेटल डिटेक्टर समेत अन्य सुरक्षा बिंदु पर पुलिस कर्मियों को निर्देशित किया।

# बाइक की डिकी से रुपये उड़ाने वाला गिरफ्तार

बहराइच। खैरीघाट थाना क्षेत्र में बाइक की डिकी से पैसे उड़ाने वाले चोर को पुलिस ने दबोच लिया है। चोर के पास से 30 हजार की नकदी भी बरामद हुई है। पुलिस उसके साथी की तलाश में जुटी है। खैरीघाट थाना क्षेत्र के ग्राम पंचायत रखौना के मजरा तकिया निवासी कुतुबुद्दीन बीते 29 मई को इंडियन बैंक की बेहड़ा बाजार शाखा से 1.5 लाख रुपये निकाल कर घर लौट रहे थे। घर के सामने बाइक खड़ी कर गांव के साथी नवाज शरीफ से बात कर रहे थे तभी बाइक से पहुंचे दो लोग उनकी बाइक कि डिकी में रखे रुपयों को लेकर फरार हो गए थे। थाना प्रभारी संजय सिंह ने बताया कि घटना में शामिल गोंडा जिले के थानेपुर थाना क्षेत्र के बल्दुपुरवा निवासी लल्लन उर्फ भुल्लन को कोटवा बाजार से गिरफ्तार किया गया। उसके पास से चोरी के 30 हजार रुपए व बाइक बरामद हुई है। आरोपी को जेल भेज दिया गया। (संवाद)

# नेपाल सीमा से 60 लाख से ज्यादा की नकदी बरामद

**रूपईडीहा (बहराइच)।** भारत-नेपाल सीमा पर बुधवार को पुलिस व सुरक्षा बलों ने जांच के दौरान बाइक सवारों से 60 लाख से अधिक की नकदी बरामद की। पुलिस पड़ताल में जुटी है। भारत-नेपाल सीमा पर बुधवार को जांच के दौरान सुरक्षाबलों व पुलिस ने बाइक सवार दो संदिग्धों को रोककर उनकी तलाशी ली। उनके पास से भारतीय करेंसी बरामद हुई। पुलिस दोनों को थाने लाई और पड़ताल में जुटी है। वहीं उनसे बरामद नकदी को गिना जा रहा है। बरामद नकदी 60 लाख रुपये से अधिक बताई जा रही है। सीओ नानपारा राहुल पांडेय ने बताया कि युवकों से पूछताछ की जा रही है। (संवाद)

# अवैध खनन में लगे तीन ट्रैक्टर-ट्रॉली व लोडर सीज

संवाद न्यूज एजेंसी

पयागपुर (बहराइच)। अधिकारियों व कर्मचारियों के चुनाव में व्यस्त होने के चलते तहसील क्षेत्र में अवैध मिट्टी खनन तेजी से बढ़ गया था। मतगणना पूरी होते ही बुधवार को इसके खिलाफ अभियान चलाया गया। इस दौरान खनन व पुलिस की संयुक्त टीम ने तीन ट्रैक्टर-ट्रॉली व एक लोडर को सीज किया।

जिला खनन अधिकारी मनीष कुमार ने बताया कि पयागपुर क्षेत्र में खनन की शिकायत लगातार मिल रही थी। बिना किसी परमिट के अवैध मिट्टी खनन करती तीन ट्रैक्टर-ट्रॉलियां पकड़ी गईं। वहीं एक मिट्टी लोडर को भी पकड़ा। इस दौरान खनन में संलिप्त लोग मौके पर नहीं मिली। बताया कि

## खनन विभाग व पुलिस टीम ने चलाया अभियान

अभियान जारी रहेगा। थानाध्यक्ष कमल शंकर चतुर्वेदी ने बताया कि खनन विभाग द्वारा पकड़ी गई ट्रॉलियों और मशीन को थाना परिसर में खड़ा कर इसमें संलिप्त लोगों की पड़ताल की जा रही है।

**104 वाहनों के विरुद्ध हो चुकी है कार्रवाई**

जिलाधिकारी मोनिका रानी व अपर जिलाधिकारी गौरव रंजन श्रीवास्तव के निर्देशानुसार जिले में अवैध खनन को लेकर विभिन्न थाना क्षेत्रों में 90 वाहनों को सीज किया गया और 14 का ऑनलाइन चालान किया गया। ऐसे में 104 वाहनों के विरुद्ध कार्रवाई करते हुए कुल 27.66 लाख का अर्थदंड वसूला गया।

# पर्यावरण संरक्षण की दी सीख

संवाद न्यूज एजेंसी



कैसरगंज में वन विभाग की ओर से आयोजित कार्यक्रम में मौजूद अधिकारी व बच्चे। संवाद




बाबागंज क्षेत्र में एसएसबी की ओर से पर्यावरण दिवस पर पौधरोपण करते जवान। स्रोत: एसएसबी



राजकीय पॉलीटेक्निक में पौधरोपण करतीं डीएम। संवाद

**बाबागंज/कैसरगंज/देवलखा/बौंडी/तेजवापुर/रुपईडीहा (बहराइच)।** विश्व पर्यावरण दिवस पर जिले में बुधवार को पौधरोपण अभियान चलाया गया। इस दौरान पर्यावरण प्रेमियों व एसएसबी के जवानों ने सभी से पौधरोपण का संदेश दिया।

राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के तत्वावधान में प्रसिद्ध गुल्लावीर मंदिर परिसर में जिला संयोजक आलोक साहू के संयोजन में रुद्राक्ष व नीम के पौधे रोपित किए गए। विभाग संयोजक डॉ. देवेन्द्र कुमार उपाध्याय व जिला कार्यवाह भूपेंद्र ने कहा कि पीपल, पाकड़, बरगद के पौध का रोपण करना चाहिए, ताकि ऑक्सीजन की कमी न हो।

एसएसबी 42वीं वाहिनी ने कमांडेंट गंगा सिंह उदावत के नेतृत्व में पौधरोपण अभियान चलाया। मोहिनी सिंह ने सभी को पौधरोपण की सलाह दी। 59वीं वाहिनी सशस्त्र सीमा बल नानपारा के कमांडेंट रमोला के नेतृत्व में जामुन, आंवला, अमरूद, नींबू एवं शीशम के 650 पौधे लगाए। अपराजिता सामाजिक समिति नारी संघ ने कैसरगंज में मुख्य अतिथि वन क्षेत्राधिकारी अभिषेक सिंह के नेतृत्व में पौधरोपण किया। समिति की सचिव किरन बैस ने सभी से पौधरोपण करने की सलाह दी। करैला सहबाजपुर में युवा कांग्रेस विधानसभा पयागपुर के अध्यक्ष अमिताभ वर्मा व कांग्रेस नेता विनय सिंह के संरक्षण में पौधरोपण किया गया। तेजवापुर ब्लॉक के टेड़वा बसंतापुर स्थित इंडियन बैंक में पौधरोपण किया। 42वीं वाहिनी मुख्यालय व सभी समवाय सीमा चौकियों द्वारा इमीग्रेशन चेक पोस्ट रुपईडीहा में पौधरोपण अभियान चलाया गया।

एसपी वृंदा शुक्ला ने पुलिस लाइंस परिसर में पौधरोपण किया। मौजूद अधिकारी व कर्मचारियों को पर्यावरण के संरक्षण व संवर्धन की शपथ दिलाई।



पुलिस लाइन में पौधरोपण करतीं एसपी वृंदा शुक्ला। स्रोत: विभाग

■ **पर्यावरण पर प्रतिकूल प्रभाव डालता है वनों की कटाई :** बहराइच वन प्रभाग के तत्वावधान में राजकीय पॉलीटेक्निक में पौधरोपण कार्यक्रम आयोजित किया गया। डीएम मोनिका रानी ने गुलमोहर का पौध रोपित कर पर्यावरण दिवस का शुभारंभ किया। कहा कि वनों की कटाई का पर्यावरण पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ता है। इस अवसर पर प्रभागीय वनाधिकारी बहराइच संजीव कुमार, क्षेत्रीय वन अधिकारी बहराइच मोहम्मद साकिब आदि मौजूद रहे।

# SHRAWASTI POLICE

## सराहनीय कार्य दिनांक:- 06-06-2024

# बैंकों के आसपास संदिग्ध दिखें तो पुलिस को सूचित करें

**श्रावस्ती।** बैंकों की सुरक्षा को लेकर पुलिस प्रतिदिन जांच कर रही है। बुधवार को सभी बैंकों, एटीएम व ग्राहक सेवा केन्द्रों की जांच की गई। इस दौरान बैंकों में लगे सीसीटीवी को देखा और संदिग्ध लोगों की जांच की।

पुलिस ने ग्राहकों को भी सचेत रहने तथा संदिग्ध लोगों के दिखने पर पुलिस को सूचना देने की अपील की। ग्राहकों को बताया कि किसी भी बैंक के कर्मचारियों द्वारा फोन पर कभी भी आपके खाता से संबंधित कोई भी व्यक्तिगत जानकारी नहीं मांगी जाती है। ऐसे में किसी भी अज्ञात व्यक्ति को अपने बैंक खाते की जानकारी न दें और न ही ओटीपी बताएं।

# चार लोगों को शांतिभंग में पाबंद किया गया

**श्रावस्ती।** पुलिस की ओर से जिले में शांतिभंग की कार्रवाई की जा रही है। बुधवार को पुलिस की ओर से शांतिभंग की आशंका वाले चार लोगों को पाबंद किया गया है। पाबंद किए गए लोगों को चेतावनी दी गई है कि अशांति फैलाने पर कड़ी धाराओं में मुकदमा दर्ज कर जेल भेज दिया जाएगा।

# पैदल गश्त कर सुरक्षा का कराया एहसास

**श्रावस्ती।** पुलिस की ओर से सभी थाना क्षेत्रों में पैदल गश्त कर सुरक्षा का एहसास कराया जा रहा है। बुधवार को सभी थाना क्षेत्रों में पुलिस ने पैदल गश्त किया। इस दौरान लोगों से मिल कर सुरक्षा का भरोसा दिया और किसी भी संदिग्ध व्यक्ति के मिलने पर पुलिस को सूचना देने की अपील की। इस दौरान आम लोगों से बातचीत भी की।

# नहीं दिखा सके कागजात, काटा गया चालान

श्रावस्ती। यातायात नियमों का पालन कराने को लेकर पुलिस की ओर से वाहन चेकिंग अभियान चलाया जा रहा है। अभियान के तहत एसपी के निर्देशन में विभिन्न थाना क्षेत्रों में पुलिस की ओर से वाहन चेकिंग अभियान चलाया गया। इस दौरान 15 वाहनों को यातायात नियमों का उल्लंघन करते हुए इसके अलावा कागजात भी नहीं दिखा पाएं गया। जिनका मोटर अधिनियम के तहत ई-चालान कर 16 हजार 500 रुपये का जुर्माना लगाया गया।

# धरती बचाने के लिए पर्यावरण संतुलन बेहद जरूरीः एसपी

**संवाद न्यूज एजेंसी**

**श्रावस्ती।** विश्व पर्यावरण दिवस पर बुधवार को जिले के पौधरोपण अभियान चलाया गया। इस मौके पर एसपी घनश्याम चौरसिया ने कार्यालय में शपथ ग्रहण तो पुलिस लाइन में पौधरोपण किया। वहीं शैक्षणिक, सामाजिक संस्थाओं में भी कार्यक्रम हुए।

पुलिस लाइन में आयोजित पौधरोपण कार्यक्रम में एसपी ने कहा कि धरती बचाए रखने के लिए पर्यावरण संतुलन बेहद जरूरी है। पौधरोपण ही इसका एक साधन है। इसलिए ज्यादा से ज्यादा पौधरोपण होना चाहिए। उन्होंने सभी पुलिस अधिकारियों कर्मचारियों को पौधे लगाने व धरती बचाने की शपथ दिलाई। कार्यक्रम के दौरान एएसपी प्रवीण कुमार यादव, प्रतिसार निरीक्षक अखिलेश कुमार सहित अन्य कर्मचारी मौजूद रहे।



**पुलिस लाइन परिसर में पौधरोपण करते एसपी।** स्रोतः पुलिस विभाग

**एनसीसी कैडेटों ने पर्यावरण मित्र बनने का लिया संकल्प : कटरा (श्रावस्ती)।** विश्व पर्यावरण दिवस पर जगतजीत इंटर कॉलेज इकौना में एनसीसी कैडेट्स की ओर से पौधरोपण कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस दौरान कैडेटों ने पर्यावरण मित्र बनने का संकल्प लिया। प्रधानाचार्य डॉ. भूद्धेश्वर पांडेय ने कहा कि वृक्ष धरती का गहना है, हरियाली पृथ्वी का शृंगार है। धरती की सुंदरता बनाए रखने के लिए उसे हरा-भरा रखने की जिम्मेदारी हमारी है।

इस मौके पर एएनओ लेफ्टिनेंट उदय भान पांडे, सीटीओ पूनम पांडे सहित काफी संख्या में एनसीसी कैडेट्स मौजूद रहे।

विश्व पर्यावरण दिवस पर बुधवार को नगर पंचायत कार्यालय परिसर में ईओ डॉ. अनीता शुक्ला व अध्यक्ष इरफान अहमद ने पौधरोपित किया। इसके बाद कार्यालय सभागार में एक गोष्ठी का आयोजन हुआ। जिसमें मौजूद लोगों को पौध रोपित कर उसके संरक्षण की शपथ दिलाई गई।

## हेल्पलाइन नंबरों का करें इस्तेमाल

**श्रावस्ती।** महिलाओं के प्रति होने वाली हिंसा से उन्हें जागरूक करने के लिए बुधवार को शक्ति मोबाइल टीम ने गोपालपुर, चंद्रावा, गिलौला बाजार, सिरसिया में अभियान चला कर चौपाल का आयोजन किया। इस दौरान महिलाओं व बालिकाओं को वीमेन पावर लाइन 1090 व उनके अधिकार के लिए बनाए गए कानून व नियमों की जानकारी दी गई। कहा कि जरूरत पर पड़ने पर हेल्पलाइन नंबर का इस्तेमाल करें। उन्हें साइबर अपराध के बारे में जानकारी देते हुए सुरक्षा एवं आत्मनिर्भरता के लिए बने कानून एवं नियमों की जानकारी दी गई। (संवाद)